आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 16 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 240, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में ओली की शपथ 14
विक्की-एमी के साथ तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री 13

## नीट-यूजी से संबंधित याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित की गई

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए की याचिका पर पक्षकारों को नोटिस, 18 को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। एनटीए के अधिवक्ता की नोटिस जारी करने की दलील पर पीठ ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया।

### 19 जुलाई को फिर होगा सीयूईटी-यूजी

**नई दिल्ली।** सीयूईटी-यूजी 2024 के नतीजों के इंतजार के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने उन छात्रों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है, जिन्होंने परीक्षा को लेकर शिकायतें दर्ज कराई थीं। जारी नोटिस में एनटीए की ओर से कहा गया है कि इन शिकायतों के आधार पर प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 19 जुलाई 2024 शुक्रवार को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड जल्द ही जारी किए जाएंगे।

## सब्जियों के दाम चढ़ने से थोक महंगाई डेढ़ साल में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

### जून में बढ़कर 16 महीने के उच्च स्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंची

- जून 2023 में शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी थोक महंगाई



खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि जून, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विनिर्मित वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि है। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। आलोच्य महीने में फलों की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत, अनाज 9.27 प्रतिशत और दूध की महंगाई दर 3.37 प्रतिशत रही।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जून, 2024 में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि व्यापक थी। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई, 2024 में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। नायर ने तेल की कीमतों के संबंध में कहा कि भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई, 2024 में अबतक काफी अस्थिर रही है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें चालू महीने में थोक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती हैं। ईंधन और बिजली की महंगाई दर 1.03 प्रतिशत रही।

### सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 145 .52 अंक की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 80,664 .86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 .2 अंक तक चढ़कर 80,862 .54 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84 .55 अंक की बढ़त के साथ 24,586 .70 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ।







## भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा एएसआई ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

### हिंदू पक्ष ने किया दावा- सर्वे में ऐसे कई साक्ष्य मिले जो साबित करते हैं यहां मंदिर था

इंदौर, एजेंसी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई होगी। एएसआई के अधिवक्ता हिमांशु जोशी ने 2,000 से अधिक पन्नों की रिपोर्ट उच्च न्यायालय के पंजीयक को सौंपी। चार जुलाई को उच्च न्यायालय ने एएसआई को आदेश दिया था कि वह विवादित 11वीं सदी के स्मारक के परिसर में लगभग तीन महीने तक किए सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 जुलाई तक पेश करे। इस स्मारक को लेकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विवाद है। इधर, हिंदू पक्ष के वकील की ओर से दावा किया गया कि सर्वे के दौरान कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो साबित करता है कि यहां मंदिर था।



- 2000 पेज की रिपोर्ट, 22 जुलाई को मामले में फिर से होगी सुनवाई

मध्य प्रदेश के धार जिले में बने भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है , जबकि मुस्लिम पक्ष 11 वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नामक संगठन की अर्जी पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को इस परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था जो हाल ही में खत्म हुआ।

भोजशाला को लेकर विवाद शुरू होने के बाद एएसआई ने सात अप्रैल 2003 को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के अनुसार पिछले 21 साल से चली आ रही व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है , जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने अपनी याचिका में इस व्यवस्था को चुनौती दी है।

अधिवक्ता हरि शंकर जैन कहते हैं कि पहली याचिका जो हिंदुओं की तरफ से मैंने दाखिल की थी, उसमें महत्वपूर्ण सफलता मिली है। ये बात रिपोर्ट में साबित हो गई, कोई इसे काट नहीं सकता कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। दावा किया कि 94 से ज्यादा टूटी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। वहां सारे खंभों पर वेद-शास्त्रों के चिन्ह मिले हैं, श्लोक लिखे मिलें हैं। पुरानी कलाकृतियां मिली हैं। बहुसंख्या में इतनी सामग्री है, कि कोई भी देखकर कह देगा कि यह भव्य पाठशाला और मंदिर था।

### हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : हिंदू पक्ष

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा है कि एएसआई की रिपोर्ट ने हमारे मामले को मजबूत किया है। हमने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के सामने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमारी याचिका पर हाईकोर्ट ने एएसआई को वैज्ञानिक सर्वे के निर्देश दिए थे। रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

### एक नजर

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी।

## टिहरी बांध की तर्ज पर उप्र में भी बनेगा पंप स्टोरेज प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

- मुख्यमंत्री का निर्देश, रिहंद बांध व ओबरा जलाशय क्षेत्र में करें संभावना का अध्ययन

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की टिहरी बांध बिजली परियोजना की तर्ज पर प्रदेश में भी पंप स्टोरेज प्लांट लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग के अधिकरियों को रिहंद बांध, ओबरा जलाशय व आस-पास के क्षेत्रों का अध्ययन कर प्लांट लगाने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा बिजलीघर लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किया जाय।

वर्तमान में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 तापीय परियोजनाएं चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20,062 मेगावाट की मांग थी, जो इस गर्मी में 30,618 मेगावाट तक पहुंच गई थी। आम लोगों की आवश्यकता को देखते हुए मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराया जाय।

### बकाया वसूली के नाम पर न हो उत्पीड़न

मुख्यमंत्री ने कहा कि मीटर जांच व उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के नाम पर उनका उत्पीड़न न किया जाय। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही बिल, समय पर बिल देना व उपभोक्ताओं से बिल वसूल करना है। यह सुनिश्चित किया जाय कि उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए वितरण निगम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा।

### नए कनेक्शन के शुल्क में एकरूपता लाएं



मुख्यमंत्री ने कहा कि नए बिजली कनेक्शन शुल्क तय करने को लेकर आमतौर पर लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें। अनावश्यक 'इंफ्रास्ट्रक्चर' चार्ज को कम किया जाय। आम लोगों की सुविधा और सहूलियत को प्राथमिकता दें। हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना जरूरी है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाय। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप सब स्टेशन बनाए जाएं।

### 5 माह में तैयार हो जाएगा 594 किमी मार्ग

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर दिसंबर से भरें फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण का कार्य तेज गति से जारी है। इसके मुख्य मार्ग का काम महाकुंभ 2025 को देखते हुए दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मेरठ के बिजौली से प्रयागराज के जूडापुर दांदू तक 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच की दूरी और सफर का समय घट जाएगा।

प्रदेश के 12 जिलों से गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे शुरुआत में 6 लेन का बनाया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 8 लेन का किया जाना है। 120 मीटर चौड़ाई वाले एक्सप्रेस-वे को 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार भरने की नजर से तैयार किया जा रहा है।

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह ड्रीम प्रोजेक्ट किसी एक राज्य में बनने वाला अबतक का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा। उप्र. में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में गंगा एक्सप्रेस-वे मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। लगभग 7453.15 हेक्टेयर भूमि पर बन रहा यह एक्सप्रेस-वे राज्य के 518 गांवों से भी गुजरेगा। एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है। गंगा एक्सप्रेस-वे को चार ग्रुपों में बनाया जा रहा है। इनमें मेरठ-बदायूं 129.70 किमी, बदायूं-हरदोई 151.70 किमी, हरदोई-उन्नाव 155.70 किमी और उन्नाव-प्रयागराज 156.85 किमी का निर्माण हो रहा है। मुख्य कैरिज वे को पूरा करने का लक्ष्य 31 दिसंबर है, जबकि अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए नवंबर 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेरठ-बदायूं के बीच गंगा नदी पर 960 मीटर और बदायूं-हरदोई के बीच रामगंगा पर 720 मीटर लंबा पुल भी निर्माणाधीन है।



- घटेगी पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच की दूरी और देरी

### 14 मुख्य ब्रिज, 7 आरोबी और 32 फ्लाईओवर होंगे

यह एक्सप्रेस-वे 14 मेजर ब्रिज, 7 आरओबी और 32 फ्लाईओवर से होकर गुजरेगा। इस पर शाहजहांपुर के जलालाबाद के पास साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी भी होगी, जिस पर किसी भी आपात स्थिति में बड़े बोइंग विमान उतर सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे पर मेरठ और प्रयागराज में दो मुख्य जबकि अन्य स्थानों पर 15 रैम्प टोल प्लाजा होंगे। इसपर 9 जन सुविधा परिसरों की भी स्थापना होगा।

## जेल में ही रहेंगे केजरीवाल, नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका सोमवार को 7 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की। हाईकोर्ट ने इससे पहले अधीनस्थ अदालत के 20 जून के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें केजरीवाल को मामले में जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा याचिका पर सुनवाई करने वाली हैं। उन्हें केजरीवाल के वकील ने सूचित किया कि ईडी ने रविवार देर रात अपने प्रत्युत्तर की प्रति सौंपी है और उन्हें जवाब दाखिल करने को कुछ समय चाहिए।

## फंदे पर मिले दंपती, भाई भाभी पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिल्सी क्षेत्र में दंपती के शव फंदे पर लटके मिले। महिला के मायके वालों ने संपत्ति के लिए युवक के बड़े भाई-भाभी पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

बिल्सी क्षेत्र के नगला तरऊ गांव के मनोज (22) पुत्र श्रीपाल सिंह की शादी दो साल पहले उझानी के गांव बरामय खेड़ा निवासी दिनेश की बेटी रंजना (20) से हुई थी। सोमवार सुबह दोनों के शव कमरे में फंदे पर लटके मिले। जानकारी पर सीओ बिल्सी सुशील कुमार ने मौका मुआयना किया। पिता दिनेश ने मनोज के बड़े भाई रूपेश और भाभी पर हत्याकर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि दो दिन पहले मनोज और बड़े भाई का जमीन को लेकर विवाद हुआ था। एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह भी गांव पहुंचे और जानकारी ली।



मनोज और रंजना

- मृतका के मायके वाले बोले जमीन को लेकर होता था विवाद

## पंचायतों के खाली पदों पर होंगे उप चुनाव

### अधिसूचना जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में पंचायतों की खाली पड़ी सीटों पर उप चुनाव कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव कार्यक्रम के तहत जिला व क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम पंचायतों में प्रधान व सदस्यों के चुनाव कराए जाएंगे। प्रधान व सदस्य के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। 23 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह मिलेंगे। 6 अगस्त को मतदान और 8 अगस्त को मतगणना होगी।

## दिल्ली पुलिस ने दाखिल किया पूरक आरोप पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

### संसद सुरक्षा चूक मामला

- सभी आरोपियों पर चलेगा यूएपीए के तहत मामला

दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में सोमवार को यहां एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। संसद की सुरक्षा में चूक की घटना पिछले साल 13 दिसंबर को, 2001 के आतंकी हमले की बरसी पर हुई थी। मामले के सभी आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने बहस के लिए दो अगस्त की तारीख तय की और सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी।

इससे पहले सात जून को पुलिस ने सभी छह गिरफ्तार आरोपियों -मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत के खिलाफ लगभग 1,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। संसद पर पिछले साल 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की घटना हुई थी, लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए थे।

## तौकीर की नई सियासत... 23 हिंदू युवाओं का कराएंगे सामूहिक निकाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### बोले- इस्लाम में हैं इन हिंदू युवाओं की आस्था, पहले से रह रहे हैं मुस्लिम लड़के-लड़कियों के साथ, निकाह कराने के लिए किया है आवेदन

**अमृत विचार :** अपनी सियासी पार्टी इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के बैनर तले मौलाना तौकीर रजा खां ने 23 हिंदू युवाओं का निकाह कराने का एलान किया है। उन्होंने आईएमसी की ओर से प्रशासन से इसके लिए बाकायदा अनुमति भी मांगी है। तौकीर रजा का कहना है कि इन हिंदू युवाओं की इस्लाम में आस्था है। उन्होंने धर्म परिवर्तन करने और उन मुस्लिम युवक-युवतियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजा है, जिनके साथ वे पहले से रह रहे हैं।

आईएमसी प्रमुख ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दो साल पहले दरगाह आला हजरत पर यह पाबंदी लगाई गई थी कि जो युवा किसी लालच में या इश्क के कारण इस्लाम कबूल करना चाहते हैं, उन्हें मुसलमान नहीं बनाया जाएगा, मगर पिछले कुछ दिनों से दबाव बहुत बढ़ गया है। उनके पास कई ऐसे हिंदू युवा आए हैं, जिनके दफ्तरों में साथ काम करने या दूसरे कारणों से संबंध हो गए हैं। इनमें से ज्यादातर धर्म परिवर्तन कर चुके हैं और तमाम युवा लिव इन रिलेशनशिप में हैं। मौलाना तौकीर ने कहा कि आईएमसी के पास इस वक्त आठ लड़के और 15 लड़कियों समेत 23 हिंदू युवाओं के आवेदन हैं जो इस्लाम कबूल करना चाहते हैं। एक मामला मध्य प्रदेश का है, बाकी बरेली और आसपास के जिलों के हैं। पहले चरण में पांच जोड़ों का सामूहिक निकाह खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को कराया जाएगा। मौलाना ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से अभी वह इन युवाओं का ब्योरा जारी नहीं कर रहे हैं। ऐसे युवक-युवती जो लिव इन में रहकर हराम काम कर रहे हैं, वह उन्हें इससे बचाना चाहते हैं।

### प्रशासन से मांगी है अनुमति, अभी नहीं मिला जवाब



मौलाना तौकीर ने बताया कि 11 जुलाई को आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर पहले चरण में 21 जुलाई को पांच हिंदू युवाओं का निकाह कराने की अनुमति मांगी है। पत्र में बताया गया है कि इन हिंदू युवक-युवतियों की इस्लाम में आस्था है और वे धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम लड़के और लड़कियों से शादी करना चाहते हैं। उन्हें किसी तरह का प्रलोभन नहीं दिया गया है, न कोई दबाव डाला गया है। मौलाना ने कहा प्रशासन से अभी कोई जवाब नहीं मिला है।

### 21 को पहले चरण में खलील स्कूल में पांच जोड़ों का निकाह

"आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने 21 जुलाई को सामूहिक निकाह के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया। मेरे स्तर से यह आवेदन जांच के लिए पुलिस को भेज दिया गया है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर आगे फैसला लिया जाएगा।
– **राजीव शुक्ला**, नगर मजिस्ट्रेट

### शहर इमाम बोले... सियासी मायनों का पता नहीं पर बिना जबर्दस्ती हो रहे हैं तो ये निकाह जायज

शाही जामा मस्जिद के शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने मौलाना तौकीर के एलान पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि आईएमसी के इस आयोजन के सियासी मायने क्या हैं, यह तो वह नहीं जानते। लेकिन यह सही है कि बिना निकाह के एक साथ रहना इस्लाम में पूरी तरह नाजायज और हराम काम है। उन्होंने कहा कि अगर बिना किसी जोर-जबर्दस्ती के सामूहिक निकाह कराया जा रहा है तो इस्लाम इसकी इजाजत देता है। शरई तौर पर इसमें कोई भी गलत बात नहीं है।

## एक नजर

### 6 को मतदान, 8 अगस्त को मतगणना

**शाहजहांपुर।** पंचायत उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गई। प्रशासन ने जिले में रिक्त पदों पर चुनाव कराने की तैयारियां शुरू कर दी है। नामांकन प्रक्रिया 18–20 जुलाई तक चलेगी। 6 अगस्त को मतदान व 8 को मतगणना संपन्न कराई जाएगी। जानकारी देते हुए एडीओ पंचायत ने बताया कि उपचुनाव में जिले में 1 जिला पंचायत सदस्य, 2 बीडीसी सदस्यों, 11 प्रधान व 84 ग्राम पंचायत मेंबर्स के पद पर उपचुनाव संपन्न कराया जाएगा

### देवरानी, जेठानी लापता

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के परिवार के साथ एक ही मकान में रहते हैं। बड़े भाई की पांच माह की एक बेटी है। जबकि उसके घर में कोई संतान नहीं है। रविवार रात को भोजन करने के बाद दोनों परिवार अपने कमरों में सोने चले गए थे। सोमवार सुबह दोनों भाई उठे तो देवरानी–जेठानी घर से गायब थी। बेटी बिस्तर पर अकेली लेटी रो रही थी। आसपड़ोस में तलाश कर रिश्तेदारों के पास जानकारी की। लेकिन कोई पता नहीं लगा। सोमवार शाम दोनों थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ सभासदों का प्रदर्शन, धरना दिया

## दस सूत्रीय बिंदुओं के साथ रखे गए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग, बोले- बाउचर सिस्टम हो खत्म, टेंडर के माध्यम से खरीदा जाए सामान

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर पालिका तमाम सभासद पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ नगर पालिका के मुख्य द्वार पर टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इस दौरान सभासदों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर दस सूत्रीय बिंदुओं को सामने रखते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की।

सभासदों की मांग है कि कांशीराम कॉलोनी और आसरा आवास में अवैध रूप से रह रहे लोगों से आवास खाली कराए जाएं और नियमानुसार जरूरतमंदों को आवंटित किए जाएं। राधा टाकीज के सामने किसके आदेश से खोखे रखे हैं और उसे कितना किराया वसूल किया जाता है। नगर पालिका में आउट सोर्सिंग कितने कर्मचारी हैं और वह किस-किस जगह पर तैनात हैं, उनका विवरण उपलब्ध कराया जाए।बाउचर के माध्यम से जो भी सामान व उपकरण खरीदे गए और मेंटीनेंट में कितना बजट खर्च किया गया, इसका विवरण उपलब्ध कराया जाए। स्टेशन रोड पर गोशाला के सामने टॉयलेट का ठेका किस प्रक्रिया के तहत दिया गया और कितने में दिया गया। इसके अलावा अन्य टॉयलेटों का ठेका क्यों नहीं दिया गया। सभासदों के साथ भेदभाव और राजनीति खत्म की जाए और सभी सभासदों के क्षेत्र में एक समान छह-छह कर्मचारी नियुक्त किए जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजन की लिस्ट को तुरंत लेखपाल के पास भेजा जाए ताकि जरूरतमंदों को आवास मिल सकें। नगर पालिका में डीजल घोटाला रोका जाए, डीजल पालिका की संपत्ति है, इसे प्राइवेट आवासों पर बिल्कुल न खर्च किया जाए। बाउचर सिस्टम को खत्म करके टेंडर के माध्यम से सामान खरीदा जाए। भ्रष्टाचार से संबंधित सूचना मांगने पर सभासद को तीन दिन में उपलब्ध कराई जाए। पालिका द्वारा बनवाई गई दुकानों को खुली नीलामी के तहत एलॉट किया जाए। इस दौरान अकरम पाला, सतेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, संदीप रस्तोगी, राखी गुप्ता, संगीता सिंह, शानू हुसैन, दिलीप कुमार सक्सेना, जबीदा, सत्येंद्र सिंह, अजमा शाहीन, आसिफ खान, संदीप रस्तोगी, अमित कुमार, राधा गुप्ता, सायरा बी, रेशनवती आदि सभासद मौजूद रहे। वहीं प्रदर्शन की जानकारी पर चेयरमैन हाजरा बेगम ने सभासदों को वार्ता के लिए ऑफिस बुलाया, लेकिन सभासद ऑफिस नहीं गए।


धरना स्थल पर सभासदों से वार्ता करतीं ईओ कल्पना शर्मा। ● अमृत विचार


नगर पालिका गेट पर धरने पर बैठे सभासद। ● अमृत विचार

### ईओ से सभासदों ने दो बार ठुकराई वार्ता

धरना प्रदर्शन कर रहे सभासदों से दोपहर दो बजे ईओ कल्पना शर्मा वार्ता करने के लिए पहुंची लेकिन सभासदों ने उनसे वार्ता करने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि चेयरमैन हाजरा बेगम धरना स्थल आए और जमीन में बैठकर वार्ता करके मांगों के समाधान की बात कहें, तभी धरना समाप्त होगा। शाम पांच बजे एक बार फिर ईओ ने सभासदों से वार्ता कर धरना समाप्त करने का प्रयास किया लेकिन सभासदों ने वार्ता से इंकार कर दिया।

सभासदों से वार्ता करके उनकी मांगों को ध्यान में रखकर जांचोपरांत कार्रवाई की बात कही गई लेकिन सभासद मानने को तैयार ही नहीं हैं, सभासद कर्मचारियों को लेकर जो आरोप लगा रहे हैं, वह निराधार है और सभी लोग काम कर रहे हैं।
**– कल्पना शर्मा**, ईओ

### नाला सफाई टेंडर में गोलमाल का आरोप

सभासद सत्येंद्र सिंह ने कहा कि नालों की सफाई के नाम पर 22 लाख रुपये का टेंडर स्वीकृत किया गया लेकिन नालों की तली झाड़ सफाई के नाम पर केवल खाना पूरी की गई। वहीं सभासदों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग के नाम पर अभिलेखों में 252 कर्मचारी दर्शाते हुए एक प्राइवेट फर्म को प्रतिमाह 32 लाख रुपए का भुगतान किया जा रहा है। जबकि धरातल पर आधे कर्मचारी भी मौजूद नहीं है। पालिका बोर्ड की बैठक में आवास खाली कराए जाने का प्रस्ताव पारित होने के चार माह बाद भी अब तक नगर पालिका प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया।



# बीएसए दफ्तर में दहाड़े शिक्षक, ऑनलाइन हाजिरी के एवज में मांगे तमाम अवकाश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा से संचालित परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध और मूलभूत समस्याओं के लिए सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए दिव्या गुप्ता को दिया गया। मांगे पूरी नहीं होने पर 23 जुलाई को धरना प्रदर्शन करने का ऐलान भी किया गया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक विद्यालय समय के बाद खिरनीबाग जीआईसी मैदान में एकत्र हुए। यहां से सभी जोरदार नारेबाजी करते हुए बीएसए कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए बीएसए को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है बेसिक शिक्षा परिषद का शिक्षक सुदूर स्थानों पर विद्यालयों में सेवा प्रदान कर रहा है। शिक्षक ऐसे स्थानों पर कार्य कर रहे हैं, जहां आवागमन के लिए सड़कें नहीं है, यदि कहीं सड़क उपलब्ध है, तो सार्वजनिक वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। शिक्षक अपने निजी वाहन तथा पैदल स्कूलों में जाते हैं। ऐसे में कभी-कभी विद्यालय में देरी से पहुंचने की संभावना बनी रहती है। शिक्षक के साथ मानवीय दृष्टिकोण न रखकर शिक्षको को रोबोट की तरह मानकर नियम लागू करना न्यायोचित नहीं है।

मांग की गई है कि बेसिक शिक्षकों को भी अधिकारियों और कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्द्ध-आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका का डिजिटाइजेशन किए जाने में आ रही कठिनाइयों का संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निराकरण किया जाए। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक सभी शिक्षक उपस्थिति पंजिका के डिजिटाइजेशन किए जाने पर असहमति व्यक्त करते हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा का अव्यवहारिक आदेश निरस्त किया जाए।

**प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में यह रहे शामिल :** प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने वालों में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी, जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनीस अहमद, जिला महामंत्री संदीप कुमार मिश्रा, कौमी उर्दू शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नफीस खां, आदर्श शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष रवि वर्मा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, उर्दू शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष परवेज आलम, रविंद्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, नितिन मिश्र, गीता शुक्ला, वबिता श्रीवास्तव, सुनीता वाजपेयी, रुचि गुप्ता, गुलशन जहां अंसारी, सीमा सिंह, विनीता चौरसिया, शैली, विनोद सिंह, यशपाल यादव, सरताज अली, अश्विनी अवस्थी, राजीव यादव, शिवकिशोर मिश्र, अवनीश यादव, अरविंद त्रिपाठी, अभिषेक दीक्षित, सचिन अवस्थी, विजय प्रताप सिंह, विकास मिश्रा, आलोक अवस्थी, आनंद गंगवार, आदेश सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नवेंदु मिश्र, अरविंद गौतम, संजय भारती, प्रशांत आहूजा, दिनेश आनंद, हिमांशु भदौरिया, धीरेन्द्र सक्सेना, अभिनय मिश्रा, उमेश सक्सेना, विजयकांत, राकेश रोशन सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल रहे।



बीएसए को ज्ञापन देने जाते परिषदीय शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र और अनुदेशक। ● अमृत विचार


बीएसए दिव्या गुप्ता को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा और मंत्री देवेश वाजपेयी व अन्य। ● अमृत विचार

### 215 संकुल पदों से शिक्षकों ने दिया त्यागपत्र

शिक्षक संगठनों के आह्वान पर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताते हुए न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल के रूप में नियुक्त शिक्षकों ने भी असहयोग करते हुए इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि सोमवार को छह विकास खंडों के 215 शिक्षकों ने संकुल पद से इस्तीफा दे दिया। शिक्षक संगठनों की मांग है कि पहले मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जाए, फिर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इसी तरह शिक्षक अपने निजी मोबाइल नंबर से सभी विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप भी छोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड भावलखेड़ा में 43 शिक्षक संकुल, विकास खंड जैतीपुर के 35, कांट 31, निगोही के 40, बंडा में 38 और ददरौल में 28 शिक्षक संकुल ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारियों को दे दिए हैं।

### इधर उधर के कामों से प्रभावित होता है शिक्षण कार्य



**मिर्जापुर।** सोमवार को मिर्जापुर क्षेत्र के समस्त संकुल शिक्षकों ने सामूहिक त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार को दिया। सामूहिक त्यागपत्र में कहा गया है कि संकुल शिक्षकों को विद्यालय में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कामों में डयूटी पर लगाए जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिससे शिक्षक शिक्षण संबंधी कार्यों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि शिक्षक संकुल पद पर चयन दो वर्ष के लिए होता है, जबकि मिर्जापुर ब्लॉक में दो वर्ष पूरा होने के बाद नई प्रक्रिया अभी तक शुरू नही की गई है। इस दौरान आदित्य पाठक, संदीप मिश्रा, आलोक अवस्थी, दीपक कुमार, मुख्तयार अहमद, राजवीर, चंद्रभान सिंह, मधुरानी आदि संकुल शिक्षक मौजूद रहे।


भावलखेड़ा के बीईओ विपिन कुमार मिश्रा को संकुल पद से त्यागपत्र देते शिक्षक। ● अमृत विचार


निगोही में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज को सामूहिक त्यागपत्र सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

### निगोही में भी शिक्षक संकुल पद से दिया त्यागपत्र

**निगोही।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में निगोही क्षेत्र के संकुल शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज को त्यागपत्र सौंपे। शिक्षक संकुल अमित गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी की बाध्यता तो की गई है परंतु ये नहीं बताया गया कि यदि किसी शिक्षक को इमरजेंसी में किसी कारणवश विद्यालय से अचानक जाना पड़े तो वो क्या करेगा। उसको अनुपस्थित मानकर उस पर कार्यवाही कर दी जाएगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जायज मांगे पूरी कर दी जाएं, शिक्षक हर तरह की हाजिरी के लिए तैयार है। त्यागपत्र देने वालों में आजम खान, सुमित कुमार, बृजेश कुमार, अवनीश पाल, राजेंद्र वर्मा, अभिषेक, मतीन अली, खुशीराम, पारस वर्मा, अनमोल वर्मा समेत विकास क्षेत्र के सभी शिक्षक संकुल शामिल रहे।

# तबादला नीति के विरोध में उतरे संविदा विद्युत कर्मी

- बैठक कर विभाग के अधिकारियों को धरना-प्रदर्शन कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी
- तीन वर्ष की कार्य अवधि के बाद दूसरे उपकेंद्र पर स्थानांतरण नहीं उतर रहा गले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को 33/11 केवी निगोही रोड उपकेंद्र पर संविदा कर्मचारी के हित में बैठक बुलाई गई। जिसमें अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों की तबादला नीति का विरोध किया गया।

संगठन के मध्यांचल अध्यक्ष अशोक कुमार पाल ने कहा कि अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारी का तबादला करना उचित नहीं है इसलिए सभी साथी पावर कारपोरेशन के आदेश का विरोध करते है और अगर भविष्य में विभाग के अधिकारियों द्वारा संविदा कर्मचारी का तबादला करने की स्थिति बनाई जाएगी तो संगठन आगे की कार्रवाई करते हुए धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों की होगी। बैठक में ऋषि श्रीवास्तव, मोहम्मद रफी, सुशील कुमार, युसूफ खान, दीपक श्रीवास्तव, मनीष पाल, दीपक शर्मा, आकिब, हारून, अशोक सक्सेना, मुनेंद्र, मनीष, खूबचंद आदि मौजूद रहे।

### यह है आदेश

विद्युत विभाग उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने प्रदेश के सभी अधीक्षण अभियंताओं को आदेशित किया है कि विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी को तीन वर्ष से अधिक एक ही उपकेंद्र पर न रखा जाए और उनके गृह स्थल के उपकेंद्र पर तैनाती न की जाए, कोई भी संविदा कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक एक ही उपकेंद्र पर कार्य नहीं करेगा। उनका एक उपकेंद्र से दूसरे उपकेंद्र पर तबादला किया जाए।

### सीएचसी अधीक्षक ने किया पौधरोपण

**पुवायां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉ. नरेंद्र पाल ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ. नरेंद्र पाल ने कहा कि अपने घरों के आसपास औषधीय एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी पौधों को लगाने से आसपास का पर्यावरण स्वच्छ रहता है, जिससे बीमारियां कम होती है। अधीक्षक के साथ डॉ. रामकुमार वर्मा, डॉ. एमके सिंह, चीफ फार्मासिस्ट कमलेश कुमार, फार्मासिस्ट नजमा, धर्मेंद्र कुमार, ओटी टेक्नीशियन शिवम सिंह, स्टाफ नर्स दीक्षा, विजय कुमार, आदित्य कुमार, विक्रांत मौर्य आदि ने भी पौधे लगाए।

# जैतीपुर में लामबंद हुए शिक्षक, जताया कड़ा आक्रोश

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार :** शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह को शिक्षक संकुल पद से सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया। त्यागपत्र में कहा गया है कि ब्लॉक के शिक्षक संकुलों को शासनादेश में दिए गए नियमों से हटकर शिक्षक संकुल बनाया गया है।

शासनादेश में शिक्षक संकुल का अधिकतम कार्यकाल दो वर्ष का होता है परंतु चार वर्ष के बाद भी उनको अभी तक इस पद से मुक्त नहीं किया जा रहा है। जबरदस्ती उनका शोषण किया जा रहा है। हम लोग ऑनलाइन उपस्थिति के समर्थन में है परंतु उससे पहले हमारी कुछ व्यवहारिक मांगे हैं जिन्हे सरकार से पूरा करने की हम मांग करते हैं। त्यागपत्र देने वालों में भुवनेश गुप्ता, सुखदेव पाठक , सुरजीत सक्सेना, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अभिषेक सिंह, आशीष गंगवार, गौरव चौधरी, राकेश कुमार आदि शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।



जैतीपुर में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह को सामूहिक इस्तीफा देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### रेड क्रॉस की वार्षिक बैठक में प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. जौहरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लखनऊ राजभवन में महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक साधारण सभा मंगलवार को होगी। जिसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशक समाज कल्याण, प्रबंध निदेशक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सदस्य सचिव राज्य रक्त संचरण परिषद आदि प्रशासनिक अधिकारी भाग लेंगे। जिसमें जनपद शाहजहांपुर से रेड क्रॉस के प्रदेश प्रबंधन समिति के सदस्य व जिला अशासकीय सचिव डॉ. विजय जौहरी, आजीवन सदस्य आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रबंधन समिति के सदस्य अनुज जौहरी भाग लेकर जनपद में आई बाढ़ के लिए आपदा प्रबंधन राहत सामग्री के लिए अपनी मांग रखी है।












**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| 33.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.8 |



अजीजगंज-ककराकलां पुल से आधा मीटर उतर गया पानी। ● अमृत विचार



गांव में झोपड़ीनुमा कच्चा मकान था, जो बाढ़ में तहस-नहस हो गया। घर में रखा खाने-पीने का सामान, गेहूं, कपड़े, बिस्तर आदि भी नहीं बचा सके। सब कुछ बर्बाद हो गया। ऐसी आपदा के बारे में तो कभी सोचा भी नहीं था।- सरबती, उमरगंज



घर में 12-13 क्विंटल गेहूं भरा रखा था, जो भीग कर खराब हो गया। साथ ही घरेलू सामान, बिस्तर आदि भी भीगकर कीचड़ में खराब हो गया। मकान की एक दीवार भी दरक गई। चारों ओर कीचड़ ही दिखाई दे रहा है। - अजीत वर्मा, उमरगंज



गांव के बाहर रोजी-रोटी चलाने के लिए वर्कशाप खोल लिया था, जिसका जीना बैठ गया। कमरे का फर्श भी बैठ गया। बाढ़ ने बहुत नुकसान कर दिया है। अब परिवार के भरण पोषण के साथ मरम्मत के लिए भी चिंता सताने लगी है। - धर्मपाल, उमरगंज



बाढ़ में धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। मकान में पानी अभी भी भरा है, जिससे वहां बैठना भी मुश्किल हो रहा है। मकान की दीवार दरक गई है, जो कभी भी गिर सकती है। घर में भरा गल्ला भी भीगकर खराब हो गया है। **- राजेंद्र**, उमरगंज



बाढ़ की तबाही से जल्द निजात मिलने वाली नहीं दिख रही। पांच-छह बीघा खेत में भिंडी, तोरई आदि सब्जी की फसल तैयार थी, जो पूरी तरह नष्ट हो गई। घर में रखा कई क्विंटल गेहूं भी भीग गया। बाढ़ में पूरे गांव में सीने से ऊपर तक पानी था। - रामशंकर, शाहबेगपुर



बाढ़ से पूरे गांव का बहुत नुकसान हुआ है। गन्ना, धान की फसल बर्बाद हो गई है। खेतों में धान की पौध डूबी खड़ी है। मुख्य मार्ग पर बिजली के खंभे टूटे पड़े हैं, जिससे बिजली काट दी गई है। पशुओं के लिए कमरे में भरा भूसा भी भीग चुका है।- महावीर, पूर्व प्रधान शाहबेगपुर



पानी से सब कुछ बर्बाद कर दिया। बाढ़ के कारण सड़क किनारे पशुओं को सुरक्षित निकाला है। बच्चों के साथ यही डेरा डाले हैं। घर में जो कुछ गल्ला, कपड़े थे, वह सब नष्ट हो गए। खेत में खड़ी फसल भी डूब कर बर्बाद हो चुकी है। - रामसरन, शाहबेगपुर

# बाढ़ ने घरों में घुसकर निगले ग्रामीणों के 'निवाले'

## घरों में साल भर के लिए सुरक्षित रखा गया अनाज पानी में भीगकर हो गया खराब

- पशुओं का भूसा-चारा भी बर्बाद, बिस्तर-कपड़ों को भी हुआ नुकसान
- अजीजगंज-उबरिया मोड़ बाईपास किनारे बसे गांवों का हाल बेहाल

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** गर्रा नदी में आई बाढ़ से ग्रामीण इलाकों में हुई बर्बादी धीरे-धीरे सामने आने लगी है। हालात यहां तक खराब हो चुके हैं कि बाढ़ ने घरों में घुसकर ग्रामीणों के निवाले निगल लिए हैं। पशुओं के लिए भरा गया भूसा भीग चुका है। गन्ना, धान समेत सब्जियों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। लोगों के मकान दरक गए हैं। सड़कें कट चुकी हैं। बिजली के खंभे गिर जाने से पिछले पांच दिन से बाढ़ प्रभावित गांवों की बत्ती गुल है। पशुओं के लिए चारे का भी संकट खड़ा हो गया है।

गर्रा नदी के आसपास के गांवों में बाढ़ ने जमकर तांडव किया है। गांवों में कहीं कमर तक, तो कही इससे ऊपर गले तक या फिर डूबने तक पानी भर गया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे जान जोखिम में डालकर पशुओं को बचाया और स्वयं ऊंचे स्थानों और घरों की छत पर शरण लेकर दिन काटे। घर का सामान डूबने से सुबह-शाम भोजन तक के लाले पड़ गए। यह तो मात्र चंद दिनों का ही संकट था, जो रात-दिन इस प्राकृतिक आपदा से निपटने की प्रार्थना से काट दिया गया। अब समस्या खड़ी हुई है भविष्य में परिवार को कैसे पाला जाए। घरों में साल भर के लिए गेहूं, चावल, दालों आदि का जुटाया गया स्टॉक जल भराव से बिल्कुल भीग गया। काफी अन्न बर्बाद हो गया है। बिस्तर भीग चुके हैं। किसी के मकान की दीवार दरक चुकी है, तो किसी के जीने की सीढ़ियां दरक गईं। बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को अपनी जान बचाने के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखने की चिंता सता रही थी। पशुओं को भी ऊंचे स्थानों और सड़क पर पहुंचाया गया, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। अजीजगंज-नगरिया मोड़ बाईपास मार्ग किनारे बसे गांव उमरगंज, शाहबेगपुर, राईखेड़ा आदि गांवों के लोगों ने बाढ़ की पीड़ा बयां की। बाढ़ से मिला बर्बादी का दर्द उनके चेहरों पर साफ झलक रहा था। लोगों का कहना है कि इस तरह की बाढ़ कभी नहीं देखी, जिससे संभलने का मौका ही नहीं दिया और देखते ही देखते पूरे के पूरे गांव पानी में डूब गए। घरों में खाने को कुछ भी नहीं बचा। पशुओं के लिए कमरों में भरा गया भूसा भी पानी में बर्बाद हो गया, जो अब खराब होना शुरू हो गया है।



शाहबेगपुर के पास बाईपास मार्ग पर जमीन पर पड़ा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार



उमरगंज-शाहबेगपुर गांवों में बाढ़ के पानी में जलमग्न धान की फसल। ● अमृत विचार



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अजीजगंज का उखड़ा संपर्क मार्ग। ● अमृत विचार

### धान-गन्ना के साथ सब्जियों की फसलें भी हुईं जलमग्न

**शाहजहांपुर।** गर्रा किनारे बसे उमरगंज, शाहबेगपुर आदि गांवों में खड़ी धान, गन्ना, सब्जी की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं। इनके बचने की उम्मीद बहुत कम बताई जा रही है। बुजुर्ग ग्रामीण बताते हैं कि धान और गन्ने की फसल समय पर बरसात हो जाने से बहुत अच्छी चल रही थी, लेकिन बाढ़ ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। दूर-दूर तक देखने पर साफ पता चल रहा है कि फसलें जलमग्न हैं। गन्ना आधे से अधिक डूब जाने से सूख रहा है। धान के किल्ले तक पानी में दिखाई नहीं दे रहे, जिस कारण उसके सड़ने की संभावना अधिक बनी हुई है। कुछ खेतों में धान के किल्ले पानी के ऊपर थोड़े-थोड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनके पेड़ गिर चुके हैं। इतना ही नहीं तमाम स्थानों पर धान की बेढ़ भी पानी भर जाने से तहस-नहस हो चुकी है। गांव के रास्तों में इधर-उधर खड़ी भिंडी, तोरई, लौकी आदि की फसल भी सूख चुकी है। इन फसलों के दोबारा तैयार होने का कोई चांस नहीं दिख रहा है। ग्रामीण इस बात को लेकर भी खासे परेशान हैं। अभी इस एरिया में दूर-दूर तक पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।



बाढ़ से खराब हुई भिंडी की फसल। ● अमृत विचार



बाढ़ से बचाने को सड़क पर बंधे पशु। ● अमृत विचार

### पानी में उखड़ गए बिजली के खंभे, कई गांवों की बत्ती पांच-छह दिनों से गुल

**शाहजहांपुर।** अजीजगंज-उबरिया मोड़ बाईपास मार्ग स्थित शाहबेगपुर के समीप बिजली के दो-तीन खंभे बाढ़ में उखड़ गए, जो 11 हजार और 33 हजार केवी के बताए जा रहे हैं। बिजली के खंभे उखड़ जाने से आसपास के गांवों की बिजली काट दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच-छह दिनों से बिजली नहीं आने से त्राहि-त्राहि मची हुई है। शाम होते ही गांवों में सन्नाटा पसर जाता है। बाढ़ के कारण गांवों के सभी रास्ते क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बिजली नहीं आने से चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा फैल जाता है और सांय-सांय होने लगती है। लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते हैं। इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के जीना और भी दुश्वार हो गया है। वहीं, सड़क पर उखड़े पड़े बिजली के खंभे दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण दे रहे हैं। एक खंभा तो सड़क पार करता हुआ जमीन पर पड़ा है, तो दूसरा खंभा सड़क साइड में झुका खड़ा है, जिस कारण इधर से भारी वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। छोटे चौपहिया वाहन जैसे-तैसे निकाले जा रहे हैं। इसी मार्ग पर नवनिर्मित राजकीय कन्या इंटर कालेज का रास्ता भी ईंटे उखड़ जाने से खराब हो गया है।

### गंगा, रामगंगा व खन्नौत का जलस्तर दूसरे दिन भी घटा

**शाहजहांपुर।** अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष की सोमवार को आई रिपोर्ट के अनुसार गर्रा नदी का जलस्तर अजीजगंज पुल व खन्नौत नदी का जलस्तर लोदीपुर पुल पर घटा है। गंगा नदी का जलस्तर कछला घाट 0.080 सेंटीमीटर घटा है। गंगा नदी का जलस्तर भैंसार ढ़ाईघाट तटबंध पर स्थिर बना हुआ है। रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर 0.060 बढ़ा है। रामगंगा नदी डबरी घाट का जलस्तर 0.36 घटा है। जबकि गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर 0.600 घटा है, खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर 0.500 सेंटीमीटर घटा है। नरौरा बैराज से गंगा नदी में 25060 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दियूनी बैराज से 2718 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा नदी में विभिन्न बांधों से 8129 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाढ़ कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी नेहा वर्मा ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष शारदा नहर खंड नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है।

### एडीएम बने बाढ़ के नोडल अधिकारी

**शाहजहांपुर।** डीएम ने बाढ़ से निपटने के लिए एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय को नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने बताया कि जिले में आई भीषण बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए संचालित बचाव-राहत कार्य के प्रबंधन के लिए कॉरपोरेट संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और दानदाताओं से समन्वय स्थापित कर सहयोग हासिल करने के लिए एडीएम प्रशासन को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। यह आदेश तुरंत लागू किया गया है।

## जिला अस्पताल, बरेली मोड़, केरुगंज अजीजगंज में चला सफाई अभियान



केरुगंज में सफाई कार्य करते नगर निगम के सफाई कर्मचारी।

- नगर आयुक्त ने दिए नाले-नालियों का मलबा तत्काल हटाए जाने के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने विशेष सफाई अभियान संचालित किए जाने के निर्देश समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को दिए, जिसके अनुपालन में सोमवार को सफाई अभियान चलाया गया।

महानगर क्षेत्र के जिला अस्पताल में मरीजों व उनके तीमारदारों तथा अन्य क्षेत्रों में लोगो के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिला अस्पताल, बरेली मोड़, केरुगंज अजीजगंज, दीवान जोगराज, दलेलगंज, रेती आदि क्षेत्रों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। महानगर क्षेत्र में स्थित जिला अस्पताल में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सागर की उपस्थिति में कराए जा रहे सफाई अभियान का निरीक्षण नगर आयुक्त ने किया। निरीक्षण के समय जिला अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति को देखा तथा सफाई कार्य को बेहतर ढंग से व उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर निगम के संसाधनों ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी व स्वच्छता कर्मियों द्वारा मलबा आदि को भी तत्काल साफ कराए जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन के कार्य को वृहद स्तर पर कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय सहायक अभियंता जलकल प्रेम चंद्र आर्य व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों का जाना हाल

- गुरुनानक स्कूल में बने राहत शिविर में पहुंच कर लोगों से लिया फीडबैक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जिले में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने गर्रा फाटक स्थित मोक्षधाम, अजीजगंज ककरा पुल, राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित बरेली मोड़ से हरदोई बाईपास तक बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। गुरुनानक स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में पहुंच कर शिविर में मौजूद लोगों को राहत सामग्री और खाद्य पदार्थ वितरित किए। डीएम ने कहा कि दोनों नदियों गर्रा- खन्नौत के जलस्तर में लगातार गिरावट हो रही है। जनपद में स्थिति सामान्य है और मुख्य मार्गों पर आवागमन भी सुचारू रूप से चल रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ के दौरान हुए जलभराव से पूरे परिसर में कचरा और कीचड़ जम चुका है। इस दौरान डीएम को पानी निकलने के बाद जमा कचरे और कीचड़ को साफ करने के लिए सफाई टीमें कार्यरत मिलीं। डीएम ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को जल्द से जल्द परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर मेडिकल सेवाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज राजेश कुमार, महापौर अर्चना वर्मा आदि मौजूद रहे।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज में आज से मरीजों के लिए खुलेगी ओपीडी



ओपीडी में साफ-सफाई के बाद बैठने लायक बनाया जा रहा परिसर। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी ओपीडी तथा वार्डों से निकल गया है। कर्मचारियों ने ओपीडी में कीचड़ आदि निकालकर फर्श की धुलाई कर दी। अस्पताल में ओपीडी मंगलवार से अपने समय से चालू हो जाएगी। दवा स्टोर में स्थित दवाइयों को दूसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया। इधर वार्डों व ट्रामा सेंटर में कीचड़ भरी होने के कारण मरीज अभी भर्ती नहीं किए जाएंगे।

शहर के मोहल्ला अजीजगंज में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर, ओपीडी, वार्डों व आवासीय कॉलोनी में बाढ़ का पानी भर गया था। जिसके चलते मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। डॉक्टर व स्टाफ ने सरकारी आवास खाली कर दिए थे। ओपीडी बंद हो जाने से भावलखेड़ा सीएचसी पर ओपीडी चालू करके मरीज देखे जा रहे थे। रविवार को मेडिकल कॉलेज के वार्डों व ओपीडी में पानी बाढ़ का पानी निकल गया था लेकिन कीचड़ बहुत थी। डीएम ने प्राचार्य को निर्देश दिए थे कि पहले ओपीडी चालू कराई जाए। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने दो दिन तक अपनी देखरेख में ओपीडी में कर्मचारियों से कीचड़ निकलवाने के बाद पानी के प्रेशर से धुलाई करायी। लेवर रूम पहली मंजिल पर था। लेबर को 100 बेड वाले अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। ट्रामा सेंटर तथा वार्डों को चालू करने में अभी कुछ दिन लगेंगे। कालेज के प्राचार्य डा राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार से ओपीडी चालू हो जाएगी। ओपीडी में डॉक्टर अपने कक्ष में मरीजों को देखेंगे और काउंटर से दवा का वितरण किया जाएगा। काउंटर पर पर्चा भी बनेगा।

### भावलखेड़ा में बनाई गई ओपीडी में देखे गए मरीज

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी भर जाने से ओपीडी तथा ट्रामा सेंटर में सेवाएं बंद कर दी गई थी। भावलखेड़ा पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी खोली गई थी और गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। सोमवार की सुबह आठ बजे मेडिकल कालेज के डॉक्टर एमएल अग्रवाल, डॉ. वासू श्रीवास्तव, डॉ. दीपक सीएचसी पर पहुंचे। डॉक्टरों ने करीब तीन दर्जन मरीजों को देखा और दवाएं उपलब्ध कराई।

### पानी खत्म अब निकल रहे सांप

मेडिकल कॉलेज व सरकारी आवास में बाढ़ का पानी खत्म हो गया है। कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर में कई जगह सांप देखे। कुछ लोगों के घरों में सांप निकले। ट्रामा सेंटर में कर्मचारी सफाई कर रहे थे तो फ्रिज के पीछे सांप बैठा हुआ था। कर्मचारियों ने उसे किसी तरह ट्रामा सेंटर से बाहर कर नाले की तरफ कर दिया।

### डीएम से लाइट न आने की शिकायत की

सरकारी आवासों में लाइट न होने से काफी दिक्कत हो रही है। रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है। इधर रविवार की शाम से जनरेटर चालू हो पाया क्योंकि जनरेटर कक्ष में भी पानी भर गया था। डीएम सोमवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो स्टाफ ने उन्हें बताया कि तीन दिन से लाइट नहीं आ रही है और न ही पानी मिल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्युत अधीक्षण अभियंता से बात करके आज शाम तक लाइट चालू कराने का प्रयास करुंगा।

**अब तक का हाल**

**प्रशासन ने जारी किए आंकड़े, 40 लोग अब भी बाढ़ शरणालय में**

# सदर तहसील में 27 हजार 500 लोग हुए बाढ़ से प्रभावित

- जिले में खतरे के निशान से नीचे बह रही सभी नदियां

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** प्रशासन ने बाढ़ से संबंधित आंकड़े जारी किए हैं। जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि तहसील सदर में गर्रा एवं खन्नौत के किनारे स्थित कुछ मकानों में बाढ़ का पानी भरा है। लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। जहां बिस्तर, भोजन, पानी व दवा आदि वितरित की जा रही है।

वर्तमान में तहसील के 33 गांव व मोहल्ले प्रभावित हैं। 10 गांवों में आबादी प्रभावित है। 13 गांव/मोहल्ला में कृषि प्रभावित है और 10 गांव में आबादी व कृषि दोनों प्रभावित हैं। 20 गांवों में राहत कार्य चलाया जा रहा है। लगभग 27500 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 11 गांव व मोहल्लों के लोग शरणालय में हैं। वर्तमान में 40 लोग बाढ़ शरणालय में शरण लिए हैं। सोमवार को किसी को रेस्क्यू नहीं किया गया। तहसील में 10 बाढ़ शरणालय संचालित हैं। अब तक 3755 सरकारी व 8500 स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से सूखी खाद्य सामग्री, 21420 सरकारी व 8400 स्वयंसेवी संस्थाओं ने भोजन का वितरण किया। तहसील में 10 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। जिला प्रशासन की ओर से 16 नावें, बचाव कार्य में लगी हैं। इसके अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम खोज व बचाव का कार्य कर रही है। जिनके पास 09 मोटर बोट व अन्य बचाव उपकरण हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने 10 मेडिकल टीम का गठन कर अब तक लगभग 1696 मरीजों का उपचार किया है। इसके अलावा 1700 ओआरएस पैकेट, 3700 क्लोरीन टेबलेट का वितरण भी प्रभावितों को किया गया है। पशुपालन विभाग की ओर से नौ पशु शरणालय बनाए गए हैं, जिसमें अब तक 443 पशुओं का उपचार करते हुए 5055 पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

इसी तरह तिलहर तहसील में रामगंगा, बहगुल, गर्रा व कठिना नदी है। वर्तमान में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से कम है। लोहरगढी संपर्क मार्ग से कट गया है। अब तक लगभग 3950 लंच पैकेट, 3950 पानी पैकेट आदि सामग्री का वितरण किया गया है। 25 बाढ़ चौकियां बनाई गयी है। 05 नावें बचाव कार्य में हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 मेडिकल टीम का गठन कर अब तक लगभग 847 मरीजों को उपचार दिया गया 9635 ओआरएस पैकेट, 7877 क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 06 पशु शरणालय बनाये गये हैं, जिसमें अब तक 388 पशुओं का उपचार करते हुए 3701 पशुओं का टीकाकरण किया गया है। नाव व बचाव संबंधी उपकरण उपलब्ध हैं। वर्तमान में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नही है।

जलालाबाद के अंतर्गत रामगंगा व बहगुल नदी है। वर्तमान में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से कम है। 19 गांव में जलभराव से कृषि प्रभावित है, आबादी प्रभावित नहीं है। कलान के अंतर्गत गंगा व रामगंगा नदी हैं और खतरे के निशान के नीचे हैं। पुवायां तहसील में भी नदियां खतरे के निशान के नीचे बह रही हैं।

# उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल बिजली कटौती ढा रही सितम

## पंद्रह से बीस मिनट तो कभी एक घंटे तक हो रही कटौती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बारिश और फिर तेज धूप ने उमस भरी गर्मी से लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या भी सितम ढा रही है। कभी पंद्रह से बीस मिनट तो कभी एक-घंटे की कटौती ने लोगों को परेशान कर रखा है।

उमस भरी गर्मी में बिजली की लोगों की सबसे अधिक जरूरत है और बिजली विभाग उपभोक्ताओं की यही जरूरत पूरी नहीं कर पा रहा है। सोमवार सुबह करीब नौ बजे बिजली गुल हो गई इससे लोग परेशान हो उठे। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही थी जिन्हें 10 बजे ऑफिस पहुंचना था। हालांकि पौने दस बिजली आ गई, तब नहाधोकर लोग जल्दी-जल्दी ऑफिस के लिए रवाना हुए। इसी तरह गदियाना मोहल्ले में रात में करीब एक बजे जब लोग गहरी नींद में थे, तभी बिजली गुल हो गई। लोग गर्मी में परेशान हो उठे। खासकर बच्चे सबसे अधिक परेशान हो रहे थे। कुछ लोग राहत पाने के लिए छत पर पहुंच गए तो कुछ लोग कमरे से बाहर निकलकर दरवाजे के पास खड़े हो गए। हालांकि आधा घंटे बाद बिजली आ गई, तब फिर लोगों ने राहत की सांस ली और अपनी नींद पूरी की। शहर के अन्य मोहल्लों तारीन बहादुगंज, सदर बाजार, एमनजई जलालनगर, खिरनीबाग में भी कटौती का खेल जारी रहा। बिजली की यह कटौती इसलिए लोगों को अधिक परेशान कर रही है क्योंकि उमस भरी गर्मी में पांच मिनट के लिए बिजली जाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। कंक्रीट के मकान की दीवारे तेज धूप में तप जाती है और उनसे निकलने वाली तपिश से राहत पाने के लिए बिजली ही लोगों का सहारा है और बिजली ही लोगों को सही से मिल नहीं पा रही है। रविवार देर रात से लेकर सोमवार को पूरा दिन बिजली कटौती से लोग परेशान होते रहे।



● गदियाना मोहल्ले में रात में करीब एक बजे गुल हो गई बिजली, 30 मिनट बाद आई

### मेडिकल कॉलेज में नहीं शुरू हो पाई सप्लाई

मेडिकल कॉलेज को 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए कॉलेज परिसर में ही ट्रामा सेंटर के पीछे की तरफ बिजली उपकेंद्र बना हुआ है लेकिन छह दिन पहले हुई बारिश और गर्रा नदी में उफान की वजह से मेडिकल कॉलेज में जलभराव हो गया था। इस वजह से उपकेंद्र बंद करना पड़ गया। अब जलस्तर कम होने के बाद बिजली उपकेंद्र में अभी नहीं हैं और कुछ केबिल भी खराब हो गए हैं। जिन्हें दुरुस्त किए बिना सप्लाई संभव नहीं है। तब तक जनरेटर के जरिये बिजली सप्लाई शुरू की गई है।

### निगोही के गांवों में पूरा-पूरा दिन नहीं आ रही बिजली

निगोही। क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में बिजली कटौती का हाल सबसे अधिक खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि एक से दो घंटे की बिजली सप्लाई के बाद पूरा-पूरा दिन बिजली गुल हो जाती है। बिजली अधिकारियों से बात करने पर पता चलता है कि ऊपर से जितनी बिजली मिल रही है, उतनी गांवों को सप्लाई की जा रही है। बिजली कटौती का सबसे अधिक दंश मिल्किया, खिंडलखेड़ा, बलरामपुर, कुरैली, ईशापुर, भटपुरा मिश्र आदि गांवों के लोग झेल रहे हैं। इन गांव के लोगों का कहना है कि गांव को बमुश्किल एक से दो घंटे ही बिजली मिल रही है। उसमें भी यह पता नहीं रहता है कि कब बिजली आएगी। ग्रामीणों का कहना है कि तेज धूप में खेत सूख गए हैं, धान की पौध लगाने के लिए डीजल इंजन का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसमें अधिक खर्चा आ रहा है।

### निगोही के किसान बोले



बिजली विभाग गांव के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जबकि गांवों को इन दिनों भरपूर बिजली मिलनी चाहिए ताकि किसान धान की पौध लगा सके। – अटल सिंह



बिजली नहीं होने से गर्मी में जीना मुश्किल हो रहा है लेकिन सबसे बड़ी समस्या धान की पौध लगाने के लिए पानी की है, बिजली नहीं होने से नलकूप नहीं चल पा रहा है। –संजय सिंह, एडवोकेट



बिजली के आने का कुछ पता नहीं रहता है, इसलिए धान की पौध लगाने के लिए डीजल इंजन का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें किसानों को अधिक रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। – मनोज कुमार



गांवों को बिजली सप्लाई 18 घंटे दिए जाने के आदेश हैं लेकिन यहां तो बमुश्किल एक से दो घंटे सप्लाई मिल पा रही है, उसमें कभी रात में तो कभी दिन में बिजली दी जा रही है। – धर्मवीर सिंह चौहान

# चचेरे बहनोई ने साले को मारी गोली, मौत

संवाददाता, खुटार

● लखीमपुर खीरी के आरोपी ने हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में दिया अंजाम
● खुटार के गांव तुलापुर का निवासी है मृतक रंजीत आरोपी फरार

**अमृत विचार:** खुटार के गांव तुलापुर के रहने वाले लेखराज का पुत्र रंजीत श्रीवास्तव(30) सोमवार को लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव सभा बगहा में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गया था। शादी दिन की थी। उसी गांव में उसका चचेरे बहनोई कामता प्रसाद उर्फ पप्पू डैनी रहता हैं। सोमवार रात करीब सात बजे रंजीत मां के साथ छत पर बैठा था। जबकि बाकी रिश्तेदार शादी में व्यस्त थे। उसी समय रंजीत का बहनोई कामता प्रसाद उसके पास पहुंचा और सिर पर तमंचा लगाकर फायर कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह हाथ नहीं लगा। घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई। जबकि लड़के पक्ष के लोग बहू विदा कराकर घर नहीं लौटे थे तब तक यह घटना हो गई। सूचना पर अजान चौकी और थाना हैदराबाद की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रंजीत श्रीवास्तव के भाई सुरेश, कुलदीप सूचना पाकर गांव बगहा पहुंच गए। इधर, रंजीत के बहनोई ने क्यों गोली मारी है। इस बात का पता नहीं चल सका है।

दीपक तिवारी, थानाध्यक्ष हैदराबाद, लखीमपुर खीरी ने बताया कि शादी समारोह के दौरान बहनोई ने साले को गोली मारी है। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर खीरी भेजा गया है।

## नवाबपुर में नहर विभाग ने हटवाया अतिक्रमण

**पुवायां, अमृत विचार :** नवाबपुर में शारदा नहर के दोनों ओर कई लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था। अधिकारियों ने सोमवार को पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों ने भेदभाव का आरोप लगाया। पुवायां से निगोही रोड पर शारदा नहर के पुल के पास नहर के दोनों ओर कई लोगों ने अवैध रूप से अधिग्रहण कर पक्का निर्माण कर रखा था। कुछ लोगों ने खोखे रखे हुए थे। नहर विभाग के जिलेदार देवेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग के जेई मोहम्मद असीम, एसडीओ रामकुमार, सींचपाल धर्मेंद्र, संदीप कुकर, सीज पर्यवेक्षक संजय कुमार, मान सिंह ने विभाग की भूमि से पक्का निर्माण बुलडोजर से तुड़वा दिया। साथ ही पास में रखा लकड़ी का खोखा भी तुड़वाया। वहीं, बंगाली डॉक्टर बीएन राय व पान के खोखा वाले अनुज मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों ने पूरी तरह से अतिक्रमण न हटवाकर भेदभाव किया है। अनुज ने बताया कि सिंधौली के गांव आदमपुर का एक व्यक्ति अधिकारियों से मिलकर नहर विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहा था, जिसका हमने विरोध किया तो कार्रवाई की गई। उसके खिलाफ और न ही पुल के दूसरी तरफ कार्रवाई हुई।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, घर में मचा कोहराम

**खुटार।** खुटार पूरनपुर मार्ग पर नवदिया मंकंठ मोड़ के पास सोमवार को दोपहर में अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गांव ढकना लहिया निवासी धनीराम देवल (57) गंभीर घायल हो गए। डॉक्टर ने गंभीर हालत देख धनीराम देवल को जनपद लखीमपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार देर शाम धनीराम ने दम तोड़ दिया।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

# बाढ़ का कहर: दो मकान जमींदोज, 938 घरों को पहुंचा नुकसान

## बाढ़ से तबाह हुई फसलों का सर्वे जारी, अब तक 211 किसानों का डाटा फीड, 48 सड़कें हुई क्षतिग्रस्त, आठ सड़कों पर मरम्मत कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बाढ़ थमने के बाद जिले में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। हालांकि कुछ निचले इलाकों में अभी भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। बाढ़ से तबाह हुई फसलों का सर्वे किया जा रहा है। एक-दो दिन में सर्वे कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, जनपद में क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे करने के बाद आठ पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

पिछले दिनों पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश से देवहा और शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। लगातार बारिश से अन्य इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। जिले की कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। बारिश और बाढ़ का प्रकोप थमने के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। हालांकि कुछ निचले इलाकों में अभी भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

डीएम संजय कुमार सिंह की ओर से बाढ़ बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचने संबंधी निर्देश दिए जा चुके हैं। राजस्व विभाग, कृषि, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ खंड आदि बाढ़ प्रभावित इलाकों में सर्वे कर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मकानों आदि के हुए नुकसान को लेकर सर्वे किया जा रहा है। एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने बताया कि 13 जुलाई तक किए गए सर्वे के मुताबिक कलीनगर तहसील क्षेत्र में दो पक्के और छह मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 38 पक्के मकान और 770 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। सर्वे में 124 छप्परपोश घर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। सर्वे के साथ-साथ मुआवजा देने की प्रक्रिया भी चल रही है। इसके अलावा बाढ़-बारिश से प्रभावित हुई कृषि फसलों का सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 211 किसानों का डाटा फीड किया जा चुका है। इन किसानो की 68.9078 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। बताया कि लगातार सर्वे एवं फीडिंग का कार्य चल रहा है।



राहत सामग्री बांटते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर चल रहा मरम्मत कार्य। ● अमृत विचार

> जनपद में बाढ़ का प्रकोप नहीं के बराबर है। अधिकांश आबादी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति समाप्त हो चुकी है। कहीं-कहीं निचले इलाकों में अभी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ पीड़ितों को लगातार राहत किट का वितरण किया जा रहा है। कृषि फसलों का सर्वे और फीडिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे कर उनको दुरुस्त कराने का कार्य तेजी से शुरू कराया गया है।
>
> **- संजय कुमार सिंह**, डीएम

### डीएम ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत किट

डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार देर शाम अमरिया क्षेत्र की जोशी कालोनी में बाढ़ पीड़ितों को 200 राहत किट बांटीं। वहीं सोमवार को उन्होंने टांडा बिजैसी में 70 एवं भरतपुर में 60 राहत किटों का बाढ़ पीड़ितों को वितरण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनका हाल जाना और समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के मकान एवं फसलों का नुकसान हुआ है। उसका सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम अजीत प्रताप सिंह समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### 25 हजार बाढ़ पीड़ितों को अभी भी राहत का इंतजार

प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। जिला प्रशासन के मुताबिक जनपद में अब तक 7844 बाढ़ पीडित परिवारों को राहत सामग्री बांटी जा चुकी है। इससे करीब 50986 लोगों को लाभान्वित हुए हैं। अभी 25 हजार बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री नहीं मिल सकी है। जल्द ही शेष बचे चिन्हित परिवारों को राहत सामग्री बांटी जाएगी।

### एसडीएम ने बाढ़ से हुए नुकसान का किया सर्वे

**पूरनपुर।** शारदा किनारे के गांवों में बाढ़ से ग्रामीणों का भारी नुकसान हुआ है। कृषि योग्य जमीन बाढ़ में समा गई। इसके अलावा कई आवासीय मकान भी बाढ़ की चपेट में आ गए। इससे ग्रामीणों के सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। सोमवार को एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने खिरकिया बरगदिया ग्राम पंचायत मजरा कॉलोनी नंबर छह में नुकसान का निरीक्षण किया। कई किसानों की जमीन शारदा नदी में समा गई और आवास भी बाढ़ के चलते रहने योग्य नहीं रह गए। एसडीएम ने बताया कि नुकसान सर्वेक्षण कराया जा रहा है। शीघ्र ही पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

### जिले में बारिश-बाढ़ की भेंट चढ़ गईं 33 सड़कें

जिला प्रशासन के मुताबिक बाढ़ बारिश से लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की 33 सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इसमें तीन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू किया जा चुका है। जबकि निर्माण खंड की 15 सड़कें बाढ़-बारिश की भेंट चढ़ गई। इसमें पांच सड़कों को दुरुस्त कराने का कार्य तेजी से शुरू किया गया है। जलभराव कम होने से अन्य सड़कों पर भी काम शुरू कराया जाएगा।

### बाढ़ के चलते स्थापित हुए पुलिस नियंत्रण कक्ष

बाढ़ नियंत्रण कक्ष, डीएम कार्यालय 05832-266054, 269692, 9454417596, 7505389289, 7985327645, 9450512470

मालपुर ततेरा, जरीफनगर 8006068106

भुंडी, उसहैत 9639903716

चंदनपुर हुसैनपुर, उझानी 7830940970

धापड़, सहसवान 8171208391

कटरा सहादतगंज 6397290478

भूड़ा भदरौल, कादरचौक 9870641767

## मांगों को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में भाकपा माले कार्यालय की कुर्की और बेदखली को अवैधानिक बताया।

भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज मे भाकपा माले का जिला कार्यालय करीब तीन दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा था। अवैधानिक कुर्की और पार्टी नेताओं को बेदखल करने की कार्यवाही का विरोध किया। जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि जनांदोलनों और विरोध के स्वर को दबाने के लिए सरकार ने साजिश के तहत पहले कार्यालय को कुर्क करवाया और अवैधानिक रूप से करवाही करते हुए ११ जुलाई 2024 को पुलिस बल भेजकर कार्यालय के अंदर रखा सामान बाहर किया। फिर पार्टी बोर्ड,झंडा सड़क पर फिंकवा दिया।भाकपा माले कार्यालय को ही अपराधिक गठजोड़ के इशारे पर निशाना बनाया गया। अगर सोनभद्र जिले में स्थित जिला कार्यलय को पुनर्स्थापित करने और तहसील प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो आंदोलन की चेतावनी दी गई।

## एक नजर

### 883 पीड़ितों को वितरित की खाद्यान्न किट

**बीसलपुर।** क्षेत्र में आई बाढ़ के बाद अब काफी हद तक जलभराव की स्थिति दूर हो चुकी है। मगर बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ सका है। सोमवार को एसडीएम महिपाल सिंह, तहसीलदार करम सिंह ,नायब तहसीलदार अवधेश कुमार ने टीम के साथ 883 बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। बता दें कि अभी तक 137 ग्रामों का सर्वे हो चुका है। इस मौके पर भैंसटा जलालपुर, रायपुर समेत कई गांवों के लोग मौजूद रहे।

### गैंगस्टर के आरोपी को भेजा जेल

**पूरनपुर।** एसपी के निर्देश पर जिले में बांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहे। गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी रिजवान पुत्र यासीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी फरार चल रहा था। उसे जेल भेज दिया गया है।

# बिजली संकट से निजात दिलाने को अधीक्षण अभियंता से मिले व्यापारी



बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- शिष्टमंडल ने ज्ञापन सौंपकर बिलसंडा के कुछ अन्य मुद्दे भी रखे

**अमृत विचार:** नगर में गहराए बिजली संकट से निजात दिलाने और 33000 की लाइन को बीसलपुर से अलग कराने की मांग चल रही है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री शैली अग्रवाल ने टीम के साथ अधीक्षण अभियंता मधुकर सिंह से मुलाकात की। इस पर उन्होंने विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं को शीघ्र दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

अधीक्षण अभियंता को व्यापारी नेताओं ने 33 हजार की लाइन को बीसलपुर चीनी मिल के अंदर से हटाकर बाहर से कराने की मांग के साथ ही यह भी अवगत कराया कि ये लाइन बीसलपुर ,बिलसंडा और करेली इंटर क्रॉस हुई है। जिसको अलग-अलग कराने की मांग की गई।

बिलसंडा की लाइन से बीसलपुर को अलग कराने की मांग के अलावा जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए बिलसंडा बिजली घर की बाउंड्री करवाने की भी मांग उठाई। व्यापारी नेताओं ने यह भी अवगत कराया कि 25 हजार की आबादी वाले कस्बा बिलसंडा में मात्र दो लाइनमैन है, जिसे बढ़ाकर चार लाइनमैन करने की मांग की।

स्थानीय अफसर कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन रिसीव न किए जाने की भी शिकायत रखी। इस मौके पर बिलसंडा नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, महामंत्री एम रेहान, देवदत्त सक्सेना ,शक्ति जायसवाल , अंकित जायसवाल, राजीव गुप्ता, विकास गुप्ता, सुनील सक्सेना, राहुल सिंघल, रामकिशोर प्रजापति, आकाश, आदेश कुमार ,नवाव उल्ला खां , जाहिद अंसारी आदि थे।

## उपाधि महाविद्यालय ने जारी की मेरिट सूची

**पीलीभीत।** उपाधि महाविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष के तीनों संकायों कला , विज्ञान और वाणिज्य की अलग-अलग चयनित मेरिट सूची सोमवार को जारी की। प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने बताया कि मेरिट सूची में चयनित छात्र- छात्राएं 16 जुलाई से 19 जुलाई तक अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय में आकर प्रवेश ले सकते हैं। यह प्रवेश मेरिट सूची विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रथम चरण के प्रवेश के लिए जारी की गईहै। कला संकाय का बीए प्रथम वर्ष का मेरिट कट ऑफ सामान्य वर्ग में 62 .4, ओबीसी में 55 .2 और एससी में 37 .6 प्रतिशत है। विज्ञान संकाय में सामान्य वर्ग का मेरिट कट ऑफ 68 .8, ओबीसी का 64 और एससी का 54 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में बीकॉम प्रथम वर्ष में अनारक्षित वर्ग के लिए 54 .2, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 40 .4 और एससी वर्ग के लिए मेरिट कट ऑफ 49 .8 प्रतिशत है।

# औद्योगिक क्षेत्र के तौर पर विकसित होगा भरा पचपेड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 304.83 करोड़ रुपये से किया जाएगा विकास, तैयारी शुरू
- टेंडर मांगे, 18 महीने के भीतर सभी विकास कार्य होंगे पूरे

**अमृत विचार:** योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों को नए तरीके से विकसित करने की दिशा में कई परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद के भरा पचपेड़ा को भी औद्योगिक क्षेत्र के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

भरा पचपेड़ा में निर्माणाधीन खमीर प्लांट को लेकर कार्य चल रहा है। अब उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा यहां बड़े स्तर पर कायाकल्प करने जा रहा है। पूर्व में ही इस क्षेत्र को ट्रांसफर करने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना पर कार्य करते हुए यूपीसीडा 304.83 करोड़ रुपये की लागत से भरा पचपेड़ा को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। यूपीसीड़ा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि भरा पचपेड़ा क्षेत्र को दो फेज में औद्योगिक क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। पहले फेज के तहत 184.12 करोड़ रुपये और दूसरे फेज में 120.71 करोड़ रुपये खर्च कर विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसको लेकर यूपीसीड़ा द्वारा निर्माण एवं विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन (टेंडर) मांगे गए हैं। सभी निर्माण कार्यों को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माध्यम से पूरा किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 18 महीने के अंदर विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

> शासन स्तर से पीलीभीत के भरा पचपेड़ा को औद्योगिक क्षेत्र के तौर पर मेकओवर करने के लिए प्लान तैयार किया गया है। 304 .83 करोड़ रुपये की लागत से यहां विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। जिसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। **- मंसूर कटियार,** क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा

### सड़क व पुल निर्माण समेत कई कार्य किए जाएंगे

परियोजना के अंतर्गत भरा पचपेड़ा के विकास का जो खाका खींचा गया है, उसमें रोड और का नेटवर्क भी शामिल है। इसके तहत चिह्नित औद्योगिक क्षेत्र को 18 से 45 मीटर के सड़कों के जाल से जोड़ा जाएगा। अर्थ वर्क, रोड पेवमेंट, रोड, रोड मार्किंग, साइनेज, रोड ड्रनेज वर्क्स, फुटपाथ, मीडियन व जंक्शन का विकास किया जाएगा। वहीं 160 मीटर लंबाई की सिक्स लेन युक्त बड़े पुल का भी निर्माण किया जाएगा। एलिवेटेड सर्विस रिजवॉयर के साथ ही वाटर नेटवर्क भी विकसित किया जाएगा। बोरवेल एवं ओपन वेल भी खोदे जाएंगे। इसके साथ ही डोमेस्टिक सीवेज कलेक्शन, सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट, एफिशिएंट पावर सप्लाई तथा इंटरनेट एक्सेस के लिए ऑप्टिकल फाइबर और वाईफाई जैसी सुविधाओं से भी लैस किया जाएगा। प्रत्येक प्लॉट को प्लग एंड प्ले फैसिलिटी से लैस किया जाएगा।

# तटबंध नहीं बना तो चंदिया हजारा का मिट जाएगा अस्तित्व

संवाददाता, पूरनपुर

- बचाव के लिए ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

**अमृत विचार:** शारदा नदी के प्रकोप से ग्रामीणों को बचाने के लिए लिए करोड़ों रुपए खर्च हुए लेकिन बाढ़ इसकी पोल खोल दी। बरसात के बाद शारदा में छोड़े गए पानी से तटबंध चार जगह से क्षतिग्रस्त हो गया। इससे चंदिया हजारा में बाढ़ की स्थिति बन गई। ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री से तटबंध के कार्य को पूरा कराने की मांग की।

तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में महीनों से बाढ़ बचाव के कार्य किए जा रहे हैं। चैनेलाइजेशन के अलावा जिओ बैग का कार्य किया गया। साढ़े नौ करोड़ खर्च कर बाढ़ को रोकने के लिए तटबंध बनाया गया। सत जुलाई को हुई बरसात के बाद शारदा नदी में बाढ़ आ गई। बाढ़ से करोड़ों खर्च कर बनाया गया तटबंध चार जगहों से कट गया। इससे बाढ़ का पानी गांव के घरों में घुस गया। इससे किसानों की जमीन कट गई और पानी भरने से फसलें नष्ट हो गईं। इसको लेकर चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन भेजा। इसमें कहा गया कि नदी में 1500 सौ मीटर तटबंध का काम मानक के अनुरूप नहीं हुआ। इससे पहली बाढ़ में ही तटबंध चार स्थानों से टूट गया। गत दिनों पहले गांव पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबध में शिकायत की गई थी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल तटबंध सही कराने के आदेश दिए लेकिन अधिकारियों ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। अभी भी क्षतिग्रस्त तटबंध को दुरुस्त नहीं कराया गया। दोबारा बाढ़ आने पर चंदिया हजारा गांव का आस्तित्व समाप्त हो जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री से तटबंध के कार्य को जल्द पूरा कराने के लिए अधिकारियों को आदेशित करने की मांग की है। पत्र पर अध्यक्ष सुचित्रा विश्वास, दिलीप बैरागी, कमलेश राय, गौरंग मंडल, शंकर राय और दीपांकर हलधर आदि के हस्ताक्षर हैं।

# आयुर्वेदिक कॉलेज के विद्यार्थियों ने परीक्षा के विरोध में किया प्रदर्शन



धरना-प्रदर्शन करते आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बोले-साढ़े पांच साल का कोर्स आठ वर्ष में करा रहे पूरा जिम्मेदार कौन होगा?

**अमृत विचार:** ललित हरि राजकीय आयुर्वेद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के छात्र -छात्राओं ने सोमवार को एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन राष्ट्रीय निकास परीक्षा के विरोध में किया गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान नारेबाजी की गई।

छात्र -छात्राओं का कहना था कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय काउंसिल की ओर से आयुष छात्रों के लिए अचानक से राष्ट्रीय निकास परीक्षा आयोजित करने के लिए गजट लाया गया है। इसका विरोध किया जा रहा है। बताया कि साढ़े चार वर्ष के कोर्स छात्र सात वर्ष में भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। एक ही विश्वविद्यालय आयुर्वेद यूनानी के कोर्स में भी जहां यूनानी 2017 सत्र के छात्र अपनी इंटर्नशिप 2023 के सितंबर माह में पूरा कर चुके हैं, वहीं आयुर्वेछ के सत्र 2015 के छात्रों का अंतिम वर्ष का परिणाम अक्टूबर 2023 में घोषित हुआ। आयुष छात्रों को राष्ट्रीय निकास परीक्षा की अवधारणा पर गंभीर आपत्ति है।

उनका मानना है कि राष्ट्रीय निकास परीक्षा को शुरू करने से भारत में आयुष मेडिकल शिक्षा खतरे में पड़ जाएगी। छात्रों ने विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन भी शांतिपूर्ण ढंग से किया।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में गरजे टीचर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्रदर्शन करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट जाते शिक्षक। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान मांगों को लेकर नारेबाजी करते शिक्षक।

- बोले: व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण बगैर ऑनलाइन हाजिरी अनुचित
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में तमाम शिक्षक संगठन एकजुट होकर आंदोलन की राह पर हैं। सोमवार को स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रांतीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूलों में छुट्टी होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। यहां शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने 18 जून एवं पांच जुलाई को बेसिक शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति के लिए आदेश दिए हैं। जनपद में बहुत से ऐसे क्षेत्र ऐसे हैं जहां कोई भी नेटवर्क नहीं आता। बहुत से विद्यालयों में छत पर चढ़कर नेटवर्क तलाशना पड़ता है। बहुत से विद्यालयों के रास्ते खराब होने के कारण आज भी पैदल ही जाना पड़ता है। कई जगह रास्ते तक नहीं हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को नजरअंदाज कर अव्यवहारिक आदेश को लागू करने के लिए शिक्षकों पर दंडात्मक कार्यवाही का भय दिखाकर उपस्थिति देने के लिए बाध्य किया जा रहा है। बंद कमरों में बैठकर ऐसा अव्यवहारिक आदेश जारी करने से पहले शिक्षक प्रतिनिधियों से बात कर लेना भी आवश्यक नहीं समझा गया। कहा गया कि शिक्षकों को हाफ डे सी एल तक की व्यवस्था नहीं है। यदि किसी कारणवश सुबह में देर हो जाए या फिर विद्यालय आने के बाद कोई दिक्कत आ जाए तो ऐसे में विद्यालय पहुंचने के बाद भी शिक्षक अनुपस्थित माने जाएंगे। इन तमाम समस्याओं का कोई समाधान विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा। पदोन्नति बीरबल की खिचड़ी हो गई। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नहीं हो पा रहे हैं। शिक्षकों के पास कोई भी मेडिकल फैसिलिटी नहीं है। ऐसे ही बहुत सी मांगों को पूरा करने के बजाय डिजिटल हाजिरी के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

ज्ञापन में ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति का आदेश निरस्त कराने समेत सात मांगे की गई हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि समस्याओं का निस्तारण न होने पर शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा अपने सभी घटक मोर्चे के साथ 29 जुलाई को महानिदेशक कार्यालय लखनऊ में व्यापक धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष मुकेश अवस्थी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष लाल करन, यूटा जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष अनीता तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के सूरज पाल सिंह, टीएससीटी प्रवक्ता राज कुमार वर्मा, जिला सह संयोजक फुरकान हाशमी, अटेवा अध्यक्ष धर्मेंद्र गंगवार, शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा, हरिओम पांडे, अनुदेशक संघ अध्यक्ष सुरेंद्र पाल गंगवार समेत विभिन्न संगठनों के मोहम्मद अकरम, नंदकिशोर गंगवार, मोइन अहमद खान, भूपेंद्र वीर गंगवार, महेश यादव, राजीव पांडे, मनोज कुमार मौर्य, देवेंद्र कन्हैया, कृष्ण कुमार सागर, आराधना कश्यप, प्रियंका शुक्ला, माहेनूर, शमशाद अहमद, दिव्या भटनागर, रजनी, बबिता, सुगंध अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### बीएसए कार्यालय पर भी किया प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने के बाद तमाम शिक्षक बीएसए कार्यालय पहुंचे। यहां भी शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने प्रभारी बीएसए विजय वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

### शिक्षकों ने संकुल पद से दिया सामूहिक इस्तीफा

सोमवार को शिक्षक संकुलों की ओर से इस्तीफा देने का दौर शुरू हो गया। अमरिया ब्लॉक के 46, बरखेड़ा और मरौरी के 42-42 शिक्षक संकुलों ने सामूहिक रूप से अपने इस्तीफे अपने-अपने खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंप दिए। इस्तीफा देने वालों में बरखेड़ा और मरौरी ब्लॉक के कुछ एआरपी भी शामिल रहे।

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm

डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

# नवजात की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

## परिजन बोले- नाबालिग स्टाफ ने किया इलाज, मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर किया शांत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान नवजान बच्ची की मौत के बाद परिवार वालों ने जमकर हंगामा किया। परिजन अस्पताल वालों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था कि अस्पताल में नाबालिग स्टाफ से बच्ची का इलाज कराया गया। इस बीच पुलिस ने लोगों को अस्पताल के बाहर निकाला तो आक्रोश और बढ़ गया। बाद में पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कर दिया।

- **परिजन की ओर से दी गई तहरीर, पुलिस का कहना है कि मिली नहीं**

थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव सुखदासपुर नवदिया के रहने वाले जाहिद वेग ने बताया कि उनकी पत्नी ने शनिवार को बेटी को जन्म दिया। नवजात की हालत बिगड़ने पर जाहिद ने उसे ब्लॉक रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि वहां के डॉक्टर ने कहा कि यहां मल्टी स्पेशलिस्ट डाक्टर और आक्सीजन आदि की व्यवस्था है। दो चार दिन में बच्ची को ठीक कर देंगे। मगर दो दिन भर्ती रहने के दौरान कोई भी डॉक्टर नवजात को देखने नहीं पहुंचा। नाबालिग स्टाफ नवजात का उपचार करता रहा। उपचार के नाम 23 हजार रुपये परिजनों से जमा करा लिए गए। रविवार रात नवजात को आक्सीजन लगी हुई थी। रात में आक्सीजन खत्म हो गई, जिसके बाद स्टाफ ने उसे दोबारा आक्सीजन नहीं लगाई। इससे नवजात की हालत बिगड़ती चली गई और मौत हो गई।

जाहिद का कहना है कि उन्होंने अस्पताल के डाक्टर से बात की तो उन्हें गाली गलौज करते हुए अस्पताल से भगा दिया। इस पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरु कर दिया। इस दौरान स्टाफ और परिजनों में काफी देर तक नोकझोंक होती रही। दर्जनों लोग अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए। इसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई।

आरोप है पुलिस ने परिजनों को अस्पताल के बाहर निकाल दिया। व्यापारी नेता विजयपाल विक्की भी मौके पर आ गए। इसके बाद परिवार और व्यापारी नेता ने अस्पताल के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया। इस पर पुलिस बैकफुट पर आई और मनाने में जुट गई। काफी देर बाद पुलिस ने समझा बुझाकर सड़क पर बैठे लोगों को उठाया। इसको लेकर घंटो हंगामा होता रहा। नवजात के पिता जाहिद वेग ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।


अस्पताल के बाहर सड़क पर बैठे व्यापारी नेता और परिजनों को समझाती पुलिस।

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। परिवार वालों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है। मामले की जांच करा रहे हैं। अभी तहरीर नहीं मिली है।
> **- राजीव कुमार शर्मा**, कोतवाल पूरनपुर

### बोर्ड पर लिखे कई डॉक्टरों के नाम

परिवार का आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई। अस्पताल में नाबालिग स्टाफ इलाज की व्यवस्था संभाल रहा था। जबकि अस्पताल के बोर्ड पर कई डाक्टरों के नाम लिखे हैं। रात में ऑक्सीजन खत्म होने के बाद कई बार कहा गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अस्पताल में ऑक्सीजन होने के बाद भी बच्ची को नहीं लगाई गई, जिससे उसकी जान चली गई। परिजनों ने इसे लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### केवल दावे कर रहा स्वास्थ्य विभाग

पूरनपुर में लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। कई बार अस्पतालों में हंगामा हो चुका है। कुछ माह पूर्व एक नर्सिंगहोम में मौत के बाद हंगामा हुआ, रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। अन्य कई प्रकरण उजागर हो चुके हैं। मगर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिर्फ दावे किए जा सके हैं। इस अस्पताल में भी बोर्ड पर लिखे नाम के डॉक्टरों के न पहुंचने का आरोप पीड़ित पक्ष की ओर से लगाया जा रहा है।

# सोने के झाले निकाल रही महिला को भीड़ ने मौके पर दबोचा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** मेले में भीड़ के बीच एक महिला ने दूसरी महिला के सोने के झाले निकालने की कोशिश की। मगर देख लेने पर उसे मौके पर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम मातीमाफी में मां गंगा देवी मंदिर है। जहां जातों का मेला चल रहा है। सोमवार को मेले में भारी भीड़ उमड़ी। एक महिला ने भीड़ के बीच दूसरी महिला के कानों से सोने के कुंडल निकालने की कोशिश की। मगर महिला ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। जानकारी लगते ही लोगों ने उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मेले में नगर के मोहल्ला कायस्थान की सुबी गुप्ता की सोने की चेन गायब हो गई। जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई गई। सेहरामऊ उत्तरी एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि दो महिलाओं के सोने के कुंडल खो गए थे। एक दूसरे पर चोरी करने का आरोप लगा रहीं थी। बाद में दोनों के कुंडल मिल गए।

# जादौपुर नथा स्कूल से सामान चोरी

**बिलसंडा, अमृत विचारः** गांव जादौपुर नथा के प्राथमिक विद्यालय में दीवार कूदकर चोर घुस गए। रसोई घर का ताला तोड़कर उसमें रखा अनाज, गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। घटना रविवार रात हुई। प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह घटना का पता चला। चोर करीब दो कुंटल अनाज और गैस सिलेंडर समेट ले गए। पुलिस को तहरीर दी गई है।

# ताजियों का मेला देखकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरखेड़ा क्षेत्र में गाजीपुर मुगल गांव के पास हुआ हादसा**
- **सड़क किनारे खड़े बातें कर रहे थे दोनों**

**अमृत विचारः** ताजियों का मेला देखकर लौट रहे दो युवकों को इको ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घेराबंदी कर चालक इको समेत पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

कस्बे के वार्ड नंबर नौ के रहने वाले जाकिर हुसैन ने बताया कि सोमवार सुबह वह अपने भतीजे मुमताज (16) पुत्र जाबिर के साथ बाइक से पौटा खमरिया ताजियों का मेला देखने गए थे। कस्बे के ही दन्ने अपने पुत्र उवैस के साथ दूसरी बाइक से थे। सुबह करीब छह बजे अपनी-अपनी बाइक पर सवार होकर वापस आ रहे थे। रास्ते में गाजीपुर मुगल के पास बाइक रोकी। जाकिर हुसैन और इकरार शौच के लिए चले गए। मुमताज व उवैस बाइक के पास खड़े हुए थे। इस बीच पीलीभीत की तरफ से आ रही इको का चालक तेजी व लापरवाही से वाहन चलाता हुआ आया और दोनों को रौंदते हुए चला गया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों को आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मुमताज की मौत हो गई। जबकि उवैस की हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, करीब एक किमी की दूरी पर कुछ लोगों ने घेराबंदी कर इको और उसके चालक को पकड़ लिया। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लापता युवक का शव खेत में पड़ा मिला


अमरिया क्षेत्र में शव मिलने के बाद मौके पर लगी भीड़। • अमृत विचार

**अमरिया।** तीन दिन से लापता युवक का शव खेत में पड़ा मिला। आशंका है कि उसकी मौत डूबने से हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अमरिया क्षेत्र के गांव कैमूर का रहने वाला प्रेमपाल सक्सेना (20) पुत्र कृष्णपाल सक्सेना तीन दिन पहले लापता हो गया था। परिवार वाले उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार को लापता प्रेमपाल का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। खेत में पानी भरा होने के चलते उसकी मौत डूबने से होने की आशंका जताई जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छुट्टा पशु से बाइक टकराई, तीन लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग मार्गों पर छुट्टा पशु से बाइक टकराने के बाद मां बेटा समेत तीन लोग घायल हो गए। ग्राम मलकपुर के भूरे अपनी मां नत्थो देवी के साथ बाइक से पौटाकलां रिश्तेदारी में जा रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही सांड से टकराकर घायल हो गए। उधर, दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़िया भगवन्तपुर के मोरपाल बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। मकरंदपुर चौराहे के पास बाइक छुट्टा पशु से टकरा गई ।जिसमें वह घायल हो गए। तीनों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

# तालाब में डूबे युवक का शव मिला, मचा कोहराम

- **पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया शव**

**बिलसंडा, अमृत विचारः** तालाब में डूबे युवक का शव तलाशी के दौरान मिल गया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक जितेंद्र।

थाना क्षेत्र के गांव तनाया के जितेंद्र कुमार (22) पुत्र लाखनलाल देहरादून में मजदूरी करते थे। वह कुछ दिन पहले ही गांव आए थे। बताते हैं कि बरसात की वजह से घर के पीछे स्थित तालाब का पानी अधिक हो गया था। रविवार शाम अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गए। शोर पर लोग जमा हुए और उसे बचाने का प्रयास किया। मगर वह डूब गया।

इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तालाब में मिला ग्रामीण का शव, पोस्टमार्टम को भेजा

**बीसलपुर।** तालाब में एक ग्रामीण का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडरा सुमन में बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी नेमचंद्र के पुत्र महिपाल का आना-जाना था। दो दिन पूर्व वह घर से उक्त ग्रामीण के घर जाने को कहकर निकला और लापता हो गया। सोमवार सुबह ग्राम मंडरा सुमन के तालाब में महिपाल का शव उतराता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी जुटाई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### वृद्ध से मारपीट करने वाले पर रिपोर्ट

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौखंडी के दीपक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 25 जून की सुबह छह बजे गांव के राजकमल ने उसके पिता पर पुरानी रंजिश में हमला कर दिया। लाठी डंडे से मारपीट की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### घर के सामने से निकलने पर की मारपीट

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव मुरादपुर माती के रहने वाले रामकृपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को काम करने के लिए सुल्तानपुर जा रहे थे। गांव में पप्पू पुत्र लियाकत के मकान के सामने पहुंचे। इस पर आरोपी ने गाली-गलौज की। इसके बाद पप्पू, समीर और सरजीत ने हमला करके पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गईहै।

### जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा जेल

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द के रहने वाले वेदप्रकाश का पड़ोस के खुशीराम और दयाराम से झगड़ा हो गया था। दोनों ने कुछ लोगों के साथ मिलकर वेदप्रकाश के घर में घुसकर मारपीट की थी। इसमें तीन आरोपियों को पलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। सोमवार को पुलिस ने चौथे आरोपी दयाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की, वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### धूमधाम से निकाली परशुराम शोभायात्रा

पीलीभीत। अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा की ओर से शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में परशुराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। अंतिम दिन सोमवार को दिन में नगर भ्रमण कार्यक्रम हुआ। यात्रा गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर शनि देव मंदिर साहूकारा, गौर धाम मंदिर, चूड़ी बाली गली, स्टेशन रोड, चावला चौराहा, थाना सुनगढ़ी, नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, जाटो चौराहा, बरेली गेट, जेपी रोड, चौक बाजार, नई तहसील होते हुए वापस मंदिर लौटकर संपन्न हुई। इसके बाद भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना हुई। ब्राहमण भोज के बाद भंडारा किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट अशोक बाजपेयी, आकाश नारायण पाराशर, श्रीधर पांडेय, दीपक शुक्ला, अवधेश पाठक, आशीष दीक्षित, जयशंकर लल्ला महाराज, अमित अवस्थी मौजूद रहे।

### वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपेंगे व्यापारी

पीलीभीत। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफ़रोज़ जिलानी की अगुवाई में आज मंगलवार को वित्तमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। कार्यकर्ताओं से 11 बजे तक जमा होने का आग्रह किया गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बाढ़ से हुए व्यापारियों के नुकसान का मुआवजा, टैक्स दरों में कटौती, आयकर सीमा बढ़ाने, जीएसटी का सरलीकरण एवं दरों में कटौती, अनाज सहित रोज खाने वाली चीजों से टैक्स हटाने, व्यापारियों को जीवन बीमा, निरंतर टैक्स भरने वाले को पेंशन और नए व्यापार शुरू करने के लिए सहायता व प्रोत्साहन देने आदि की मांगों को रखा जाएगा।

# निलंबन के बाद जिम्मेदार तो बहाल हो गए पर गोशालाओं की बदहाली दूर नहीं हो पाई

## फर्जी ओके रिपोर्ट देने के बाद वायरल वीडियो ने कराई फजीहत तो पंचायत सचिव पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद की गोशालाओं में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्था को दूर कराने के नाम पर बरती जा रही लापरवाही जिम्मेदारों की फजीहत करा रही है। पहले से मातहत सत्यापन के नाम पर अपनी ओर से फर्जी ओके रिपोर्ट दे रहे हैं, और दोबारा से गोशालाओं के बदतर हालात उजागर हो रहे। कार्रवाई निलंबन तक सीमित है। हालांकि उसमें भी कुछ दिन में बहाली कर दी जाती है। मगर गोशाला की तस्वीर जस की तस है। अब बसंतापुर और पुरवाभूड़ा की गोशाला में कराई गई जांच में तमाम अनियमितताएं पाई गईं। इस बार भी जिम्मेदारों ने फजीहत से बचने को पुराना ढर्रा अपनाते हुए डेढ़ माह पहले बहाल हुए सचिव रिजवान को निलंबित कर दिया है। खास बात यह है कि निलंबित सचिव ने एक दिन पूर्व ही उच्चाधिकारियों को गोशालाओं की रिपोर्ट में सब कुछ ठीक-ठाक होना दर्शाया था।

जनपद में पिछले दिनों हुई बारिश और बाढ़ के चलते गोशालाओं की व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। अफसरों ने गोशालाओं के जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए, लेकिन जिम्मेदारों ने अफसरों के निर्देशों को हवा में उड़ा दिया। एक दिन पूर्व अखिल भारत हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं ने गोशालाओं में जाकर हालात परखे तो बसंतापुर गोशाला के गोवंशों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। मृत गोवंश के शव पानी में उतराते मिले और उनके शव कौवे नोचते दिखे। वहीं, पुरवा भूड़ा में मृत गोवंश के शव कीचड़ में पड़े पाए गए। कार्यकर्ताओं ने गोशालाओं की दुर्दशा के वीडियो भी वायरल कर दिए। वीडियो वायरल होने के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया।

### पहले भी हो चुकी है निलंबन की कार्रवाई

निलंबित सचिव के पूर्व में भी कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इन मामलों में उन पर निलंबन समेत रिकवरी आदि की कार्रवाई भी हो चुकी है। बताते हैं कि ब्लॉक पूरनपुर में तैनाती के दौरान एक मामले में सचिव मोहम्मद रिजवान को निलंबित किया गया था। डेढ़ माह पहले ही उनकी बहाली हो गई थी। चूंकि कई बार निलंबन और फिर खुद की बहाली कराने में ये माहिर हो चुके हैं। शायद यही वजह रही कि हाल ही में हुई बहाली के बावजूद वह गोशाला के मामले में भी संजीदा नहीं हुए और फर्जी ओके रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों के पास भेज दी।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर का पीडीएफ।

- डेढ़ माह पहले हुए थे बहाल बसंतापुर और पुरवा भूड़ा में गोवंश के शव दफनाने में लापरवाही का मामला

### जांच टीम के बुलाने पर भी नहीं पहुंचे सचिव

इसे सचिव की मनमानी कहें या कुछ और.. । जांच टीम जब गोशालाओं में शाम करीब सात बजे पहुंची तो टीम में शामिल अधिकारियों ने सचिव को निरीक्षण की सूचना देते हुए उसे मौके पर बुलाया गया। मगर सचिव रिजवान ने मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं समझी। काफी देर तक जांच टीम सचिव का इंतजार ही करती रही और फिर जब वह नहीं आया तो टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी। हालांकि बिना सचिव के टीम को जानकारी जुटाने में खासी असुविधा हुई। मगर एक-एक कर लापरवाही की परतें खुलती चली गई।

मामला डीएम संजय कुमार सिंह के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले में तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आनन फानन में ही जांच टीम भी बना दी गई। टीम में शामिल सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह और बीडीओ मरौरी मृदुला ने शाम करीब सात बजे बसंतापुर और पुरवा भूड़ा गोशाला पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पुरवा भूड़ा में मृत गोवंश को दफनाने में खासी लापरवाही उजागर हुई। वहीं बसंतापुर गोशाला में प्रकाश व्यवस्था ठप मिली। डीपीआरओ सतीश कुमार ने जांच टीम की रिपोर्ट पर प्रथम दृष्टया सचिव मोहम्मद रिजवान को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया। निलंबित सचिव को मरौरी ब्लॉक से सम्बद्ध किया गया है।

> मामला संज्ञान में आने पर टीम ने बसंतापुर और पुरवा भूड़ा अस्थाई गोआश्रय स्थल की जांच कराई गई थी। जांच में प्रथम दृष्टया सचिव मोहम्मद रिजवान को दोषी पाते हुए निलंबित किया गया है। - **सतीश कुमार**, डीपीआरओ

# गोशालाओं में व्यवस्थाएं खराब होने की जांच करेंगे एसडीएम-बीडीओ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासनादेश का पालन न होने पर डीएम ने जारी किया आदेश लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** शासन-प्रशासन की तमाम सख्ती के बाद भी गोशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही है। कहीं भूख-बीमारी से गोवंश की मौत हो रही है तो कहीं मृत पशुओं को दफनाने के नाम पर खानापूरी की जा रही है। अब डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को गोशालाओं की जांच करने के आदेश दिए हैं। सभी को आठ बिंदुओं पर जांच करते हुए तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निराश्रित गोवंशों को आश्रय देने के लिए जिले में 57 गोशालाएं संचालित की जा रही है। शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय इन गोशालाओं में हरे चारे से लेकर अन्य व्यवस्थाओं तक की समीक्षा भी की जाती है। सरकार इन गोशालाओं पर हर साल करोड़ों रुपये भी खर्च करती है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते इन गोशालाओं का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। अक्सर गोशालाओं में भूख-बीमारी से गोवंश के मरने या फिर मृत पशुओं को दफनाने में लापरवाही के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। इधर पिछले दिनों आई बाढ़-बारिश के चलते गोशालाओं में व्यवस्थाएं और भी गड़बड़ा गई थीं। तीन दिन पूर्व डीएम संजय कुमार सिंह ने जनपद की गोशालाओं का हाल जानने को डीपीआरओ को निर्देशित किया था। डीपीआरओ ने सभी सचिवों के माध्यम से गोशालाओं का निरीक्षण करवाया। निरीक्षण के बाद सभी सचिवों ने सभी गोशालाओं में हरे चारा समेत अन्य व्यवस्था दुरुस्त होने की रिपोर्ट दी थी। इसी बीच मरौरी ब्लाक की दो गोशालाओं के बदहाली के वीडियो वायरल हो गए। इस बीच डीएम के संज्ञान में आया कि जनपद की गोशालाओं में शासनादेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों की गोशालाओं का स्वयं स्थलीय निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। डीएम की ओर से आदेश में सभी अधिकारियों को आठ बिंदुओं पर जांच कर फोटो सहित रिपोर्ट तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### नगर पालिका व नगर पंचायतों की गोशालाओं की भी होगी जांच

डीएम ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोशालाओं का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एडीएम वित्त ऋतु पूनिया को नगर पालिका और नगर पंचायतों की गोशालाओं का निरीक्षण कराकर जांच आख्या तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### इन आठ बिंदुओं पर की जाएगी जांच

- गोशालाओं में जलभराव की स्थिति
- गोवंश के बैठने के लिए पर्याप्त शेड की स्थिति
- बारिश से गोवंशों के बचाव के लिए तिरपाल आदि की स्थिति
- नियमित साफ-सफाई की स्थिति
- टीकाकरण एवं दी जाने वाली कृमि नाशक दवा की स्थिति
- हरे चारे-भूसा, चोकर एवं स्वच्छ पानी की स्थिति
- मृत गोवंशों के शवों के निस्तारण की स्थिति

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी: राज्यमंत्री

**पीलीभीत, अमृत विचार:** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सोमवार को एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत स्पर्श स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान पौधे रोपित करते हुए दूसरों को भी जागरूक किया। पौधरोपण का महत्व बताया गया।

राज्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन दिनों दिन बिगड़ रहा है। जिससे हमारे दैनिक जीवन में असंतुलन पैदा हो रहा है, इसलिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर हम पर्यावरण और अपने जीवन को संतुलित बनाकर रख सकते हैं। उन्होंने पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा की भी व्यवस्था किए जाने पर बल दिया। विद्यार्थियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह भी मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान लोगों को पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

# पीडब्ल्यूडी मंत्री को बताया क्षेत्र का हाल

**मझोला, अमृत विचार:** नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने राज्यमंत्री पीडब्ल्यूडी बृजेश सिंह से मुलाकात की। उन्हें बताया कि बीते दिनों क्षेत्र में आई बाढ़ के बाद मझोला-सितारगंज मार्ग पर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद से आवागमन उक्त मार्ग पर बंद चल रहा है। मझोला से सितारगंज, रुद्रपुर मजदूरी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। जिन्हें मार्ग पर आवागमन बाधित होने से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि पहले ही नगर की मझोला चीनी मिल बंद है। ऐसे में मजदूरी के लिए लोग उत्तराखंड का रुख करते हैं। इसका जल्द सुधार कराने की मांग की। इस पर राज्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से वार्ता कर मझोला से सितारगंज मार्ग को अति शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए हैं।


पीडब्ल्यूडी मंत्री से मुलाकात करते चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह।

# शिक्षा के साथ युवाओं का हुनरमंद होना बेहद जरूरी


संगोष्ठी को संबोधित करते सलीम मियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जागरुकता संगोष्ठी में व्यक्त किए गए विचार

**अमृत विचार:** जन शिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर सोमवार को जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। संस्थान निदेशक सलीम मियां ने कौशल के महत्व विषय पर लक्षित समूह के मध्य विचार व्यक्त किए। कहा कि अगर शिक्षा हमें जानकारी देती है कि हमें क्या करना है, तो कौशल हमें सिखाता है कि उस काम का वास्तविक स्वरूप कैसा होगा।

उन्होंने कहा कि बाजार की मांग को देखते हुए हमें स्किल को अपग्रेड भी करते रहना चाहिए, क्योंकि कई बड़े राष्ट्रों के बाजार की नजर हमारे देश के कुशल युवाओं पर है। कौशल से युक्त युवा ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम् कढ़ी की भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यकम अधिकारी संदीप मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ हुनरमंद होना भी अति आवश्यक है। विकसित देशों में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों व युवाओं को हुनरमंद भी किया जाता है। जिससे युवा शिक्षित होने के साथ कौशल हासिल कर आत्मनिर्भर व सशक्त बनते हैं।

कौशल विकास के कुछ मुख्य लाभ के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि कौशल के माध्यम से युवाओं द्वारा अपने अन्दर कौशल का विकास कर स्वयं के व्यवसाय को शुरू किया जा सकता है। उत्पादकता में वृद्धि होती है। वर्तमान समय में एक युवा के कौशल से शुरू किए गए उद्यम से कई अन्य हुनरमंद युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकता है।

संचालन कार्यक्रम अधिकारी अशरफ हुसैन ने किया। इस मौके पर लेखाकार सद्दाम हुसैन, फरहीन, राशिदा खातून, सीमा मौर्य, कहकशां आदि मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने खोला मोर्चा...बोले- बाढ़ की आड़ में बहाए जा रहे घोटालों के निशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बाढ़ और बारिश से बिगड़े हालात के लेकर सियासत गरमाने लगी है। इसे लेकर सपा नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। एक तरफ जमीनी स्तर पर नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग उठाई। आरोप लगाए गए कि बाढ़ की आढ़ में कुछ जिम्मेदार घोटालों के निशान मिटाने की तैयारी में जुट गए है। इसकी टीम बनाकर जांच कराने की मांग की गई है।

नकटादाना चौराहा स्थित कार्यालय पर सपा कार्यकर्ता सोमवार सुबह जमा हुए। इसके बाद जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे और एक-एक कर दो ज्ञापन डीएम कार्यालय के बाहर प्रशिक्षु एसडीएम मनीष कुमार को सौंपे गए। एक ज्ञापन बाढ़ के बाद जनपद के हालात से जुड़ा था। जिसमें कहा गया कि जनपद में बाढ़ की आड़ में विभिन्न विकास योजनाओं में आपदा में अवसर की नीति अपनाई जाने लगी है। किए गए घोटालों के निशन बाए. की आड़ में मिटाए जा रहे हैं। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। पीलीभीत -माधोटांडा, मझोला -सितारगंज, कलीनगर -पूरनपुर, पूरनपुर-खटीमास, गजरौला-बरखेड़ा, पीलीभीत-बीसलपुर समेत कई प्रमुख मार्ग कट गए। जिससे जनता बेहाल है। इसे जल्द सुचारू किया जाए। संचार और बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। उसे भी जल्द दुरुस्त कराएं। पांचों तहसील क्षेत्र में उच्चाधिकारियों को लगाकर फसलों व अन्य नुकसान का सर्वे जमीनी स्तर पर कराकर मुआवजा पीड़ितों को मिले। कचहरी में अधिवक्ताओं के चैंबर कई दिन तक पानी में डूबे रहे। उनका काफी नुकसान हुआ है। उन्हें भी मदद दी जाए। बाढ़ के बाद फैली गंदगी से बीमारियों का डर बना हुआ हे। इस पर भी ठोस कदम उठाए जाएं। इसके अलावा दूसरा ज्ञापन महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार की अगुवाई में दिया गया। जिसमें बताया कि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री ने दालों का मूल्य 100 रुपये किलो से ज्यादा न होने के संवेदनशील बयान देकर गृहणियों का उपहास उड़ाया है। महंगाई से घरेलू बजट बिगड़ चुका है। महंगाइ्र पर अंकुश लगाने की मांग राज्यपाल से की गई और आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालकराम सागर, , अमित पाठक,राममूर्ति गंगवार, लखविंदर सिंह पन्नू ,नरेश सागर,ज्योति प्रकाश शुक्ला,पिंटू यादव,अनु सक्सेना, मानसी शुक्ला, मन्नू शुक्ला, ज्योति उषा सपना, सुखरानी, सोमन, अनीता सिंह आदि थे।


डीएम कार्यालय के बाहर प्रशिक्षु एसडीएम मनीष कुमार को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता।

- सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन
- महंगाई को लेकर कृषि मंत्री के बयान की निंदा

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने बैठक कर की अभियान के तहत कार्यों की समीक्षा

अमृत विचारः ग्रामीण अंचलों में संचारी रोगों से बचाव के लिए चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की हकीकत जानने के लिए डीपीआरओ ने सभी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) के संग बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सचिवों से भी अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की स्थिति जानी। इस दौरान उन्होंने सचिवों को लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिले में संचारी रोगों से बचाव को लेकर एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सहयोगी विभागों को संचारी रोगों की रोकथाम से संबंधित कार्य एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायती राज विभाग द्वारा जिले की सभी 720 ग्राम पंचायतों में नालियों की सफाई, जलभराव समाप्त करने समेत झाड़ियों की कटाई आदि कार्य कराए जा रहे हैं। इधर, सोमवार को डीपीआरओ सतीश कुमार ने सभी सहायक विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी सचिवों के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में झाड़ियों की कटाई, नाले-नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन गांवों में अभी तक अभियान से संबंधित कार्य शुरू नहीं किए गए हैं, उनमें मंगलवार से ही सफाई कर्मियों की टीम बनाकर सभी संबंधित कार्य शुरू कराए जाएं। इस दौरान उन्होंने अभियान के कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने भी चेतावनी दी। बैठक में अभियान के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों के सापेक्ष धनराशि खर्च करने और ग्राम पंचायतों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर से सेवा देने में भी प्रगति करने के निर्देश सभी सचिवों को दिए।

### बैठक में देरी से पहुंचने पर एडीओ का स्पष्टीकरण तलब

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सोमवार को होने वाली बैठक को लेकर सभी सहायक विकास अधिकारियों को ससमय उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। बीसलपुर ब्लाक को छोड़कर अन्य सभी ब्लाकों के एडीओ समय में बैठक में पहुंच गए, बीसलपुर के एडीओ बैठक में देरी से पहुंचे। इस पर डीपीआरओ से संबंधित एडीओ पंचायत का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं।

# बैठक में तय की गई कार्यक्रम की रुपरेखा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला देशनगर में सोमवार को राष्ट्रीय लोधी महासभा की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर 21 जुलाई और महारानी वीरांगना अवंती बाई लोधी जन्मोत्सव कार्यक्रम 16 अगस्त को मनाया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, जिलाध्यक्ष ब्रह्म स्वरुप वर्मा, जिला महामंत्री आशीष लोधी, विजय राजपूत, चंन्द्रसेन वर्मा, राजू लोधी, हरद्वारी लाल आदि मौजूद रहे।

# राहत सामग्री बांटने में हो रहा पक्षपात

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु की मासिक पंचायत सोमवार को तहसील अध्यक्ष नंद किशोर राठौर की अध्यक्षता में हुई। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल गंगवार ने किया।

जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि पीलीभीत का किसान हाल ही में आई बाढ़ से बर्बाद हो गया है। उसकी गन्ना, धान और सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है।

फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की गई। कहा कि पीलीभीत की जनता को सरकार के द्वारा राहत सामग्री बांटी जा रही है। उसमें भी क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान की मिलीभगत से पक्षपात किया जा रहा है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर बालमुकंद प्रजापति, रामगोपाल, ओमप्रकाश, शिवचरनलाल , रामविलास,राम बहादुर, प्रवेशपाल, रामचंद्र राजपूत, डोरीलाल पाल आदि मौजूद रहे।


भाकियू की पंचायत में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY & PARAMEDICAL
PCI & State Medical Faculty Approved
D.Pharm/B.Pharm
(Now seats are available for direct admission)
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Diploma in X-ray Technician — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
Diploma in Lab Technician (DMLT) — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry & in Paramedical, healthcare assistant, laboratory analysts research assistants, medical technician, Radiology technologists, imaging technician, Diagnostic centres & research institutions. We prepare our students for various competitions like exit Exams. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com
Address : NH-30, Banthra, Shahjahanpur (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र शरद एवं पुत्रवधु सलोनी को उनके गलत आचरण के कारण उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों व लेनदेन के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. राधेश्याम, बिजलीपुरा, शाहजहाँपुर**

आवश्यकता है
मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज,
बहजोई रोड, चन्दौसी-244412 (सम्भल)
ई-मेल- mplc.chd777@gmail.com
बी०ए० एलएल०बी० (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की-
राजनीति विज्ञान- 1, समाजशास्त्र- 1,
अर्थशास्त्र- 1, इतिहास- 1,
अंग्रेजी- 1, विधि- 3
एलएल०बी० (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु
विधि-3
योग्यता व अनुभव- एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली / यू०जी०सी० के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में अपना परिपूर्ण आवेदन अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में प्रेषित करें। प्राचार्य
सम्पर्क सूत्र- 9412656205, 9412140100,9927040793

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0788016 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225605846 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सोनल पुत्री श्री नरेन्द्र, निवासी रजऊ परसपुर, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान का मूल बैनामा वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। **विनोद कुमार गुप्ता पुत्र आर. पी. गुप्ता निवासी 240ए, मो. थान सिंह निकट डिग्री कॉलेज पीलीभीत मो 9837082277**

CHANGE OF NAME
I, Deepak Kumar Singh S/o Late Shri Raghuvansh Singh, R/o GC Emerald Height T-1 Flat No. 133, Ramprastha Green Vaishali, Sec 7, Ghaziabd, UP. 201010 have changed my name Deepak Raghuvansh Singh to Deepak Kumar Singh for all future purposes.

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. औसाफ खां को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **शमीम खां पुत्र श्री मोहम्मद मियां खान, निवासी ग्राम गुगई, तहसील मीरगंज, जिला बरेली**

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारम नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्रयं त्यजेत्॥

काम, क्रोध और लोभ-आत्मा को भ्रष्ट कर देने वाले नरक के तीन द्वार कहे गए हैं। इन तीनों का त्याग श्रेयस्कर है।


## संपादकीय

# आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता

देश में महंगाई के मोर्चे पर एक बार फिर झटका लगा है। खुदरा के बाद थोक मंहगाई भी बढ़ी है। जून की थोक महंगाई दर 16 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई है। थोक मुद्रास्फीति जून में लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई। देश की जनता के लिए महंगाई का लगातार ये दूसरा झटका है। इससे पहले सरकार की ओर से रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। जून 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे रसायन तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही। खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत थी। जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। वास्तव में महंगाई के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य तौर पर खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।

गौरतलब है कि देश में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से दो मुख्य सूचकांकों-थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापा जाता है। थोक मूल्य सूचकांक थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। इसे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य में हुए परिवर्तन को मापता है तथा इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। हालांकि वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। सामान्य तरीके से बढ़ रही मुद्रास्फीति आम आदमी के बजट को प्रभावित कर रही है। रिजर्व बैंक की कोशिशों के बावजूद खुदरा मंहगाई पर रोक लगा पाना मुश्किल हो रहा है। आरबीआई खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत पर लाना चाहता है। मंहगाई को देखते हुए ही रिजर्व बैंक रेपो रेट में बदलाव का फैसला नहीं कर पा रहा है जबकि उद्योग जगत चाहता है कि रेपो रेट घटाया जाए। महंगाई पर काबू न पा सकने के पीछे बाजार और विपणन के प्रबंधन में व्यवस्थागत कमजोरी बड़ा कारण है। ऐसे में आपूर्ति की बाधाओं को दूर करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

# डायबिटीज में रिसर्च से क्षितिज पर नई उम्मीद का उदय



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ड्रग कंपनियों के मार्किट प्रतिनिधियों को मार्केटिंग ट्रायल्स के दौरान जो फ्री-सैम्प्लेस या ड्रग के बारे में सूचना प्रदान करने वाले पैम्फलेट्स मिलते हैं, वे ही अधिकतर क्लिनिशियंस के लिए सूचना का आधार हैं। ऐसा करना अनैतिक तो है ही, रिस्की भी बहुत है।**

डायबिटीज को लेकर पीयर रिव्युड, बेहतरीन जर्नल्स में 10 साल में प्रकाशित हुईं 100 से अधिक रिसर्च स्टडीज देखीं जिनके शानदार स्टडी-डिजाईन्स देखकर रिसर्चर्स की मौलिक सोच पर गर्व होता है। प्रत्येक स्टडी ने इस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के प्रति हमारी समझ को उन्नत किया है। इस चयापचयी विकृति को क्लिनिकल स्तर पर नियंत्रित करने वालों के लिए इन नवीन अनुसंधान पेपरों में दर्ज जानकारी से मनुष्य के शरीर के इंटरनल ऑर्गन्स, माइक्रोबायोम, आदतों में बारीक से बारीक पहलु, परिवेशी तत्व और आहार में आकस्मिक बदलाव के अलावा डायबिटीज के रेगुलर कंट्रोल प्रोटोकॉल में भी इनकी बिनाह पर परिवर्तित किया जाना अब जरूरी हो गया है। नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक टाइप-2 और इन्सुलिन डिपेंडेंट टाइप-1 का एक भुक्त-भोगी दसियों-बीसियों साल तक एक बेहतरीन डॉक्टर की सलाह से अपने ब्लड-ग्लूकोसाइड लेवल और इन्सुलिन रेजिस्टेंस को लेकर जूझता रहता है, लेकिन इस दौरान हुई मान्य रिसर्च से निकले संदेश कुछ और ही कहने लगते हैं। रिसर्च के नतीजे ड्रग डेवेलपमेंट कंपनियों के मार्ग से होकर ड्रग-मार्किट में उतारे जाने के बाद क्लिनिकल प्रैक्टिशनर्स तक पहुंचने में 15-20 वर्ष का समय लग सकता है जिसके लिए अरबों रुपया खर्च हो चुका होता है।

कुछ साल पहले तक बोवाइन ऑरिजिन की इन्सुलिन आया करती, लेकिन अभी कुछ वर्ष के बायो-इंजीनियर्ड या जेनेटिकली इंजिनियर्ड इन्सुलिन ही सुलभ है जो पहले वाली से बेहतर साबित हुई है। रिसर्च स्टडीज की संख्या बेहिसाब है लेकिन जिस दर से इसकी रिपोर्टिंग ख्यात जर्नल्स में होती है उसके हिसाब से साइंसदान अनेक तरीके अपनाकर और इस चयापचयी विकार की प्रकृति को जानते हुए शरीर क्रिया विज्ञान के जो नए रहस्य उघाड़ रहे हैं उससे ड्रग डेवलप करने वालों के काफी ऐसे नुक्ते मिल रहे हैं जिनकी वजह संभावित मॉलिक्यूल्स पर परीक्षण यह देखने के लिए किए जाते हैं इनमें से बेहतरीन और सुरक्षित कौन सा है। संख्या के हिसाब से मुझे नहीं लगता कि लेटेस्ट रिसर्च लिटरेचर तक पुराने या बूढ़े हो चुके क्लिनिशियंस एक्सेस रखते होंगें जबकि उन्हें ऐसा करने की अधिक जरूरत है। ड्रग कंपनियों के मार्किट प्रतिनिधियों को मार्केटिंग ट्रायल्स के दौरान जो फ्री-सैम्प्लेस या ड्रग के बारे में सूचना प्रदान करने वाले पैम्फलेट्स मिलते हैं, वे ही अधिकतर क्लिनिशियंस के लिए सूचना का आधार हैं। ऐसा करना अनैतिक तो है ही, रिस्की भी बहुत है। अनुमान लगाएं कि जिस दवा के विकास पर 150 से 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक का खर्चा होता है डायबिटिक ड्रग्स की सेल्स प्राइस रखते हुए कंपनी की नीति क्या एफोर्डेबल कीमतों के भीतर होगी या महंगी यह सवाल उठना लाजिमी है। जानकार कौतुक होता है डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए जो दवा और इन्सुलिन सन 2023 में पीड़ितों ने खरीदी थी उस पर दुनियाभर के मरीजों ने 79.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स खर्च किए। कहा गया है कि इस साल यह खर्चा बढ़कर 89. 39 और सन 2032 में 153.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का हो सकता है। भारत के मामले में इस विषय की बाबत बेहतरीन और भरोसे लायक जानकारी लेने के लिए हमें सुमित ओबरॉय और पूजा कंसरा का सन 2020 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डायबिटीज इन डेवलपिंग कन्ट्रीज में इकॉनोमिक मीनेस ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया-ए सिस्टेमेटिक रिव्यु नाम से समीक्षा शोधपत्र पढ़ना होगा। भारत के चार भौगोलिक क्षेत्रों में डायबिटिक व्याधि से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या में फर्क है। इस नाते वे इस पर नियंत्रण रखने के लिए जो दवा और इन्सुलिन खरीदते हैं और डायबिटिक होने की वजह से रेटिनोपैथी, पैरों में निकले हुए फोड़े और अन्य दिक्कतों के इलाज के लिए जितना पैसा खर्चते हैं उसका भारतीय मुद्रा में अभी का मूल्य रु. 14 अरब 18 करोड़ से अधिक है जोकि सन 2029 में बढ़कर 27 अरब 55 करोड़ होने की संभावना है। मालूम होना चाहिए कि देश में डायबिटीज की ड्रग्स पर सब्सिडी नहीं है, लेकिन सन 2026 के बाद सरकार देश में दवा निर्माता कंपनियों को कुछ प्रोत्साहन देने की घोषणा कर चुकी है। देश में बिकने के जारी जीवन रक्षक दवा की कीमतों पर सरकारी नियंत्रण का हवाला तो दिया जाता है, लेकिन इस मामले में सरकार की अधिक इसलिए नहीं चलती कि सरकारी क्षेत्र का दवा निर्माता उद्योग जमीन में दफ़न किया जा चुका है। ओपन मार्किट में दवा की कीमतों में इजाफे का एक कारण ड्रग कंपनियों का लालच तो है ही परन्तु मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी भी है जिससे मांग अधिक है।

**डायबिटीज, पारंपरिक आयुर्वेदिक विवरण वाले शब्द मधुमेह से बहुत आगे की बात हो गई है। इस बारे में कण-कण इकट्ठा करके जो जानकारी मनुष्य के शरीर में होने वाली सूक्ष्म स्तरीय जांच और अध्ययन से जुटाई जाती रही है, वह चकित करती है।**

सन 1992 में अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के जर्नल डायबिटीज केयर में प्रकाशित एक पर्चे ऑनसेट ऑफ़ डायबिटीज ऑफ़ एन आईडीडीएम ऑकर्स एट लीस्ट 4-7 इयर्स बिफोर क्लिनिकल डायग्नोसिस में कहा गया कि नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटीज का क्लिनिकल जांच के द्वारा सत्यापन या पुष्टि होने से से 4 से 7 साल पहले ही मालूम किया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि भारत में अच्छे से ट्रेंड और अनुभवी फिजिशियन अपने पास आने वाले मरीजों में डायबिटीज के सस्पेक्ट्स की स्क्रीनिंग करते समय जो क्लिनिकल टेस्ट्स कराते हैं इनके नतीजों को ध्यानपूर्वक देखने के बाद समझ न पाते हों। लेकिन क्या वे उनकी लैब के तकनीशियन को इस मामले में ठीक से बायोकेमिस्ट्री और बायोकैमिकल एनालिसिस करनी आती है? क्या डायबिटीज की नैदानिकी अर्थात डायग्नोसिस सिर्फ एक चांस है? क्या क्लिनिकल जांच के में ब्लड टेस्ट के दौरान हीमोग्लोबिन 1-ए सी अर्थात ग्लायकेटिड हीमोग्लोबिन की उपस्थित मात्रा मापने के लिए सन 1980 से इस्तेमाल किये जा रहे मेथड को हमारे प्राइवेट क्लिनिशियंस इस्तेमाल कर रहे हैं या फिर यह मेथड सिर्फ डायबिटीज केयर क्लिनिक्स और उन्नत अस्पतालों में ही इस्तेमाल होता है। जैसाकि ख्यात और अनुभवी फिजिशियन डॉ.रविमोहन ने बताया है कि इस मेथड को इस्तेमाल किया जाता है और कैलिब्रेटिड मशीनों से ग्लायकेटिड हीमोग्लोबिन की वैल्यूज को देख कर विजिटर को जरूरी सलाह दी जाती है। लेकिन चेताया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सेल्फ-डायग्नोसिस और क्लिनिकल टेस्ट उन मशीनों से करके इन्टरप्रेट न किए जाएं, जो बाज़ार से लाए गए ग्लूकोमीटर या ब्लड प्रेशर मशीनें बताती हैं। यह अत्यंत रिस्की है।

कुछ सालों बाद जब बाहरी इन्सुलिन लेते-लेते शरीर थक जाता है तब क्लिनिशियंस भी दिग्भ्रमित और निराश हो जाते हैं क्योंकि शरीर पहले की तरह रेस्पॉण्ड नहीं करता। तब वे खुद पर विश्वास करते हुए 'परंपरा' से जो होता आ रहा है उसी पर विश्वास करते हैं। डायबेटिक्स के मैनेजमेंट को लेकर बहुत अनिश्चितता अभी से ही है। रिसर्चर्स चाहे कितना भी शानदार रिसर्च करते रहें बात असल में अर्ली चाइल्ड-हुड स्क्रीनिंग, डाइट मैनेजमेंट, लाइट-टू-मॉडरेट एक्सरसाइज के अलावा परिवेश मैनेजमेंट से भी ताल्लुक रखती हैं। डायबिटीज कंट्रोल के लिए जो भी, जैसी भी जानकारी का अम्बार उपलब्ध है उसकी विवेकपूर्ण समीक्षा हर साल होनी चाहिए और इसका प्रसार होना चाहिए।

डायबिटीज, पारंपरिक आयुर्वेदिक विवरण वाले शब्द मधुमेह से बहुत आगे की बात हो गई है। इस बारे में कण-कण इकठ्ठा करके जो जानकारी मनुष्य के शरीर में होने वाली सूक्ष्म स्तरीय जांच और अध्ययन से जुटाई जाती रही है, वह चकित करती है। मनुष्य शरीर की काम्प्लेक्स केमिकल मशीनरी कब, किस तरह से बीहेव करती है अभी इतना रहस्मयी नहीं रहा। मुझे विश्वास ही नहीं बल्कि ऐसे पर्याप्त और मजबूत संकेत मिल रहे हैं कि मेटाबॉलिक डिसऑर्डर्स पर नियंत्रण पाने और इसके कुशल मैनेजमेंट की 'की' या चाबी अंतरिक्ष स्टेशन्स पर समय बिताने वाले मनुष्यों पर अध्ययन से ही मिलेगी। इसे हमें एक नए बायोलॉजिकल फ्रेम में समझने की जरूरत पड़ेगी। धरती पर विभिन्न ज्योग्राफिक रीजन्स में रहने वाले हर तरह के जीव जंतुओं की शरीरक्रिया और चयापचयी अध्ययनों से हमें मनुष्य के मेटाबॉलिक सिस्टम और डिसऑर्डर्स को समझने में बहुत मदद मिली है। बहुत सी स्टडीज 'अनुकूलन' को लेकर हुयी हैं, अर्थात एडाप्टेशन के बारे में। इससे डायबिटीज कण्ट्रोल के लिए कुछेक नए प्रकार के ऐसे रसायनों के बारे में वैज्ञानिकों ने मालूमात हासिल की हैं जो ड्रग डिस्कवरी के लिए नयी खिड़कियां खोल चुका है। डायबिटीज बहुत की काम्प्लेक्स और मारू बीमारी है।

## प्रसंगवश


# नए विकास की पहचान



अमित त्यागी
स्तंभकार, शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में नदी ने अंगड़ाई ली। लोगों ने बाढ़ कह दिया। प्रशासन की सरपरस्ती में नदी क्षेत्र में प्लाटिंग हुई। प्लाटर मालामाल हुए। बैनामा हुआ। दाखिल खारिज हुआ। नगर पालिका ने सड़कें बना दी। सभी विभागों ने अपना माल बेच लिया। लोगों ने अपना धन खर्च करके आशियाना बना लिया। प्रशासनिक जटिलताएं पूरी कर ली। पर किसी ने क्षेत्र के मालिक से अनुमति नहीं ली। जब कुछ समय बाद मालिक (नदी) अपने विराट स्वरूप में आई, तो लोगों ने उसे बाढ़ कह दिया। नदी तो सिर्फ अपने आंगन के विस्तार में मचली है, अभी उसने हद पार ही कहां की है? सोचिए जब वह अपने आंगन में है तब इतना कोहराम है, एक बार यदि उसने दहलीज पार कर दी, तब हमारा क्या हश्र होगा? मकान मालिक को लगता है कोलोनाइजर ने गलत किया। कोलोनाइजर का तर्क होता है कि नियम विरुद्ध होता तो प्रशासन कैसे पास करता। प्रशासनिक तंत्र राजनीतिक दलों के लिए धन तंत्र का काम करता है। बड़ा चंदा बड़ा व्यापारी ही दे सकता है। अब जिसका साफ हो धंधा, वह क्यों दे चंदा। यानि कि पूरी प्रक्रिया में कोई दोषी साबित नही हुआ। शायद, गलती नदी की है कि उसने क्यों विस्तार किया जबकि नदी ने तब भी आह नहीं भरी थी जब उसका पानी रोककर बांध बना था। उसने तब भी नहीं रोका जब उसमे पानी छोड़ा गया। उसमे गंदे नाले और रसायन भरी गंदगी छोड़ी गई। रीवर फ्रंट के नाम पर उसके किनारे बांध दिए गए। नदी तो विकास के नाम पर समर्पण करती चली गई। अब जब विकास का मानक ही है जिसमें नदी अच्छी दिखनी चाहिए। सेल्फी अच्छी आनी चाहिए। इसके लिए प्रकृति से कितना भी दूर होना पड़े। प्रकृति विरोधी विकास अब भरभरा कर गिर रहा है। कभी अयोध्या रामपथ में तो कभी दिल्ली आदि एयरपोर्ट पर। विकास का मॉडल धंस रहा है। विकास का यह मॉडल किसी राजनीतिक दल का नहीं है। इसका आधार है लूट तंत्र, कमीशनखोरी और अपना लाभ लेकर निकल लो। सब लाभ लेकर निकल चुके हैं, हानि सिर्फ पीड़ित की है। वह अचंभित है, हलकान है। बस यही नए विकास की पहचान है।

# संविधान: असहमति के वे स्वर



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

**जिस संविधान को देश ने 26 जनवरी 1950 को अंगीकार किया, उसे स्वीकार करने के पूर्व संविधान सभा में असहमति के अनेक स्वर भी उठे थे।**

संविधान को बदले जाने की आशंका से शुरू शोर पलटवार के तौर पर हर साल 25 जून को 'संविधान की हत्या दिवस' की सरकारी घोषणा तक पहुंच गया है। 18 वीं लोकसभा की शुरुआत में शपथ ग्रहण के समय नेता विपक्ष सहित अनेक सदस्यों के हाथों में संविधान की प्रति थी तो दूसरी ओर नवनिर्वाचित स्पीकर सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण में 1975 की इमरजेंसी के डरावने 21 महीनों का जिक्र था। बाद में इसकी निंदा का प्रस्ताव भी पास हुआ। तय है कि बजट सत्र में इस मुद्दे पर आस्तीनें चढ़ी रहेंगी। इन सबके बीच संविधान की स्वीकृति के समय उठे असहमति के अनेक स्वरों का पुनर्पाठ दिलचस्प है।

जिस संविधान को देश ने 26 जनवरी 1950 को अंगीकार किया, उसे स्वीकार करने के पूर्व संविधान सभा में असहमति के अनेक स्वर भी उठे थे। 17 नवंबर 1949 को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा को संविधान बन जाने की सूचना दी थी। उसे पारित करना शेष था। लेकिन उसके पहले सदस्यों को संविधान को लेकर विचार व्यक्त करने का आखिरी अवसर मिला। 17 नवंबर 1949 से 24 नवंबर 1949 के बीच बहस में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या 125 थी। असहमतियों के बीच भी संविधान के मसौदे को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्राप्त हुई थी लेकिन अनेक सदस्यों ने विभिन्न मसलों पर अपनी आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं।

इस बहस में पंडित कमलापति त्रिपाठी (संयुक्त प्रांत) ने कहा था, 'हमारे इस संविधान में भारत की आत्मा का कोई परिचय नहीं है। संविधान बनाते हुए हमने देश की संस्कृति, परंपरा, इतिहास की अनदेखी की है। टीजेएम विल्सन (मद्रास) लोकतंत्र का सार केवल यह नहीं है कि राजनैतिक दलों का अस्तित्व रहे। शासन में व्यक्ति की जितनी ज्यादा हिस्सेदारी होगी, शासन उतना प्रभावी रहेगा। संविधान के संघीय रूप को काफी संकीर्ण बना दिया गया।

लोकनाथ मिश्र (उड़ीसा) इस संविधान का आरंभ बहुत ऊंचे शब्दों से हुआ है लेकिन इसके आदर्श निरर्थक ही हैं। डॉक्टर पीएस देशमुख (मध्य प्रांत) संविधान में संगठन की ऐसी शक्तियों की उपेक्षा की है, जो उपयोगी सिद्ध हो सकती थी। संगठन की एक शक्ति धर्म भी है। जिस संसदीय लोकतंत्र की संविधान ने व्यवस्था की है, उसका उद्देश्य वर्तमान व्यवस्था में आधारभूत परिवर्तन नहीं, अपितु प्रचलित ढांचे को बनाए रखना है। अलगू राय शास्त्री (उत्तर प्रदेश) देश के नाम पर आते हैं। मुझे अफसोस है कि हम गुलामी की मानसिकता से उबर नहीं सके। हमने खोलकर नहीं कहा कि हमारे देश का नाम क्या होगा? इंडिया दैट इज भारत, यह क्या नाम है? सरदार हुकुम सिंह (पंजाब) मेरी राय में यह एक गलत बुनियाद है, जिस पर हमने संविधान का पूरा ढांचा खड़ा कर दिया। व्यक्ति और राज्य के प्रति समुचित न्याय करने के बारे में विधानमंडल की अपेक्षा न्यायपालिका पर अधिक निश्चिंतता से भरोसा किया जा सकता है।

रामनारायण सिंह (बिहार) यह तो ठीक है कि हम बहुत दिन से गुलाम थे। लेकिन इस संविधान को देखकर हमारी भावी संतानें कहेंगी कि ये दिल्ली में नहीं बल्कि लंदन में बना था। सेठ गोविंददास (जबलपुर) मुझे एक बात खटकती है और सदा खटकती रहेगी कि इस प्राचीनतम देश का यह संविधान स्वतंत्र होने के बाद भी विदेशी भाषा में बनाया गया। लक्ष्मी नारायण साहू (उड़ीसा) जिस आदर्श से हम संविधान बनाना चाहते थे, उससे बहुत दूर भाग गए हैं। पहले देश का नाम भारत रखा। लेकिन दुनिया को समझ नहीं आएगा, इसलिए इंडिया दैट इज़ भारत कर दिया। नेशनल लैंग्वेज क्या होगी? कोई चर्चा नहीं। सेठ दामोदर स्वरूप (संयुक्त प्रांत) यह संविधान दुनिया का सबसे लंबा-चौड़ा संविधान हो सकता है। हिंदुस्तान के बड़े कानून जानकारों के लिए स्वर्ग और धनकुबेरों के लिए मैग्नाकार्टा हो सकता है लेकिन देश के जहां तक करोड़ों गरीबों और भूखे-नंगों का सवाल है, उनके लिए इस संविधान में कुछ नहीं हैं। टी.प्रकाशम (आंध्र प्रदेश) यह वह संविधान नहीं है, जिसकी मैं देश के लोगों के लिए आशा करता था। हम यह नहीं भूल सकते कि यह विभक्त भारत का संविधान है, जिसमें हमारी मातृभूमि का 4/5 अंश ही शामिल है। यह संविधान एक मध्यमार्ग है और उसमें मध्यमार्ग की समस्त त्रुटियां हैं। मैं इसे अपने सपनों के स्वतंत्र भारत का संविधान नहीं कह सकता।

## सोशल फोरम

# श्रद्धा की सत्ता का शहर



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा की खासियत है यहां 'ज्ञान' और 'पद' निरर्थक हैं, 'व्यवहार' प्रमुख है। समूचा वातावरण कुछ इस तरह के ताने-बाने से बना है कि ज्ञान का असर कम और दैनंदिन व्यवहार का असर ज्यादा होता है। समूचे पुराने शहर में ईश्वर, धार्मिकता और श्रद्धा की गंध हावी है। हर चीज श्रद्धा की गंध में लिपटी है, यहां तक कि मोबाइल में भी आम लोग हलो कहने की बजाय राधे राधे या जै बंशी वारे की, कहते मिलेंगे। यहां के लोग कहने में नहीं चूकते, वे आमतौर पर लिहाज नहीं करते। उनके लिए तो श्रद्धा ही महान है। विवेक गौण है। भारत में धर्म के मनोविज्ञान का ईश्वर से कम और श्रद्धा से ज्यादा संबंध है। श्रद्धा उनको जोड़ती है साथ ही अनालोचनात्मक बनाती है, सोचो मत अनुकरण करो, का भाव बोध पैदा करती है। शुद्ध श्रद्धा यदि ईश्वर पूजन तक रहे तो ठीक है, यदि वह जीवन के सभी क्षेत्रों में विस्तार पाती है तो मुश्किलें पैदा करती है। सामान्यजन में श्रद्धा के साथ विवेक का होना जरूरी है। ऐतिहासिक विकास के क्रम में धर्म के ज्ञान हीन रुपों के विकास ने श्रद्धा को अंधविश्वासों की ओर मोड़ दिया। भारत में धर्म के किसी भी पंथ में जाएं लेकिन उसके बारे में ज्ञान अर्जित करें। ईश्वर को पूजने के पहले उसके आख्यान, इतिहास आदि को जानना जरूरी है, इससे धर्म और ईश्वर के प्रति अज्ञान खत्म होता है, ईश्वर विमर्श के लोकतांत्रिक आयाम खुलते हैं। ईश्वर के साथ अंधविश्वास तब दाखिल हुए जब ज्ञान से उसका संबंध टूट गया, ईश्वर ज्ञान के कारण अंधविश्वासी होने की संभावनाएं कम होती हैं। मथुरा का समूचा मनोविज्ञान दूसरे को सुनाने पर टिका है, लेकिन कोई किसी की सुनता नहीं है। खुद में खोए लोग हैं यहां के। ईश्वर और उसकी ऐतिहासिक समझ ही तमाम किस्म के अज्ञान और आडंबर से मुक्ति दिलाती है। मथुरा में 'हे' और 'अरे' के संबोधित में हर व्यक्ति बात करता है, गालियों का बात बात में प्रयोग करते हैं। गालियों का प्रयोग इस बात का द्योतक है कि सभ्यता के विकास में यह शहर सैंकड़ों वर्ष पीछे चल रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# वीआईपी सुरक्षा




बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

**अमेरिका में पूर्व में चार राष्ट्रपति की हत्या हो चुकी है तथा कई नेताओं पर ऐसे हमले हो चुके हैं। अमेरिका में शस्त्र रखने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती और आए दिन स्कूलों, माल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं होती रहती हैं।**

14 जुलाई की शाम को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया के बटलर शहर में आयोजित चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया। हमले में ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से पर गोली लगी। उस समय वह रैली को संबोधित कर रहे थे। ट्रंप भाग्यशाली थे कि यह गोली उनके शरीर की ऊपरी सतह से होकर निकल गई अन्यथा अनर्थ संभव था। ट्रंप आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं। हमलावर लगभग 250 फुट दूर एक ऊंचे स्थान से आटोमेटिक रायफल से फायरिंग की थी। 20 वर्षीय हमलावर थामस मैथ्यू क्रूक्स सीक्रेट सर्विस फोर्स द्वारा मार गिराया गया। हत्या के प्रयास के कारण का पता अभी तक नहीं चल सका है।

अमेरिका में पूर्व में चार राष्ट्रपति की हत्या हो चुकी है तथा कई नेताओं पर ऐसे हमले हो चुके हैं। अमेरिका में शस्त्र रखने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती और आए दिन स्कूलों, माल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं होती रहती हैं। इस "गन कल्चर" को रोकने हेतु शस्त्र लाइसेंस की आवश्यकता की मांग होती रहती है लेकिन नागरिक स्वतंत्रता के नाम पर अभी तक लाइसेंस अनिवार्य नहीं किया गया। ट्रंप की चोट देखकर मुझे पुलिस मुठभेड़ की याद आ गई जिसमें प्रायः बदमाश की गोली पुलिस कर्मी के शरीर को खरोंचते निकल जाती है। अगर ऐसी घटना हमारे देश में हुई होती तो विरोधी इसे ट्रंप द्वारा प्रायोजित बता देते। हमारे देश में भी देश विरोधी तत्वों, माफियाओं, तस्करों तथा राजनैतिक विरोधियों से बड़े राजनीतिक नेताओं को जीवन भय बना रहता है लेकिन नेता इससे लापरवाह रह कर सभाएं, रैलियां करते रहते हैं। अब तो चुनाव प्रचार में शहरों की सड़कों पर खुले वाहन पर शान से भीड़ में चलने (रोड शो) का चलन बढ़ता जा रहा है, जिसमें जीवन भय कई गुना अधिक होता है। अगर आपने मौके या टीवी पर उस शो को देखा है तो आप जानते हैं कि ऐसी भीड़ में कितनी आसानी से लंबी दूरी की टेलिस्कोपिक रायफल से वीआईपी की हत्या की जा सकती है। ट्रंप का हत्यारा तो सीक्रेट सर्विस फोर्स द्वारा मारा गया, हमारे यहां तो कातिल खरामा खरामा टहलते हुए सुरक्षित चला जाएगा। हमारे नेताओं को इस हमले से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, वे सुरक्षाकर्मियों पर ही निर्भर न रह कर स्वयं भी अपनी सुरक्षा पर ध्यान दें नहीं तो हम हाथ मलते रह जाएंगे और एसआईटी, मजिस्ट्रेटीय एवं न्यायिक जांच में ही उलझे रहेंगे।

# लोकस्तदनुवर्तते



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

हमारे त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश। ब्रह्मा समस्त सृष्टि के रचयिता हैं, वे अविवाहित रहे। समुद्र मंथन के दौरान लक्ष्मी प्रकट हुईं और उन्होंने भगवान विष्णु का पति के रूप में स्वयं ही वरण किया। जगज्जननी पार्वती जन्म जन्म में "अशिव भेस सिव धाम कृपाला" की अर्धांगिनी होने के लिए घोर तपस्या करती रहीं। हमारी सनातन हिंदू परंपरा में शिव पार्वती का विवाह ही आदर्श विवाह माना जाता है। शिव पुराण में विवाहोत्सव का जो वर्णन है, कमोवेश तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में उसी का उल्लेख किया है। उत्तर भारत में अधिकांश विवाह इसी परंपरा के अनुरूप संपन्न होते हैं।

अंबानी के परिवार में अनंत एवं राधिका का परिणय इस समय चर्चा में है। मुख्य रूप से लोग यह कहते हैं कि आखिर इतने आडंबर और धूमधाम के साथ संपन्न इस अत्यंत खर्चीले विवाहोत्सव से अंबानी परिवार साबित क्या करना चाहता है? क्योंकि उनकी अपने क्षेत्र मे श्रेष्ठता स्वयं सिद्ध है। शादी ब्याह एक निजी एवं पारिवारिक मामला है। प्रत्येक मां-बाप एवं वर-वधू के अपने अरमान होते हैं। उसे अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूरा किए जाने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह सर्वविदित है कि मुकेश अंबानी के देश एवं विदेश की तमाम नामचीन हस्तियों से व्यक्तिगत संबंध है। अतः उनके लिए यह स्वाभाविक है कि अपने यहां खुशी के अवसर पर अपने इष्ट मित्रों को आमंत्रित करें और आमंत्रित लोगों का कार्यक्रम में आना भी स्वाभाविक है। अकूत धन है वे अपनी समझ से उसका उपयोग कर रहे हैं। मूल समस्या हर कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर है। क्या यही कार्यक्रम बिना व्यापक प्रचार प्रसार के संभव नही था? शादी ब्याह के अवसरों पर अनाप शनाप खर्च, धन वैभव का फूहड प्रदर्शन एक स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है और यह बीमारी हमारे मध्यम व तथाकथित निम्न वर्ग मे भी संक्रमित हो चुकी है, जो एक चिंता का विषय है। ऐसे में जो हमारे देश और समाज के मूर्धन्य लोग हैं, वे समाज के लिए एक आदर्श, एक उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। कई लोगों ने किया भी है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य लोग भी उसकी देखा-देखी वैसा वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर देता है, समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बर्ताव करने लग जाता है।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवोतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

क्या मुकेश अंबानी स्वयं को श्रेष्ठतर सिद्ध करने के अवसर पर चूक गए?

# परंपराओं का ज्ञान



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां परंपरा की व्याख्या को लेकर कई तरह की गलतफहमियां हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी ने परंपरा की सबसे अच्छी व्याख्या की है, 'परंपरा का शब्दार्थ है एक का दूसरे को, दूसरे का तीसरे को दिया जाने वाला क्रम। वह अतीत का समानार्थक नहीं है। परंपरा से हमें समूचा अतीत नहीं प्राप्त होता। उसका निरंतर निखरता-छंटता-बदलता रूप प्राप्त होता है।' (परंपरा और आधुनिकता)। स्पष्ट है, रूढ़ि परंपरा का वह छंटा हुआ रूप है जो प्रगति में रुकावट है। रूढ़ि वह है जिससे सत्य खो गया है। रूढ़ि परंपरा का शव है। रूढ़ियां समाज को मुर्दा बनाकर रखती हैं, चाहे वे अतीत की हों या आधुनिक युग की। उनमें नवोन्मेष की शक्ति नहीं होती। भारतीय परंपराओं को जानने के लिए सबसे पहले बुद्धि की जरूरत है। बुद्धिपरकता के बिना परंपरा अंधे के हाथ का आईना है। रूढ़ियों से भिन्न, परंपराएं बुद्धि से निखरती हैं, प्रयोग से पुनर्नवता हासिल करती हैं और संवाद से विकसित होती हैं। इस तरह पहली सावधानी यह बरती जानी है कि रूढ़ियों को परंपरा न माना जाए।

प्रेमचंद के लिए साहित्य का महत्व इसलिए है कि यह रूढ़ियों और बंधनों से मुक्त करता है। वे लिखते हैं, 'हम साहित्यकार से यह भी आशा करते हैं कि वह अपनी बहुज्ञता और विचारों की विस्तृति से हमें जाग्रत करे, हमारी दृष्टि तथा मानसिक परिधि को विस्तृत करे।' (कुछ विचार) अगर यह उद्देश्य हो, तब हम वस्तुतः अन्य परंपराओं की आलोचनात्मक समझ बनाते हैं, उन पर अंध-आक्रमण नहीं करते।

# तालाब में डूबकर बालक की मौत, दो लोगों पर हत्या का आरोप

## गांव रुजहा कलां की घटना, एफआईआर दर्ज कराने को लेकर अड़े परिजन, दो घंटे बाद दी तहरीर

संवाददाता, खुटार



परिजनों से घटना की जानकारी लेते थानाध्यक्ष संजय कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांव रुजहा कलां में हाईवे किनारे स्थित विरिया ताल के तालाब में डूबकर 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिजनों ने गांव के रहने वाले दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजने की तैयार की। लेकिन परिजन पहले आरोपियों के नाम एफआईआर दर्ज कर कॉपी देने की बात पर अड़ गए। पुलिस ने परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कहीं जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेजा। करीब दो घंटे पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।



मृतक शोभित।

क्षेत्र के गांव रुजहां कलां निवासी राजकुमार जाटव के बड़े बेटे उमेश (21) की शादी 12 जुलाई को पुवायां के गांव खाड़ेपुर निवासी जयचंद्र की पुत्री प्रीति के साथ हुई थी। सोमवार को राजकुमार अपने बेटे उमेश, पत्नी राम बेटी व रिश्तेदारों के साथ बहू प्रीति की विदा कराने खाड़ेपुर गए थे। घर में पुत्री काजल, पुत्र शोभित व अन्य रिश्तेदार थे। सभी काम में व्यस्त थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के दो लोग घर से शोभित(10) को बुलाकर तालाब में स्नान करने के लिए अपने साथ लेकर चले गए। जहां उक्त लोगों ने शोभित को गहरे पानी में ले जाकर डूबो दिया। आरोपियों ने बेटे को मिट्टी में आधा हिस्सा तक दबा दिया। सोमवार करीब एक बजे गांव के युवक ने शोभित के घर घटना की सूचना दी।

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां


राजकुमार जाटव ने बताया कि घर में 12 जुलाई को बड़े बेटे उमेश की शादी हुई थी। उसी को लेकर घर में परिवार, रिश्तेदार और गांव की तमाम महिलाएं ढोलक बजा रहे थी और गीत, संगीत, भजन गाए जा रहे थे। सोमवार को वह बेटे उमेश के साथ बहू की विदा कराने गया था। वहां पहुंचा ही था कि बेटे शोभित के तालाब में डूबने की खबर आ गई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद घर पहुंचा तो बेटे शोभित का शव पानी से भीगा हुआ शव देखा। बेटे की मौत से परिवार में दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। साथ ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

- **घटना के समय बहू को विदा कराने गया था परिवार, तीन दिन पहले हुई थी बड़े बेटे की शादी**

सूचना पर काजल अपनी बुआ के बेटे हर्षित, परमानंद, मामा के लड़के प्रदीप के साथ घटनास्थल पर पहुंची। उसने पिता राजकुमार को जानकारी दी। घटना के बाद गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जहां शाहरुख, शाहिद ने तालाब में घुसकर शोभित के शव को निकाला। वहीं बहू की विदा कराने गए परिवार के लोग लौट आए। सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने की तैयारी की, तभी मृतक के पिता राजकुमार ने गांव के दो लोगों पर हत्या कर शव तालाब में मिट्टी में गाड़ने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि पहले एफआईआर दर्ज हो, तब शव पोस्टमार्टम को भेजा जाए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया और शव पोस्टमार्टम भेज दिया है। शोभित गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ता था। राजकुमार के घर में सबसे बड़ा बेटा उमेश (21), सुमित (18), अभिषेक (7), पुत्री काजल (16) है। जबकि शोभित (10) तीसरे नंबर का था। इसके अलावा उनकी पत्नी राम बेटी, मां सुशीला देवी है।

> परिजनों की सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा था। परिजनों से बात की गई। परिजनों द्वारा गांव के कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

### तालाब में डूबकर ढाई वर्षीय बालक की मौत



मृतक दिव्यांश।

**निगोही, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अब्दुल कलाम नगर निवासी देवेंद्र सिंह का ढाई वर्षीय बेटा दिव्यांश सोमवार को किसी समय खेलते-खेलते दरवाजे पर तालाब के किनारे पहुंच कर उसमें गिर गया। परिवार वाले बच्चे को काफी तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नही चला। बडी बहन कामिनी सामने बबलू मीठ वाले से पता करने गई। उसने मना कर दिया। उसी तालाब में एक व्यक्ति शाम चार बजे मछली पकड रहा था। बबलू मछली पकड़ने वाले को भगाने गया, तभी देखा कि तालाब में बच्चा उतरा रहा है। उसने सूचना परिजनों को दी, तब बच्चे के शव को बाहर निकाला गया। मृतक बच्चे का परिवार निगोही क्षेत्र के गांव करौंधी का मूल निवासी है। देवेंद्र परिवार सहित निगोही में रहता हैं। उसका किराना स्टोर हैं। मृतक दिव्यांश को गांव करौंधी लेकर परिजन चले गए।



रोते बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### दुधौना गांव के बाहर मिला शव, शिनाख्त नहीं

**सेहरामऊ दक्षिणी :** एसओ रोहित सिंह ने बताया कि रविवार की शाम दुधौना गांव के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उसकी उम्र 40 साल होगी। शव कई दिन पुराना लग रहा है और सड़ भी चुका है। गांव के किनारे खन्नौत नदी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाढ़ के पानी में बहकर आ गया होगा। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बकरी चराने गए किशोर की डूबकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एक किशोर खेत पर बकरी चराने के लिए खेत पर गया था। बाढ़ का पानी एक गड्ढे में भरा हुआ था। उसका पैर स्लिप हो जाने से डूब गया। एक घंटे बाद उसका शव पानी से बाहर निकाला गया। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव राजेरायपुर निवासी दीप सिंह का केशव(14) रविवार को दिन में 11 बजे बकरी लेकर खेत पर चराने गया था। गांव के बाहर रामगंगा नदी है। बाढ़ का पानी खेत में स्थित एक गड्ढे में भरा हुआ था। केशव गड्ढे के पास बकरी को भगाने के लिए गया। अचानक उसका पैर फिसल गया और गड्ढे में डूब गया। दीप सिंह को खबर मिलने पर वह मौके पर गए। गांव वालों ने एक घंटे बाद केशव का शव पानी से बाहर निकाल लिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह कक्षा नौ में पढ़ता था। दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मां का नाम रिंकी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## सार-संक्षेप

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी- गांव गुनारा में स्थित ननिहाल में रहता था फैजल



**जलालाबाद,अमृत विचार :** ननिहाल में रह रहे एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के गांव गुनारा में स्थित ननिहाल में फैजल कई साल से रह रहा था। वह यहां पर रहकर एक डॉक्टर की दुकान पर कंपाउंडर का काम सीख रहा था। सोमवार की सुबह दस बजे वह डॉक्टर की दुकान पर आया। वह दुकान से किसी बहाने से जलालाबाद बाजार की तरफ गया। जहां उसने एक स्थान पर जहरीला पदार्थ खा लिया। वह उल्टी करने लगा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। क्षेत्र के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। इधर, उसके ननिहाल वाले पहुंच गए। परिवार वाले शहर में एक निजी अस्पताल में उसे लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताते है कि दो दिन से वह टेंशन में था। घर पर किसी से बोलता नही था। परिवार वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि थाने पर कोई सूचना नहीं है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव औदापुर निवासी सूरज सिंह ने बताया कि उसके बहनोई विवेक(30) बरेली जिले के थाना फरीदपुर के गांव भगनानपुर फूलवा का रहने वाले थे। सोमवार की रात पौने नौ बजे उसके बहनोई बरेली से जलालाबाद होकर कांट बाइक से आ रहे थे। कांट ब्लॉक कार्यालय के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। वह अपने बहनोई को सीएचसी पर ले गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### संदिग्धावस्था में मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह मुमुक्षु आश्रम के सामने सड़क के किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। सूचना मिलने पर चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे। मृतक की उम्र 32 साल थी। कोतवाली के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी राजीव कृष्ण का बेटा अमन दीक्षित उर्फ सनी रविवार की शाम से लापता था। परिवार वाले तलाश करते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। परिवार वालों ने सनी के रूप में शव की शिनाख्त की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### कुंडल नोचकर भागने का आरोपी गिरफ्तार



**पुवायां।** पीड़िता ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि वह गंगसरा और करनापुर के बीच खुटार रोड पर पान मसाला का खोखा रखा है। 12 जुलाई को दो युवक सफेद रंग की बाइक से खोखा पर आए और दस रुपये का पान मसाला मांगा। जैसे ही उसने खोखे की तरफ मुंह मोड़ कर पान मसाला उठाया कि इसी बीच बाइक सवार युवकों ने कान से कुंडल नोच लिए और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी पपली पुत्र मुकेश निवासी ग्राम हरैया को गिरफ्तार कर लिया जबकि प्रकाश में आया दूसरा आरोपी राकेश पुत्र पपई निवासी हरैया अभी फरार है।

## एक नजर

### कर्मचारी महासंघ ने किया रक्तदान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की ओर से सोमवार को रक्तदान किया गया। केक काट कर लंबी आयु की कामना की गई। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अग्निवेश गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को सभी कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल स्थित डॉ. बहल मेमोरियल ब्लड बैंक में पहुंच कर 25 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर सौमित्र गुप्ता, नरेंद्र शुक्ला, सचिन सक्सेना, शाहनवाज अहमद, गुलजार हुसैन, श्याम मोहन मिश्रा, सन्नी गुप्ता समेत बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 800 ग्राम अफीम बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 800 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 2 लाख 40 हजार रुपये है। कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को सोमवार की रात दो बजे सूचना मिली कि खुदागंज रेलवे फाटक मार्ग पर दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है और किसी का इंतजार कर रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को दबोच लिया। पकड़े गए तस्कर नवनीत व गोपाल कृष्ण निवासी गिरगिचा थाना निगोही है। पुलिस ने दोनों कब्जे से 800 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत 2 लाख 40 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि बरेली के गांव देवचरा से अफीम लेकर आए थे। ढाबों के आस-पास अफीम बेचते है। पुलिस ने दोनों तस्करों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक इतेश तोमर, सोमपाल राठी, सिपाही प्रवीण कुमार, अंकित नेहरा आदि थे।

### शिवम बने कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच के जिला अध्यक्ष



**पुवायां।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शिवम शुक्ला निवासी बंडा को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाहजहांपुर जनपद में पार्टी के सिविक व सोशल आउटरीच कमेटी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। शिवम के मनोनीत किये जाने पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### बार एसोसिएशन चुनाव में आठ निर्विरोध निर्वाचित

**तिलहर,अमृत विचार :** बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद अध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। विभिन्न पदों पर 8 प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। तिलहर तहसील में बार एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता शिरीष चंद्र मिश्रा, साहू अशोक गुप्ता, राम बहोरन सिंह, जितेंद्र गंगवार तथा नजर हुसैन के निर्देशन में चल रही है। अध्यक्ष पद के नामांकन पत्रों की जांच के बाद अध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें शिवपाल सिंह, जगत भान मौर्य, नरेश चंद्र सक्सेना तथा मुरारी लाल सक्सेना। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र पाल गंगवार तथा जय ओम गंगवार, महासचिव पद पर सूर्यकुमार गंगवार, राजीव कुमार सिंह, राहुल देव सागर और श्याम पाल राठौर व कोषाध्यक्ष पद पर महेश भारती, संजीव कुमार शर्मा, सुशांत मिश्रा, राजवीर सिंह तथा श्रवण कुमार सिंह चुनावी समर में बने हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी शिरीष चंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र पाल कनौजिया तथा नफीस मियां, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार शर्मा तथा जीवेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव पद पर राजीव कुमार गंगवार, अखिल कुमार मौर्या तथा संजीव गंगवार एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर शीलेंद्र मोहन मिश्रा एकल नामांकन के चलते निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया 16 जुलाई को नाम वापसी और 20 जुलाई को मतदान व चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल गया



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की 11 साल की बालिका रविवार की दोपहर 12 बजे घर के बाहर खेल रही थी। मोहल्ले का एक व्यक्ति बालिका को चीज दिलाने के बहाने पर मोहल्ले में अपने रिश्तेदार की दुकान पर ले गया। दुकान के पीछे एक कमरा बना हुआ है। आरोपी ने बालिका को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बालिका रोती हुई कमरे से निकली। उसी समय उसके पिता सब्जी लेकर आ रहे थे। वह बेटी को घर पर ले गए। उसने अपनी मां को घटना से अवगत कराया। बालिका का पिता दुकान पर गया तो आरोपी तथा दुकानदार ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। दुकानदार मंसूर की तलाश कर रही है।

# सुभाषनगर में फायरिंग, छह गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में फायरिंग करने के आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सुभाषनगर कॉलोनी में दो पक्षों में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट के साथ फायरिंग हुई। फायरिंग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गयी। इधर सूचना मिलने पर पुलिस चौकी अशफाकनगर के प्रभारी दिनेश कुमार फोर्स के साथ पहुंचे।फायरिंग करने वाले आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

- **शराब पीते समय हुआ था विवाद, अन्य की तलाश**

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर कॉलोनी में रविवार रात साढ़े दस बजे कांट थाना क्षेत्र के गांव इंदेपुर निवासी वैभव अपने साथियों के साथ तिराहा पुलिया के पास शराब पी रहा था। कॉलोनी के हर्ष आदि ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कॉलोनी के अंदर दोनों पक्षों में मारपीट के बाद फायरिंग शुरू हो गई। अफरा-तफरी मच गई। किसी ने सदर बाजार थाना को फोन कर दिया। पुलिस चौकी अशफाकनगर प्रभारी दिनेश कुमार फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने फायरिंग करने वाले हर्ष कुमार, विनीत, अमन, सूरज तथा निवासी सुभाषनगर कॉलोनी थाना सदर बाजार, वैभव निवासी इंदेपुर थाना कांट तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# साउथ सिटी गेट पर नाले में उतराता मिला चार दिन से लापता युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बाढ़ के पानी में डूबकर मौत होने की आशंका**
- **परिवार वालों ने शव की कपड़ों से शिनाख्त की**
- **कांट क्षेत्र के एक क्लीनिक पर करता था काम**
- **12 जुलाई को घर से दवा लेने निकला था रोहित**



मृतक रोहित।

**अमृत विचार:** चार दिन से लापता युवक का शव साउथ सिटी गेट के निकट नाले में उतराता मिला। लोगों ने उसके शव को देखकर चौक कोतवाली को सूचना दी। इधर, मृतक के परिवार वालों ने शव की कपड़ों से शिनाख्त की है। वह दवा लेने के लिए निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। युवक के बाढ़ के पानी में डूबकर मरने की आशंका है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव जमौर निवासी रोहित कुमार(21) एक क्लीनिक पर काम करता था। 12 जुलाई को दिन में साढ़े दस बजे घर से क्लीनिक की दवा लेने के लिए गांव के दो लोगों के साथ निकला था। उसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। धनपाल तथा उसके परिवार वालों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। जिन लोगों के साथ वह घर से निकला था उन्होंने रोहित के पिता धनपाल को बताया कि बरेली मोड़ पर बाढ़ देखने गए थे। पुलिस वाले लोगों को भगा रहे थे। रोहित वहां से अलग हो गया था। परिवार वालों ने चौक कोतवाली में आकर देखा तो वहां नहीं मिला। सोमवार की सुबह आठ बजे साउथ सिटी के निकट लोग नाले पर लघुशंका करने गए तो नाले में एक युवक का शव उतराता दिखाई दिया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर फोर्स के साथ मौके पहुंची। खबर मिलने पर धनपाल मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त बेटे रोहित के रुप में की। परिजनों ने बताया कि वह दवा लेने आया था। उसकी बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतक रोहित ने कक्षा 12 इस साल पास की थी और तीन भाइयों में छोटा था। उसकी मां का नाम मालती है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# प्रेमी को छुड़वाया, पति को पहुंचाया हवालात

संवाददाता, खुटार

- **संदिग्ध हालात में पकड़ने पर पत्नी की पिटाई करना पड़ गया भारी**
- **पत्नी ने पति के खिलाफ दी तहरीर पुलिस ने कराया मेडिकल**

**अमृत विचार:** प्रेमी के साथ संदिग्ध हालात में पकड़ने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला के पति और प्रेमी को थाने ले आई। जहां महिला ने पति पर पिटाई का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दे दी। इस पर पुलिस ने प्रेमी को तो छोड़ दिया लेकिन पति को हवालात में बंद कर दिया।

नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की पत्नी का पड़ोस के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। सोमवार दोपहर में व्यक्ति काम करने चला गया था। उसी समय प्रेमी घर पहुंच गया। तभी अचानक महिला का पति घर पहुंच गया। व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ लिया। महिला के पति ने युवक को कमरे में बंद कर दिया और मामले की सूचना पुलिस को दे दी। तभी पत्नी ने प्रेमी को छोड़ने को कहा तो पति ने पत्नी की डंडे से पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के पति व प्रेमी को थाने ले गई। साथ ही महिला भी पीछे से पहुंच गई। महिला ने पति के आरोपों को गलत बता दिया और पति पर पिटाई का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने युवक को छोड़ दिया और महिला के पति को थाने पर बैठा लिया। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की बात कही है।

### गोष्ठी के रूप में मना विश्व युवा कौशल दिवस



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जन शिक्षण संस्थान एवं गुरुकुल स्किल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। मोहल्ला चमकनी करबला स्थित गुरुकुल स्किल सेंटर पर हुई गोष्ठी में सहायक कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार गंगवार ने बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल प्रदान करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस शुरू किया था। तब से लगातार विश्व भर में विश्व युवा कौशल दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने शांति और विकास के लिए युवा कौशल विषय पर विचार रखे। सेंटर के प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिमांशु श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, इन्द्रजीत, इरम खानम, अंजली, निधि, कोमल त्रिपाठी, रोली, फिदा हुसैन, शीवो मिश्रा, काजल शुक्ला, महविश आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को दी गईं दवाइयां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




अंजुमन इदरीसिया के कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के बैनर तले सोमवार को मोहल्ला निसरज़ई में शहीदों वाली मस्जिद के पास निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाइयां भी दी गईं। मोहल्ले के तमाम महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने कैंप का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य शिविर में ज़िला अस्पताल के डॉ मंजीत कुमार, फिजिशियन डॉ रियासत अली, डॉ कृष्ण दत्त आदि ने मरीजो का चेकअप कर उचित परामर्श दिया। फार्मासिस्ट शहजाद ने मरीजों को दवाएं वितरित कीं। संयोजक संस्था अंजुमन इदरीसिया के जिला अध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी ने कहा कि जिले में अचानक आई बाढ़ से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों के लिए भोजन, दवाई आदि का वितरण भी कराया जा रहा है। ऑल इंडिया अंजुमन इदरीसिया एवं प्रदेश अंजुमन इदरीसिया के दिशा निर्देश पर कैंप लगाकर गरीब पीड़ितों की मदद की जा रही है। डॉ. रफत हुसैन ने बताया कि मेडिकल कैंप में लगभग 200 मरीज पहुंचे, जिसमें वायरल फीवर, स्किन इन्फेक्शन, आई फ्लू, ज्वाइंट पैन आदि के मरीज अधिक थे। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद अशफ़ाक़ उल्लाह खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां और विशिष्ट अतिथि पार्षद तालिब खां ने सहयोगी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन में हाजी हफीजुद्दीन इदरीसी, ज़िला कोषाध्यक्ष नौशाद हुसैन इदरीसी, सलीमुद्दीन इदरीसी, जगदीश चंद्रा, इमरान, शमीम अहमद, मो नक़्क़ी इदरीसी, मो नदीम, शीबू, सलमान आदि का सहयोग रहा।

### रंजिशन युवक को गोली मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। हमलावर फायरिंग करते हुए भाग गए। सीओ सिटी तथा रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और घायल को भावलखेड़ा सीएचसी भिजवाया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी आरिफ खान(26) के दरवाजे पर शाम आठ बजे चार लोग आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके मकान पर फायरिंग की। जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आरोपियों ने आरिफ को गोली मारकर घायल कर दिया और फायरिंग करते हुए भाग गए। सीओ सिटी सौम्या पांडे व प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला पहुंचे और घायल को भावलखेड़ा सीएचसी भिजवा परिजनों से जानकारी की। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घायल की हालत ठीक है। मोहल्ले में पुलिस की डयूटी लगा दी गई है।

### कोलाघाट पुल चालू करने को लेकर 22 से शुरू होगा धरना



**मिर्जापुर,अमृत विचार :** कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की मांग को लेकर कोलाघाट पुल संघर्ष समिति के बैनर तले 22 जुलाई से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। सोमवार को एसडीएम महेश कुमार को धरना शुरू करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि 22 से 24 जुलाई तक सांकेतिक धरना तथा 25 जुलाई से आमरण अनशन तथा विशाल धरना शुरू किया जाएगा। धरने में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी,अधिवक्ता समेत हजारों लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। अनशन में सम्मिलित लोगों की सुरक्षा व स्वास्थ्य के साथ हजारों लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान कमलेश यादव अध्यक्ष कोलाघाट पुल संघर्ष मोर्चा, रामकुमार राठौर, दीपक कुमार, मोहित शर्मा, रामवीर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सिंचाई विभाग का वरिष्ठ सहायक 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बरेली। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने नलकूप खंड द्वितीय के वरिष्ठ सहायक निर्भय हिंद आजाद को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ सहायक ने पेंशन और ग्रेच्युटी दिलाने के लिए रिश्वत मांगी थी। कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।फरीदपुर की टीचर कॉलोनी निवासी राकेश कुमार सिंह नलकूप चालक थे। वह जून माह में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से शिकायत की थी कि उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी अभी तक नहीं दी गई है। इसके लिए वरिष्ठ सहायक (बड़े बाबू) निर्भय हिंद आजाद 10 हजार रुपये मांग रहे हैं। प्राथमिक जांच में आरोप सही निकले। इसके बाद ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने सोमवार दोपहर आरोपी बाबू को उसके दफ्तर से 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली लेकर गई। टीम ने बारादरी थाना क्षेत्र की महेंद्र नगर कॉलोनी निवासी उसके घर जाकर भी जांच की। सीओ ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### परास्नातक सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं अब 20 तक होंगी

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक एमए, एमएससी और एमकॉम की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं कराने की तिथि 20 जुलाई तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्धारित तिथि तक पोर्टल पर अंक अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। समय पर अंक अपलोड न करने पर परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

### चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

बिल्सी, अमृत विचार : पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से साढ़े नौ हजार रुपये बरामद किए है। उन्हें जेल भेज दिया गया है। बिल्सी कस्बे में चोरी के बाद पुलिस ने दो आरोपी सहसवान के मोहल्ला पठानटोला माली गली निवासी नफीस अहमद पुत्र रहीस अहमद तथा भवानीपुर खैरू निवासी प्यारे मियां पुत्र अब्दुल हमीद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सोमवार को पलपुरा चौराहे से गांव फतेहपुर कुंवरी जाने वाले खड़ंजे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह भी शामिल रहे।

# सड़कों पर झूल रहे तार, मोहर्रम और सावन में रहेगा हादसे का डर

## बिजली के खंभों पर नहीं लपेटी गई पॉलीथिन और न लगाई लकड़ी, एक सप्ताह पूर्व कई संगठनों ने ज्ञापन देकर उठाई थी मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पुलिस-प्रशासन मोहर्रम और सावन माह को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य इंतजाम दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। मगर पावर कॉरपोरेशन की ओर से तैयारियां गति नहीं पकड़ सकीं। पर्व नजदीक आ चुके हैं और सड़कों पर जर्जर और झूलते तारों की समस्या बरकरार है। बारिश के दिनों में बिजली के पोल में करंट भी उतर आता है। इसका अभी भी कोई इंतजाम नहीं किया गया है। जबकि कई दिन पूर्व ही विभिन्न संगठनों की ओर से ज्ञापन दिए जा चुके हैं। ये लापरवाही हादसे का सबब बन जाएं, इसकी चिंता बनी हुई है। फिलहाल जिम्मेदार काम चालू होने की बात कह रहे हैं।

शहर में मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस 17 जुलाई को निकाला जाएगा। इसकी तैयारियां कई दिनों से चल रही है। 22 जुलाई से सावन माह भी शुरू हो रहा है। इस बार पहले दिन की शुरुआत ही सोमवार से हो रही है। ऐसे में पहले ही दिन कांवड़िया जलाभिषेक भी करेंगे।



चौक बाजार में जर्जर और झूलते तार। ● अमृत विचार


नई तहसील के पहले सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर के पास तारों का मकड़जाल।


मोहल्ला शेर मोहम्मद में झुका बिजली का पोल।

मोहर्रम हो या फिर कांवड़ यात्रा सभी का अपना-अपना रूट पहले से तय है। नई परंपरा डालने पर प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

बारिश और बाढ़ की वजह से सड़कें बदहाल हालत में हैं। जिनका सुधार जिम्मेदारों की ओर से अभी नहीं किया जा सका है। दूसरे शहर के अधिकांश सड़कों पर बिजली के जर्जर तार नीचे तक झूल रहे हैं। कांवड़ियों के रूट पर भी कई जगह बिजली की लाइनें काफी नीचे तक लटकी हैं। चौक बाजार की तरफ की बात करें तो तारों की निचाई काफी अधिक है। इस मार्ग से ही कांवड़ियों के वाहन भी निकलते हैं। इसके अलावा अन्य रूट पर भी तारों की ऊंचाई कम है। बिजली के पोल लगे हुए हैं। कई पोल जर्जर हालत में बताए जाते हैं। इसके अलावा बारिश के दिनों में उन पर करंट भी दौड़ने लगता है। इसका समाधान कराने के लिए पिछले साल भी पावर कॉरपोरेशन की ओर से पन्नी और लकड़ी लगाकर करंट रोकने के इंतजाम कर दिए गए गए थे। सावन के महज छह दिन बाकी है। अभी इस पर कोई कदम नहीं उठाया जा सका है।

### सफाई के लिए करने होंगे पुख्ता इंतजाम

अभी हाल ही में बारिश और बाढ़ के हालात बन चुके हैं। ऐसे में इस बार सड़क, बिजली के तार, खंभे आदि के साथ ही एक बड़ी चुनौती सफाई व्यवस्था को लेकर भी बनी हुई है। कांवड़यात्रा के रूट पर कई जगह साइड में पड़े खाली प्लाट आदि पर गंदगी के ढेर लगे हुए है। कुछ जगह जलभराव की स्थिति भी बताई जा रही है। जिसकी साफ सफाई कराने की भी मांग उठाई जा रही है।

> मोहर्रम और सावन माह को देखते हुए पावर कारपोरेशन की ओर से इंतजाम करना शुरू कर दिया गया है। जर्जर और झूलते तारों को ऊंचा कराया जा रहा है। बिजली के जर्जर पोल भी ठीक कराए जा रहे हैं। करंट को लेकर बिजली के पोल पर पन्नी, लकड़ी की फंटी आदि लगाने का काम भी होगा। - **जहांगीर आलम**, जेई पावर कारपोरेशन

# स्कूल बस व ईको में भिड़ंत छात्र और चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- स्कूल की ईको कार और बस तीव्र मोड़ पर आमने-सामने से टकराईं

अमृत विचार: सोमवार की सुबह कासगंज जिले के कोतवाली सोरों क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कूली वाहन ईको कार के चालक सहित छात्र की मौत हो गई। जबकि शिक्षिका सहित सात विद्यार्थी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। फिलहाल देर शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी थी।

सोरों-सलेमपुर मार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ है। स्कूली बस और स्कूली ईको कार की जोरदार भिड़ंत हुई हैं। इस हादसे की घटना में ईको कार चालक सहित आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि शिक्षिका सहित सात लोग घायल हो गए। बताया गया कि सुबह कासगंज-सलेमपुर मार्ग पर गोयती गांव के पास मोड़ पर हादसा हुआ। यहां हरिभान सिंह पब्लिक स्कूल तोलकपुर के स्कूल वाहन ईको कार और गेंदादेवी इंटर कॉलेज अलीपुर बरवारा स्कूल की बस के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में ईको चालक सोरों क्षेत्र के गांव जरैथा निवासी 18 वर्षीय विमल पुत्र वीरेंद्र की मौत हो गई। वहीं ईको कार सवार गांव नगला डूंगर निवासी छात्र अंशु, आदेश, विकास, दुर्गेश पुत्रगण पुष्पेंद्र, सजन, पवन पुत्रगण जोगिंदर, आदित्य पुत्र हरेंद्र और गांव सुजावली निवासी संजना पुत्री मुनीश घायल हो गईं।

# बरेली कॉलेज में आज से शुरू हो जाएंगी कक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में मंगलवार से स्नातक तृतीय और पंचम और परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा मिड टर्म परीक्षाएं भी समय पर कराई जाएंगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सोमवार को विभागाध्यक्षों की बैठक में कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए।

बैठक में तय किया गया कि वर्क लोड की वजह से जिन विभागों में अंशकालिक शिक्षक चाहिए होगा, वह प्राचार्य को पत्र लिखेगा। इसे प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति को संस्तुति के लिए भेजा जाएगा। मिड टर्म परीक्षा में कोई विद्यार्थी अनुपस्थित होता है तो उसे केवल एक और मौका ही दिया जाएगा। इसके बाद तीसरा मौका अर्थदंड के बाद ही दिया जाएगा।

# मांगों को लेकर धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

संवाददाता, पूरनपुर

- बोले- कोतवाली पहुंचने वाले पीड़ितों को नहीं मिल रहा न्याय
- पंचायत में किसानों के उत्पीड़न सहित कई समस्याओं पर चर्चा

अमृत विचार: भाकियू कार्यकर्ताओं ने मासिक पंचायत कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। पंचायत में कहा गया कि सरकारी विभागों में किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जुलूस निकालते हुए कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और धरने पर बैठ गए। पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में पहले पंचायत की। इसमें कहा गया कि वर्तमान में सरकारी विभागों में किसानों के साथ लूट खसोट की जा रही है। अधिकारी किसानों की अनदेखी कर रहे हैं। करीब एक माह से बिजली समय से नहीं दी जा रही है। जिससे किसानों में भारी रोष है।


धरने के दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं से वार्ता करते कोतवाल राजीव कुमार शर्मा।

वन विभाग के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। इससे जंगली जानवरों का भारी आतंक हैं। बाघ किसानों की जाने ले रहे हैं। जंगल की तार बंदी कराने की मांग की गई। पंचायत में मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलों ने कहा कि जनपद में पुलिस विभाग के अधिकरियों की मनमानी के चलते अपराध बढ़ गया है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा। अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की गई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाएं नहीं मिलती। डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। कोतवाली पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा से आइलेटस संचालक द्वारा ठगे गए अमनदीप सिंह के एक लाख रुपए वापस दिलाने की मांग की। कोतवाल ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस पर धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, डीडी यादव, रंगीले लाल, जलप्रकाश, धनीराम, रामप्रवेश, रामकुमार, रमेश मिश्रा, कमला देवी, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में बच्चों को बताया वेश का महत्व


स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में आोजित प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को विद्यालय वेश प्रतियोगिता कराई गई। निर्णायक मंडल में पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सोनिया गोयल, प्रधानाचार्य विद्या मंदिर भानुप्राताप रहे। मां शारदे की वंदना से शुरुआत की गई।प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप, अर्नव, दिव्यांशी, जयेश मंडल, मानविक बाईन, देव गुप्ता, श्रीति सना, निकी, आराध्या गुप्ता, अंशिका यादव, दर्शिका बाइन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सृष्टि सिंह, दर्शित मित्रा, अक्षिता, लुचिका, शिवम मालिक, शौर्य प्रताप, अभिषेक, सीरत कौर, सूयांश मौर्य, भावना मालाकार, दीपांशु गौतम द्वितीय रहे।

जबकि अनुष्का, कुनाल मण्डल, आयुष यादव, शिवम पाल , सौरभ तृतीय पर आए। प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने वेश का महत्व बताया। कार्यक्रम की संयोजक सुनीता और सुरेखा रहीं।

# बरेली से पीलीभीत रेल यातायात बहाल होने में अभी लगेगा समय

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अमृत विचार : भारी बारिश के बाद बाढ़ और जलभराव से भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड के पीलीभीत और शाही स्टेशनों और पीलीभीत-पूरनपुर रेल खंड के माला और शाहगढ़ स्टेशनों के बीच कटान के कारण बाधित रेल यातायात अभी बहाल होने में समय लगा। रेल प्रशासन एक सप्ताह से काम कर रहा है लेकिन अभी 45 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। सोमवार को भी त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त रहने से यात्री परेशान हुए।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि शाही-पीलीभीत रेल खंड पर शाही के पास देवहा नदी में आई बाढ़ के कारण समपार संख्या 204 के नजदीक सीमित ऊंचाई वाले पुल पर कटान हो गया। जिसे ठीक करने का काम चल रहा है। सोमवार शाम तक 6890 घन मीटर बोल्डर, 3577 घन मीटर आरबीएम और 461 घन मीटर बालू और 28 हजार सीमेंट की बोरियों को साइट पर डाला जा चुका है।

अभी तक 45 प्रतिशत काम पूरा हो पाया है। माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच पुलिया संख्या 305 को भी इंजीनियरिंग विभाग की टीमें लगी हुई हैं।

# रोटरी क्लब ग्रीन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



बच्चों का मेडिकल परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन ने सोमवार को आरोग्यमं कार्यक्रम के तहत घुंघचाई के माय विंग्स इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसकी शुरुआत नगर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेश अग्रवाल ने फीता काटकर की। 62 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. मोहक होड़ा, डॉ.दिव्या भाटी ने बच्चों का दंत परीक्षण किया। अधिकांश बच्चों में कैविटी की शिकायत पाई गई।

शिविर में डॉ.दीपक अग्रवाल ने बच्चों का नेत्र परीक्षण किया और उचित सलाह दी। डॉक्टर पैथ लैब के स्टाफ ने बच्चों में हीमोग्लोबिन की जांच की। हीमोग्लोबिन कम होने पर उचित दवा दी गई। यह शिविर कक्षा चार से कक्षा आठ तक के बच्चों के लिए लगाया गया था। सभी बच्चों को पेट के कीड़ों की दवा भी निशुल्क दी गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, हर्ष गुप्ता, बृजेश गुप्ता, राजेश खन्ना, संदीप खंडेलवाल, डा.दिनेश गुप्ता, दीपक बंसल आदि मौजूद रहे।

# होटल में सर्राफा कारोबारी ने खुद को गोली से उड़ाया

लखनऊ कार्यालय

अमृत विचार : सैरपुर इलाके में स्थित ओयो होटल ड्रिप इन में मनोज कुमार सोनी (34) ने खुद को गोली मार ली। मौके पर उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनोज लखीमपुर खीरी के मैगलगंज के रहने वाले थे। मौके से एक तमंचा, एक कारतूस और सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर के मुताबिक लखीमपुर खीरी के मैगलगंज निवासी मनोज कुमार सोनी सर्राफा कारोबार थे। उनकी सीतापुर के पिसावा के बरगवां बाजार में दुकान है। पिछले तीन दिन से वह सैरपुर इलाके के ओयो होटल ड्रिप इन के कमरा नंबर-10 में ठहरे थे। दोपहर ढाई पुलिस को होटल के कर्मचारियों ने दिया कि मनोज ने खुदकुशी कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू किया। तो कमरे में एक तमंचा, खोखा व एक कारतूस मिला। पास में एक सुसाइड नोट भी मिला।

### दुष्कर्म के मामले में जा चुका है जेल

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक मनोज सोनी का सीतापुर पिसावा की रहने वाली एक महिला से संबंध था। पत्नी ने विरोध किया लेकिन मनोज ने उसकी परवाह नहीं की। नाराज पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ घर छोड़कर चली गई थी। महिला मित्र ने पिसावा थाने में मनोज के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में वह जेल भी गया था। जमानत के बाद वह काफी परेशान रहने लगा था। कई बार मामले को खत्म करने के लिए महिला से बातचीत भी की। आरोप है कि महिला ने उससे काफी रुपये भी ऐंठे हैं।

**मुनाफा** नैनीताल जनपद में इस वर्ष होटल, टैक्सी व नाव संचालकों की हुई अच्छी आमदनी, सीजन में पुलिस व प्रशासन की कार्यप्रणाली से नाराज हैं व्यापारी

# पर्यटन सीजन पर विराम, 150 करोड़ से अधिक हुआ काम

संतोष बोरा, नैनीताल

- मानसून सीजन में सैलानियों की संख्या घट जाने से आमदनी पर असर पड़ रहा है

अमृत विचार : नैनीताल जिले में 20 मई से शुरू हुए पर्यटन सीजन पर अब विराम लग चुका है। सिर्फ वीकेंड पर आने वाले सैलानी ही यहां पहुंच रहे हैं। इस वर्ष सैलानियों की आमद से नैनीताल सहित मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल, पंगोट आदि पर्यटन क्षेत्रों में लगभग 150 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। जिससे होटल, टैक्सी व नाव संचालकों की अच्छी आमदनी हुई है।

वहीं टूरिस्ट गाइड और दुकानदारों की भी ठीक-ठाक कमाई हुई है। मानसून सीजन में सैलानियों की संख्या घट जाने से आमदनी पर असर पड़ रहा है।

हालांकि इस वर्ष पर्यटन सीजन में व्यापारी पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली से खफा रहे। पर्यटन सीजन में जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने बाहर से आने वाले सैलानियों के वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया। रूसी बाईपास व नारायण नगर पर वाहनों को खड़ा कर सैलानियों को शटल सेवा से नैनीताल भेजा। इससे कई सैलानियों ने नैनीताल के बजाय भीमताल और मुक्तेश्वर की ओर रूख किया। जिसके चलते विगत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष सैलानी काफी कम संख्या में नैनीताल पहुंच पाए।





> नैनीताल में इस वर्ष अप्रैल, मई व जून तीन महीनों में 5 .5 लाख से अधिक पर्यटक आए। जबकि पिछले साल इन तीन महीनों में 4 लाख 90 हजार पर्यटक आए थे। - **अतुल भंडारी**, जिला पर्यटन अधिकारी



> पर्यटन सीजन से जनपद में 150 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। पुलिस के यातायात प्लान के चलते सैलानियों को खासी असुविधा हुई, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल नहीं पहुंच पाए। अब मौसम विभाग के अलर्ट के चलते सैलानी एडवांस बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। होटल एसोसिएशन ने पर्यटन विभाग से वीडियो जारी करने की मांग है। जिससे सैलानी मानसून का आनंद लेने के लिए पहाड़ों का रुख कर सकें। - **दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल



> पर्यटन सीजन में कारोबार काफी अच्छा रहा। अगर पुलिस का यातायात प्लान सही होता तो कारोबार और अधिक हो सकता था। नगर में 700 टैक्सियों का संचालन होता है। 7 से 10 करोड़ का टैक्सियों का कारोबार हुआ है। वर्तमान में मानसून सीजन में कामकाज काफी धीमा हो गया है। - **दीपक मटियाली**, अध्यक्ष, टैक्सी यूनियन सूखाताल नैनीताल

# जानलेवा हमले में वांछित गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : पशु बांधने को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। गांव करीमगंज निवासी सोमवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 26 जनवरी को वह घर के बाहर पशु बांध रहे थे। गांव के वीरेश, राकेश, उमेश, जयेंद्र, प्रमोद, अमरपाल, बबलेश, धर्मेंद्र और मुकेश ने विवाद शुरू कर दिया।उन्होंने घर में घुसकर उनसे और दो भाइयों से मारपीट की। विरोध करने पर फायरिंग शुरू कर दी। तीनों भाइयों के छर्रे लगे थे।

पुलिस ने सभी नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद से आरोपी धर्मेंद्र पुत्र अमर सिंह फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ और कांस्टेबिल राजू कुमार ने सोमवार को उसे बसेला तिराहे से गिरफ्तार किया।

## बिना मान्यता चल रहे स्कूलों पर क्या की कार्रवाईः हाईकोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट स्कूलों के बाबत जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि ऐसे स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

दो जजों की खंडपीठ ने इद्दू की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में कहा गया है कि लखीमपुर खीरी में तमाम ऐसे स्कूल हैं, जिन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता नहीं ली है। कहा गया कि इस संबंध में प्रमुख सचिव शिक्षा से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह विषय मात्र लखीमपुर खीरी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश का मामला है।

# पहले ऑनलाइन हाजिरी दीजिए, फिर मांगों पर शासन करेगा विचारः शिक्षा महानिदेशक

### शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों से की बातचीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में अपनी मांगो पर अड़े शिक्षक जहां ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सोमवार को शिक्षक संगठनों से वार्ता कर स्पष्ट किया कि पहले शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। उसके बाद जो मांगे हैं, उन पर शासन विचार करेगा। वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा, महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या और प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने शिक्षा महनिदेशक से वार्ता की। इस दौरान महानिदेशक ने कहा शिक्षकों की जो मांगे हैं, उन पर शासन विचार करेगा, लेकिन पहले वह ऑनलाइन उपस्थिति देना शुरू करें।


शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता करतीं शिक्षा महानिदेशक। ● अमृत विचार

**औपचारिक साबित हुई वार्ताः** वार्ता करने के बाद महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या ने बताया महानिदेशक स्कूल शिक्षा स्तर पर आयोजित बैठक महज औपचारिक सिद्ध हुई है, परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति के संदर्भ में महानिदेशक स्कूल शिक्षा के द्वारा बुलाई गई बैठक बिना किसी भी उचित परिणाम व निष्कर्ष के समाप्त हो गई, परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की वर्षों से लंबित मूलभूत बुनियादी समस्याओं का समाधान किए जाने तक उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ डिजिटाइजेशन एवम् ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करता रहेगा।

### भाजपा एमएलसी बोले-आदेश वापस लिया जाए

भाजपा के एमएलसी देवेंद्र सिंह ने शिक्षकों के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में यह भी बता दिया कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की हार क्यों हुई। उन्होंने शिक्षको के योगदानों का सिलसिलेवार ब्योरा देते हुए डिजिटल हाजिरी के आदेश को वापस लेने की मांग की है।

## प्रदेश में सात नए आश्रम पद्धति विद्यालय शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सात नए आश्रम पद्धति विद्यालय समाज कल्याण विभाग ने शुरू कर दिए हैं। यहां शैक्षणिक कार्य शुरू हो गया है और अगले माह यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षा ली जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से पिछले वर्ष जौनपुर में दो, मैनपुरी, एटा, भदोही, अयोध्या और शहजनवां (गोरखपुर) में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करा गया था। इसमें कुछ विद्यालय के भवन तो पांच वर्ष पहले बन गए थे मगर संचालित नहीं हो रहे थे। इनका जीर्णोद्धार कराया गया। जून में उक्त सातों विद्यालयों के लिए दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। 1 जुलाई से सातों विद्यालय शुरू हो गए हैं। सात नए विद्यालय शुरू होने के साथ ही अब इनकी संख्या बढ़कर 101 हो गई है। अगले माह विद्यालयों में तय पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा (टेस्ट) लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### राम मंदिर की सुरक्षा में शामिल होंगे एनएसजी कमांडो

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर की सुरक्षा में एनएसजी के कमांडो को तैनात किया जाएगा। इसके पहले एनएसजी की एक टीम 17 से 20 जुलाई तक अयोध्या में कमांडो के ऑफिस और कैम्प बनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन के साथ समीक्षा करेगी। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर को आतंकी घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए केंद्र ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड को राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा प्रणाली में शामिल करने का निर्णय लिया है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि एनएसजी की सुरक्षा शामिल होना बहुत जरूरी है। भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, लेकिन आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है। वह बराबर राम मंदिर पर हमला करने की धमकी देते रहे हैं। इस पर सरकार ने जो फैसला लिया है, वह बहुत ही जरूरी था।

### 37 हजार विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए फिर खुला पोर्टल

**लखनऊ, अमृत विचार :** छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति से पिछले वर्ष वंचित रहे दशमोत्तर कक्षाओं के 37 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल सोमवार को दोबारा खुल गया। पोर्टल 24 जुलाई 2024 तक खुला रहेगा। समाज कल्याण विभाग की तय समय सारिणी के अनुसार 15 जुलाई से 24 जुलाई के बीच वंचित छात्र पोर्टल पर दोबारा ऑनलाइन आवेदन कर पिछले साल के परीक्षा परिणाम को ठीक कर सकते हैं। 16 से 30 जुलाई के बीच छात्र ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी दस्तावेजों के साथ शिक्षण संस्थानों में जमा करेंगे। 31 जुलाई से 22 अगस्त तक छात्रवृत्ति पोर्टल संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा कर पात्र लाभार्थी छात्र-छात्राओं के खातों में 30 अगस्त 2024 तक छात्रवृत्ति का पैसा पहुंच जाएगा।

### पूर्व विधायक पवन पांडेय व साथियों पर लगा गैंगेस्टर

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** शिवसेना से पूर्व विधायक पवन पांडेय और उनके सहयोगियों की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडेय समेत 13 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पवन पांडेय पर जालसाजी, धोखाधड़ी, रंगदारी और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने जैसे जघन्य अपराध के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में पवन पांडेय और उनके कई सहयोगी जेल में बंद हैं। वहीं जमानत पर रिहा पवन पांडेय के खास कुछ साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### न्यू तिनसुकिया-भगत की कोठी स्पेशल के चार फेरे

**लखनऊ, अमृत विचार :** यात्रियों को राहत देखने के लिए रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नंबर 05919/05920 न्यू तिनसुकिया-भगत की कोठी स्पेशल 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चार फेरों के लिए चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 05919 न्यू तिनसुकिया से सोमवार 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चार फेरों के लिए न्यू तिनसुकिया से दोपहर 12 :45 बजे रवाना होगी, जो सिमालुगुरी, चापरमुख, जागी रोड, गुवाहाटी, दूसरे दिन कामाख्या, खगड़िया, बेगूसराय, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी होते हुए लखनऊ सुबह 5 :55 बजे पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर तीसरे दिन हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली, हनुमानगढ़, सूरतगढ़ महाराज और चौथे दिन बीकानेर, नोखा, जोधपुर होते हुए भगत की कोठी सुबह 7 :15 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05920 भगत की कोठी-न्यू तिनसुकिया स्पेशल रविवार 26 जुलाई से 16 अगस्त तक भगत की कोठी से तड़के 5 :30 बजे रवाना होगी।

### नशे में धुत सिपाहियों ने मॉल में की गोलीबारी, निलंबित

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के एक मॉल में कथित तौर पर नशे में धुत दो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात सेक्टर-38 स्थित गार्डन गलेरिया मॉल में हुई, जब गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम थाने में तैनात सिपाही धीरज कुमार और मुकुल यादव किसी निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सहायक पुलिस आयुक्त (नोएडा) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के पास सरकारी असलहा थे। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर शराब पीने के बाद मुकुल ने सरकारी असलहे से गोली चला दी, हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# निवेशकों के 60 हजार करोड़ रुपये हड़पने वाला शाइन सिटी का प्रेसिडेंट गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 60 हजार करोड़ की ठगी के आरोपी शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. कंपनी के प्रेसिडेंट ज्ञान प्रकाश उपाध्याय को रविवार को अलीगंज पुलिस ने रविंद्र गार्डन से गिरफ्तार कर लिया। 50 हजार के इनामी उपाध्याय ने राशिद नसीम और अन्य के साथ मिलकर जमीन व क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर लोगों से ठगी की थी। उपाध्याय के खिलाफ 19 मामले दर्ज हैं।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर के मुताबिक अयोध्या के पूरा कलंदर निवासी ज्ञान प्रकाश उपाध्याय शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. कंपनी का प्रेसिडेंट है। उसके खिलाफ गोमतीनगर थाने में ठगी के मामले दर्ज है। वह अलीगंज के रविंद्र गार्डन के पास छिपकर रहता था। पूछताछ में उपाध्याय ने बताया कि 2013 में प्रयागराज के करेली निवासी राशिद नसीम व उसके भाई आसिफ नसीम के साथ मिलकर शाइन सिटी इंफ्रा कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया। लोगों को किस्तों पर सस्ती जमीन देने का झांसा देकर करोड़ों रुपये निवेश कराए। हजारों निवेशकों के रुपये हड़पने के बाद कंपनी के कार्यालय पर ताला लगाकर भाग निकले।



### रकम दो से तीन गुना करने का देते थे लालच

पुलिस के मुताबिक जालसाजों ने लोगों को फंसाने के लिए कई योजनाएं चलाईं। इसमें रेक्रिन डिपाजिट संबंधी योजनाएं शामिल हैं। इसमें निवेश करने पर दो से तीन गुना मुनाफे का लालच देते थे। आधे दामों पर लग्जरी गाड़ियां उपलब्ध कराने के लिए हॉट एंड डील योजना चलाई। कम दाम पर जेवरात, गीट ज्वैलरी, बिट क्वाइन योजना भी लॉन्च की थी।

## कन्नौज में तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज), अमृत विचार :** मोहल्ला समधन में तालाब में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर जिलाधिकारी, एसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सोमवार को समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी जुनैद (10) पुत्र मुबीन, अब्दुल्ला (11) पुत्र सहीत, हसन (12) पुत्र तनवीर व सादान (11) पुत्र सोहेल लगभग 3.30 बजे कस्बे के ही तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान दो बच्चे गहराई में चले गए। खबर पाते ही परिजन भी पहुंच गए। जब तक बच्चों को बाहर निकाला जाता उनकी मौत हो चुकी थी।

# राजा भैया के पिता उदय प्रताप 72 घंटे के लिए नजरबंद

संवाददाता, कुंडा (प्रतापगढ़)

● **मोहर्रम के चलते प्रशासन ने की नजरबंद की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** मोहर्रम पर कुंडा के शेखपुर आशिक में ताजिया जुलूस के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन ने कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह "राजा भैया" के पिता उदय प्रताप सिंह को भदरी आवास पर नजरबंद कर दिया।

सोमवार की सुबह भारी पुलिस फोर्स उनके आवास के बाहर तैनात कर दी गई। उदय प्रताप सिंह को 72 घंटे के लिए नजरबंद कर दिया गया। उनके आवास के बाहर नोटिस चस्पा कर दी गई। जिला प्रशासन ने कुंडा स्थित शेखपुर आशिक गांव में हर साल की तरह इस बार भी उदय प्रताप सिंह के हनुमान मंदिर पर दसवीं मोहर्रम के दिन भंडारे के आयोजन पर रोक लगा दी है। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति है।

कुंडा तहसील क्षेत्र के शेखपुर आशिक गांव में वर्ष 2005 में 10वीं मोहर्रम के दिन बंदर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2014 में 10 वीं मोहर्रम पर उदय प्रताप ने हनुमान चालीसा का पाठ कराने साथ ही भंडारे के आयोजन की शुरुआत की थी। अगले वर्ष वृहद पैमाने पर आयोजन से तनाव बढ़ गया था। एसपी डा. अनिल कुमार ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह कार्यवाही की गई है।

## धर्म दर्शन

### माघ

श्रीवर्मलनरेश के प्रधान-अमात्य के पौत्र थे, माघ! शिशुपालवध महाकाव्य के रचयिता। दानशील इतने कि एक दिन पास में एक मुद्रा भी नहीं रही। इस स्थिति में एक ब्राह्मण आया, बोला, पुत्री की शादी करनी है। आपसे याचना करने आया हूं। अब माघ क्या करते? याचक खाली हाथ जाय, यह भी तो ठीक नहीं। पत्नी सो रही थी। चुपचाप उसके एक हाथ का कंगन निकाल लिया। पत्नी जग गयी। क्या बात है? माघ बोले, चोरी करने आया था, चोरी कर ली। पत्नी ने पूछा तो सारी बात बता दी। पत्नी ने कहा कि फिर एक ही कंगन क्यों? दूसरा भी दीजिए। प्रसन्नता से दे रही हो न? हां। माघ ने दोनों कंगन ब्राह्मण को दे दिए। ब्राह्मण बोला। आपका काव्य आपको अमर रखेगा। माघ ने पूछा, क्या आपने पढ़ा है? हां! उसमें कोई दोष? वह दोष भी गुण ही सिद्ध होगा। माघ समझ गए कि यह ब्राह्मण भी कोई असाधारण विद्वान ही है। उसी मनस्थिति में माघ ने लिखा था। अर्थाः न सन्ति न च मुंचति मां दुराशा, त्यागान्न संकुचति दुर्ललितं मनो में। यांच्या च लाघवकरी स्ववधे च पापं, प्राणाः स्वयं व्रजत किन्तु विलंबितेन। धन तो पास में है नहीं लेकिन दुराशा ने मुझे छोड़ा भी नहीं है। मेरा लाड़ से भरा हुआ मन त्याग से संकुचित भी नहीं हुआ। किसी से मांगू तो यह गौरव की क्षति है, आत्महत्या करूं तो यह पाप है, अरे मेरे प्राण, तुम अब स्वयं ही क्यों नहीं निकल जाते? क्यों देर कर रहे हो ?


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

### पतित पावनी मां सरयू

सरयू की निचली धारा नेपाल के ब्रह्मदेव मण्डी के पास पहुंच अपना नया नाम शारदा प्राप्त करती है। यहां निर्मित बांध ही "शारदावैराज" के नाम से प्रसिद्ध है। यदि कुमायूं वासियों तथा लौकिक बोली की 'सरजू' या हमारी सरयू की गहराई से छान-बीन की जाय तो बागेश्वर नगर के पास यह गोमती से संगम करती है। इसी संगम पर बागनाध का प्राचीन मंदिर है। भगवान बागेश्वर नाथ (शिव) के नाम पर ही इस शहर का नामकरण हुआ है। बागेश्वर से नीचे उतरने के बाद सरयू में इसमें क्रमशः भ्रापदीगाड, चौगरखा कीघाटगाड, जालौरगाड,भौरगाड, अलकनंदी, गनियागाड और पनार जैसी छोटी नदियों (आजकल के मैदानी नाले जैसी) विलीन हो जाती हैं। यों तो हर संगम स्थानीय लोगों के लिए पवित्र होता है, किन्तु रामेश्वर नामक स्थान पर सरयू से लगभग तिगुना अधिक जलराशिवाली राम गंगा नदी का मिलन होता है। सुन्दर और मनोहर वनों, घाटियों और गांवो से गुजरती, सरयू लगभग 145 किलोमीटर की यात्रा के बाद 'पंचमेश्वर' में महाकाली या काली नदी में समा जाती है। महाकाली, काली, काली गंगा एवं नेपालियों की कर्णाली या कर्नाली नदी, चीन अधिकृत तिब्बत के पठार में हिमालय के उत्तरी ढलानों से निकल कर के भारत-नेपाल की सीमा रेखा बनाती ब्रह्मघाट नामक स्थान पर उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और नेपाल की सीमा पर शारदा नाम धारण कर लेती है। इसका दो तिहाई भाग जहां उत्तराखण्ड या उतरांचल मे पड़ता है, वहीं मात्र लगभग एक तिहाई नेपाल में पड़ता है। बनबसा के निकट नेपाल, उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड/उतरांचल की सीमा पर यह नदी विद्या की देवी के नाम पर कुछ समय और दूरी के लिए 'शारदा' नामधारी बन जाती है। शारदाही उत्तरप्रदेश में प्रवेश करते ही अंग्रेजों के दिए नाम घाघरा से पहाचानी जाने लगती है।

बनबसा स्थित शारदा बैराज का निर्माण सन 1928 में तत्कालीन अंग्रेज़ी सरकार के समय में, उत्तर प्रदेश में सिंचाई हेतु किया गया। यही बांध या बैराज भारत और नेपाल के बीच आवागमन का प्रमुख सेतु बना। 96 साल पुराना यह बैराज वर्षों से अपने नवीनीकरण की आस लगाए हुए है। बहराईच जनपद में पहुंचते-पहुंचते घाघरा पुनः 'सरयू' अथवा 'सरजू' कहलाने लगती है। बहराईच, गोण्डा, अयोध्या, फैजाबाद तथा बस्ती और अंबेडकर नगर के जनमानस के लिए पतित पावनी सरयू, मऊ, देवरिया बलिया में शोर करती घर्घर निनादिनी "घाघरा" के नाम से जानी जाने वाली सरकारी अभिलेखों की तीन देशों (तिब्बत, भारत और नेपाल) से होकर बहने वाली घाघरा, किन्तु उत्तर प्रदेश-बिहार के धर्म प्राण हिन्दुओं के लिए तो "रामप्रिया" सरयू उ.प्र. की पूर्वी तथा बिहार की पश्चिमी सीमा सारन छपरा पर गंगा मे विलीन हो जाने वाली घाघरा, अपने तट पर अयोध्या के अतिरिक्त "दोहरी घाट" जैसी पावन स्थली की भी धारिका है। इस पौराणिक अनश्रुति से बहुत कम लोग परिचित हैं कि 'दोहरी घाट' वह पवित्र स्थान है, जहां विदेहराज के धनुष यज्ञ में सफलता प्राप्ति के बाद महादेवी सीता आदि अन्य विदेह कन्याओं एवं बारातियों के साथ लौटते श्रीहरि विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम एवं छठवें अवतार भगवान परशुराम की भेट और विवाद हुआ था। जनपद मऊ से लगभग 45 कि.मीटर दूर स्थित दोहरी घाट घाघरा या सरयू का तटवर्ती अति प्राचीन कस्बा है जो अपने अति प्राचीन मान्य "श्री गौरी-शंकर मन्दिर" के लिए प्रसिद्ध है। कुछ समय पूर्व ही, दोहरीघाट में गौरी शंकर घाट के निकट सरयू नदी से चांदी या रजत निर्मित एक सुन्दर शिवलिंग की प्राप्ति हुई है। इस भव्य शिवलिंग का वजन पचास किलो से भी अधिक बताया जाता है। उक्त शिवलिंग को स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षित रखा गया है। पास ही में 'जानकी मंदिर' भी है। शिवरात्रि के दिन यहां पर सदियों से एक भव्य मेले का आयोजन होता रहा है। इस अवसर पर हजारों शिवभक्त जलाभिषेक करते है। इस प्रकार सरयू को दिया भगवान शिव का शाप यहां आते-आते आशुतोष भगवान शिव की कृपा से स्वत :समाप्त हो जाता है।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-132

**बाएं से दाएं**
2. 1. एक प्रसिद्ध औषधि 2. रसौत, रसांजन।
4. आधा पागल, लगभग मूर्ख।
6. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला।
8. 1. सोच, चिंता 2. गरज़, ध्यान, ख़याल।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. घने और लंबे बालों वाली दाढ़ी 2. बड़ा दांत।
3. 1. सटपट की ध्वनि 2. संकोच और घबराहट की स्थिति।
4. एक पौधा जिसकी जड़ रेशम पर रंग चढ़ाने के काम आती है।
5. 1. डंडा, बांस की लंबी लकड़ी, लट्ठ 2. बड़ा डंडा
3. 4. सहारा
7. लाल या पीले रंग का चींटा जो प्राय : झुंड में पेड़ों के पत्तों में झोंझ बनाकर रहते हैं, कपिला।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 4 | | | | 5 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 7 |
| 8 | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -131 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 ढी | ■ | ■ | 2 ज़े |
| ■ | 3 आ | ल | ता | ■ | र |
| ■ | रो | ■ | ■ | 4 ल | ■ |
| 5 अ | प | मा | 6 नि | त | ■ |
| ■ | फ | ■ | 7 क | री | 8 ब |
| ■ | ल | ■ | र | ■ | सं |
| 9 सं | क | र | ■ | ■ | ती |

## सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | | | 8 | 5 |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 3 | | 2 | | | 7 | | 9 |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | 4 | 9 | | | | 8 | 1 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | 1 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | 6 | | 1 | | 5 | | |
| 3 | 9 | | | | 4 | | 7 | |

### सुडोकू -44 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .33 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- विशाखा 17 जुलाई 02 .14 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज प्रेम संबंधों में आरोप प्रत्यारोप जैसी परिस्थितियों उत्पन्न हो सकती हैं। शांतिपूर्वक विवादों को सुलझाएं। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के मध्य दांपत्य सुख में कमी का आभास हो सकता है। पारिवारिक दायत्व को निभाने की कोशिश करें।

**वृष** – आज किसी साथी से मनोबल पा कर आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने के योग हैं। किसी प्रियजन का शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी के प्रति आकर्षण का भाव रहेगा। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों में निकटता आयेगी। पति-पत्नी के मध्य आपसी समझ विकसित होने से संबंधों में सुधार होगा। ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्यक्रम का आमंत्रण प्राप्त होगा। माता-पिता से सहयोग एवं सानिध्य पाकर खुद को अभिभूत महसूस करेंगे।

**कर्क** – आज प्रेम संबंधों में आया तनाव दूर होगा। संबंधों में निकटता बढ़ेगी। प्रेम संबंध में दांपत्य जीवन में विशेष आकर्षण रहेगा। पति-पत्नी सुखद एवं आनंददायक समय व्यतीत करेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा। कार्य क्षेत्र में सहयोगियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा।

**सिंह** – आज संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। प्रेम संबंधों में निकटता आएगी। माता-पिता से प्रेम विवाह की बात करना सार्थक सिद्ध होगा। गृहस्थ जीवन में पति पत्नी एक दूसरे के प्रति विशेष आकर्षण का भाव रहेगा।

**कन्या** – आज संतान के कारण मन खिन्न रहेगा। माता-पिता को लेकर परिवार में वाक युद्ध हो सकता है। आपको अपनी वाणी एवं क्रोध पर संयम रखना होगा। किसी पुराने मित्र को कोई तकलीफ होने से आपका मन अशांत बना रहेगा।

**तुला** – आज आपको अपने क्रोध व वाणी पर संयम रखना होगा। प्रेम संबंधों में आई दूरियां समाप्त होगी। विवाह योग्य लोगों को अपनी विवाह से संबंधित कार्य में आने वाली विभिन्न बाधाओं को लेकर चिंता बनी रहेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति करने हेतु अपने घर से दूर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। अपने मित्र को कोई विशेष उपहार देंगे। जिससे आपके संबंध और मजबूत बनेंगे। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर उलझने बढ़ेगी। अपने व्यक्तिगत मतभेदों को स्वयं हल करने की कोशिश करें।

**धनु** – आज मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में परस्पर मतभेद करने से तनाव बढ़ सकता है। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्यक्रम का आमंत्रण प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों में आपको नवीन दायित्व मिल सकते हैं। जिससे आप भावुक हो सकते हैं।

**मकर** – आज अपने खास मित्रों के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ किसी पर्यटक स्थल की यात्रा पर जाने की योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के बीच गलत फहमी हो सकती है। बातचीत के दौरान सतर्क रहें। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – आज प्रेम संबंधों में व्यर्थ तर्क वितर्क से बचें। अन्यथा बात बिगड़ जाएगी। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक समस्याओं को लेकर आपसी मतभेद हो सकते हैं। परिवार में किसी बाहरी व्यक्ति के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। किसी प्रियजन का घर से दूर जाना हो सकता है।

**मीन** – आज साथी से प्रेम प्रस्ताव मिलने के संकेत मिल रहे हैं। पूर्व से चले आ रहे प्रेम प्रसंग में सुख एवं आनंददायक समय व्यतीत करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। प्रेमी वर्ग में खुशियों का संचार होगा। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी से प्रेम एवं सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कृष्णा अर्जुन – सुबह : 11 .53
सिंह इज किंग – शाम : 05 .55

**&pictures**
हसीना मान जाएंगी – सुबह : 10 .49
लिंगा – रात : 07 .30

**Sony Pix**
2012 – सुबह : 10 .52
द मैकेनिक – रात : 07 .20

**Zee Cinema**
धमाल – सुबह : 11 .56
पथु थल – रात : 08 .30

**Colors Cineplex**
आंदोलन – सुबह : 08 .33
वेलकम – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू- अगर नारियल के पेड़ पर चढ़ जाऊं,
तो क्या इंजीनियरिंग कॉलेज की लड़कियां दिख जाएंगी
बंटी- जरूर और हाथ छोड़ दोगे तो मेडिकल कॉलेज की लड़कियां भी दिख जाएंगी।

पापा- नालायक, तूने मम्मी से ऊंची आवाज में बात की।
बेटा- मुझे पता है पापा आपको जलन हो रही है।
पापा- नहीं, मुझे कैसी जलन।
बेटा- क्योंकि आप ऐसा नहीं कर सकते।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2075, राज श्री 1410, फॉर्च्यून कि. 1770, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 **किराना– (प्रति कु.)** हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 **चावल – (प्रति कु.)** डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, सरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1–5 किलो) 10600, हरी पत्ती नेचुरल नया 10500, जैनिथ 10700, गलेक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 **दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूप किशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500–11700, सच्चा हीरा 11200, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200 **चीनी** – डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72100 |
| सिल्वर (पक्की) | 910 (अनुमानित) |

# देश का निर्यात 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा भी बढ़ा

## कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक से आयात में 5% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात की तुलना में आयात अधिक बढ़ने से व्यापार घाटा जून में 20.98 अरब डॉलर पर था

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद जून में भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर हो गया जबकि इस महीने आयात भी बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक बढ़ने से जून में आयात में 5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 56.18 अरब डॉलर हो गया।

निर्यात की तुलना में आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा जून में बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में व्यापार घाटा 19.19 अरब डॉलर था। मई में वस्तु निर्यात 9.1% बढ़कर 38.13 अरब डॉलर था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पहुंच था। कुल मिलाकर, इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वस्तु निर्यात 5.84% बढ़कर 109.96 अरब डॉलर हो गया जबकि इसी अवधि में आयात 7.6% बढ़कर 172.23 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-जून, 2024 में व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 56.16 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 62.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि देश से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर से आगे निकल सकता है। 2024-25 की पहली तिमाही में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 200 अरब डॉलर रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए छह प्रमुख क्षेत्रों (इंजीनियरिंग, कपड़ा और परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, रसायन एवं प्लास्टिक और कृषि) और 20 देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जून में कच्चा तेल आयात 19.62% बढ़कर 15 अरब डॉलर रह। तिमाही में ये 23% बढ़कर 51.5 अरब डॉलर हो गया।

# खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले बैंकों को कर्जदार का जानना होगा पक्ष

मुंबई, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों पर निर्देश में किया संशोधन

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों को शामिल करने के लिए मूल दिशानिर्देशों में संशोधन किया। कोर्ट ने अपने आदेश में बैंकों से खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले कर्जदारों की बात सुनने के लिए कहा था।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर तीन संशोधित मूल दिशानिर्देश सिद्धांत-आधारित हैं। ये संचालन व्यवस्था और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की निगरानी में निदेशक मंडल की भूमिका को मजबूत करते हैं। आरबीआई ने कहा कि मूल निर्देशों में जरूरी है कि केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाली इकाइयां (विनियमित संस्थाएं) सुप्रीम कोर्ट के 27 मार्च, 2023 के फैसले को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों/संस्थाओं के खातों को धोखाधड़ी की श्रेणी में रखने से पहले समयबद्ध तरीके से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

एसबीआई बनाम राजेश अग्रवाल मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने किसी खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले कर्ज लेने वाले की बातों को सुनने के अधिकारों की वकालत की। बयान के अनुसार, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के तहत कर्जदारों को नोटिस दिया जाना चाहिए, फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों को समझाने का अवसर दिया जाना चाहिए और उनके खाते को मास्टर निर्देशों के तहत धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने से पहले संबंधित बैंकों को उन्हें अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा कि उसके दायरे की इकाइयों में धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों व पर्यवेक्षकों को समय पर सूचना देने के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) और खातों में गड़बड़ी में अवगत कराने को लेकर चीजें और दुरुस्त की गई हैं। निर्देश में वित्तीय संस्थानों में मजबूत आंतरिक लेखापरीक्षा और नियंत्रण ढांचा स्थापित करने की जरूरत भी बतायी गयी है।

# बीएसई की कंपनियों की पूंजी हुई 455 लाख करोड़

- निवेशकों की संपत्ति में 3.85 लाख करोड़ का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को 455 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी से बीच बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है।

बाजार में तेजी से कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 4,55,06,566.48 करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बाजार की दो दिन की तेजी में निवेशकों की संपत्ति में 3.85 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया है। वहीं कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, मारुति और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### बजट को लेकर सकारात्मक रुख से बाजार में तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है। साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शुरुआती परिणाम के साथ पीएसयू सचकांक में मजबूती आई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इंडियन ओवरसीज बैंक 7.35 प्रतिशत चढ़ा। केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियनयन बैंक में भी तेजी रही। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 0.95 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# अडाणी समूह पर फैसले की समीक्षा से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जांच सीबीआई को सौंपने से मना करने की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका की रद

उच्चतम न्यायालय ने अडाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने 5 मई के अपने आदेश में कहा था कि समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं है।

पीठ नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा याचिका खारिज की जाती है। इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। इसके पहले इस साल तीन जनवरी को शीर्ष अदालत ने शेयर कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था।

पीठ ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की व्यापक जांच कर रहा है और इसका आचरण भरोसा जगाता है। याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में त्रुटियां थीं और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे।

### एजीआर के बकाया की खामियों पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित बकाया में कथित त्रुटियों को सुधारने की दूरसंचार कंपनी की याचिका को विचार के लिए सूचीबद्ध किए जाने संबंधी दलीलों पर सोमवार को गौर किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता हरीश साल्वे की दलीलें सुनीं। कंपनी ने कहा कि एजीआर बकाया में कथित त्रुटियों को ठीक करने की मांग करने वाली पिछली याचिकाओं को खारिज करने के खिलाफ दायर उपचारात्मक याचिका को अभी तक पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### ट्रेन से टकराने से बाघ की मौत, दो शावक घायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी रेलवे स्टेशन के पास मिडघाट पर आज ट्रेन से टकराने से एक बाघ की मौत हो गई और दो शावक घायल हो गए। रेंजर महिपाल सिंह के अनुसार बुधनी रेलवे स्टेशन के पास तीसरी रेलवे लाइन पर ट्रेन से टकरा कर एक बाघ की मौत हुई है, जबकि दो शावक घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर फॉरेस्ट की टीम मौके पहुंची। सिंह ने कहा कि रेस्क्यू टीम और चिकित्सकों का अभी इंतजार किया जा रहा है।

### सुरक्षा बलों ने जम्मू, डोडा रियासी में ली तलाशी

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर के जम्मू, डोडा और रियासी जिलों में सोमवार को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि एक ग्रामीण ने तीन लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी, जिसके बाद सोमवार को तड़के जम्मू के अखनूर सेक्टर में लोअर घरोटा, थाथी और आसपास के इलाकों में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर्मियों ने संयुक्त अभियान चलाया।

### उमर की तलाक याचिका पर पत्नी को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला की तलाक याचिका पर अलग रह रहीं उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को सोमवार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। उमर ने क्रूरता के आधार पर तलाक याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब मांगा। उमर के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि यह विवाह समाप्त हो चुका है क्योंकि वे पिछले 15 वर्षों से अलग रह रहे हैं।

# प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा रोजगार की स्थिति गंभीर: कांग्रेस

## सरकार ने महिलाओं के अवैतनिक घरेलू काम को भी रोज़गार के रूप में किया दर्ज़

नई दिल्ली, एजेंसी

- महासचिव रमेश ने कहा- मोदी ध्यान भटकाने और वास्तविकता से इनकार करने में लगे हैं

कांग्रेस ने देश में आठ करोड़ नौकरियों के सृजन से संबंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ध्यान भटकाने का काम किया है, जबकि हकीकत यह है कि रोजगार के मोर्चे पर स्थिति गंभीर है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की तरफ से जिस रोज़गार वृद्धि का दावा किया जा रहा है उसमें महिलाओं के किए जाने वाले अवैतनिक घरेलू काम को भी रोज़गार के रूप में दर्ज़ किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में कार्यक्रम में कहा था कि आरबीआई के अनुसार, आठ करोड़ नौकरियां उपलब्ध हुईं जिसने बेरोजगारी पर फर्जी बातें फैलाने वालों की बोलती बंद करा दी। रमेश ने कहा, हर नौकरी के लिए लाखों युवा आवेदन कर रहे हैं, मोदी ध्यान भटकाने व वास्तविकता से इंकार करने में लगे हैं।

### महंगाई को लेकर मोदी पर तीखा हमला

कांग्रेस ने महंगाई को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब का निवाला छीनकर अपने दोस्तों को देते हैं इसलिए महंगाई से पीड़ित गरीब की तकलीफ से उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जनता पर महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला। सब्जियों से लेकर खाने की वस्तुओं में बेतहाशा महंगाई दर्ज हुई है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.68% बढ़ी है जबकि दालों की महंगाई 21.64% और सब्जियों की महंगाई 38.76% तक बढ़ चुकी है।

### नेताओं की सुरक्षा को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए

कांग्रेस ने भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाने के बाद सोमवार को कहा कि नेताओं की सुरक्षा के मुद्दे पर घटिया राजनीति नहीं होनी चाहिए। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और पूरे गांधी परिवार के खिलाफ झूठ फैलाकर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व के विरुद्ध लोगों को भड़का रहे हैं।

# ट्रेनी आईएएस खेडकर के माता-पिता का पता नहीं लगा पाई पुणे पुलिस

- पिस्तौल से धमकाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुणे, एजेंसी

पुलिस विवादों में घिरी परिवीक्षाधीन (ट्रेनी) आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता से भूमि विवाद को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में अभी तक संपर्क नहीं कर पाई है। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पूजा की मां मनोरमा द्वारा किसान को पिस्तौल दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनके और पति दिलीप के अलावा पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारी ने बताया कि पुणे ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के साथ एक दल शहर के बानेर रोड स्थित मनोरमा व दिलीप के बंगले पर पहुंचा था लेकिन दरवाजे बंद थे। पुलिस पुणे और अन्य इलाकों में तलाशी ले रही है। पौड पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है, लेकिन खेडकर दंपति पूछताछ के लिए थाने नहीं आए हैं और उन्होंने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए हैं। उनके मिलने पर पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के कुछ दिन बाद दर्ज किया गया था, जिसमें मनोरमा पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में पिस्तौल लेकर कुछ लोगों के साथ बहस करती नजर आ रही थीं।

### समिति के समक्ष अपना पक्ष रखूंगी : पूजा खेडकर



**मुंबई।** परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर ने सोमवार को कहा कि वह उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच कर रही केंद्रीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगी और सत्य की जीत होगी। खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को कथित तौर पर शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर ने वाशिम में कहा, मैं समिति के समक्ष अपना पक्ष रखूंगी। मुझे लगता है कि समिति जो भी निर्णय लेगी, वह सभी को स्वीकार्य होना चाहिए।

# सीबीआई ने संभाली छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती घोटाले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग के पूर्व अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ प्राथमिकी और आवासीय परिसरों पर छापा

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) में कथित भर्ती घोटाले की जांच संभाल ली है जिसमें तत्कालीन अध्यक्ष, अधिकारियों और नेताओं के परिजनों को 2020-22 के दौरान जिला कलेक्ट्रेट और पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, तत्कालीन सचिव जेके ध्रुव और अन्य के खिलाफ कथित भाई-भतीजावाद और अपात्र बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों और परिचितों की जिला कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षकों और ऐसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रावीण्य सूची में आगे बढ़ाने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है।

सीबीआई ने रायपुर और भिलाई में सोनवानी और ध्रुव व अन्य के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सोनवानी के बेटे नितेश का चयन एसडीएम, बड़े भाई के बेटे साहिल का उपाधीक्षक और उनकी बहन की बेटी सुनीता का श्रम अधिकारी, उनके बेटे की पत्नी निशा का एसडीएम व उनके भाई की रिश्तेदार दीपा का जिला आबकारी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है।

### शिवकुमार की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की रद

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। इसे खारिज किया जाता है। शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि जब आयकर पहले से ही जांच कर रहा है तो सीबीआई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती।

# मुख्तार अंसारी को भोजन में दिया गया जहर : उमर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपेक्षित उपचार नहीं दिए जाने का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लगाया आरोप

गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष आरोप लगाया कि उनके पिता को भोजन में जहर दिया गया था और उन्हें अपेक्षित उपचार नहीं दिया गया, जिससे हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई। मऊ सदर क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के अस्पताल में हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी द्वारा 2023 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बांदा जेल में उनके पिता की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया था, जहां उन्हें रखा गया था। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने मुठभेड़ की आशंका जताई थी। जांच की मांग करते हुए अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने याचिका में की गई प्रार्थना में संशोधन का अनुरोध करते हुए आवेदन दाखिल किया है।

### त्रिपुरा हिंसा : आगजनी से भागे 300 ग्रामीण नहीं लौटे अपने घर

**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले में दो गुटों के बीच झड़प में 19 वर्षीय एक युवक की मौत के बाद हुई आगजनी के कारण भागे करीब 300 ग्रामीण अबतक अपने घर नहीं लौटे हैं। अधिकारियों ने सोमवार बताया कि गंडाट्विजा गांव में आगजनी से प्रभावित ग्रमीणों ने 12 जुलाई से ही राज्य की राजधानी अगरतला से करीब 110 किलोमीटर दूर राहत शिविरों में शरण ले रखी है।

उन्होंने बताया कि धलाई डीएम साजू वाहिद प्रभावित परिवारों से मिले और सुरक्षा एवं मुआवजा का भरोसा दिलाया। एसडीएम चंद्रजॉय रियांग ने बताया कि हमलावरों ने 40 घरों को क्षति पहुंचाने के साथ ही 30 दुकानों में लूटपाट की। प्रभावित लोग गंडाट्विजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शरण लिए हैं। 12 जुलाई की रात हुई हिंसा में चार बाइकों को भी आग लगा दी गई। गंडाट्विजा में हालात में सुधार हुआ है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

# धन विधेयक पर सुनवाई के लिए विचार करेगा कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को दी गई चुनौती

उच्चतम न्यायालय उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार को तैयार हो गया, जिनमें राज्यसभा को कथित तौर पर दरकिनार करने के लिए आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को चुनौती दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायूमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया था कि दलीलें पूरी हो चुकी हैं और याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की जरूरत है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब मैं संविधान पीठ का गठन करूंगा, तब निर्णय लूंगा। इससे पहले, अदालत ने कहा था कि वह आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता पर विचार करने के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ का गठन करेगी। इसका मकसद आधार अधिनियम और यहां तक कि धन शोधन निवारण अधिनियम में संशोधन को धन विधेयक के रूप में पेश करने के बाद धन विधेयक पर उपजे विवाद का समाधान करना था।

### सीजेआई के सेवानिवृत्त होने से पहले फैसला आने की उम्मीद: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद में कई विधेयकों को धन विधेयक के रूप में पारित किये जाने से जुड़े मामले पर सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय के संविधान पीठ गठित करने के निर्णय का सोमवार को स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के इस साल नवंबर में सेवानिवृत्त होने से पहले इस पर फैसला आ जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि सरकार ने धन विधेयक से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 110 का घोर दुरुपयोग किया है। न्यायालय उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

### के कामराज का योगदान शिक्षा में अद्वितीय : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के. कामराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि के. कामराज को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व और गरीबों के उत्थान के प्रयासों के लिए व्यापक रूप से याद किया जाता है। शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। हम उनके आदर्शों को पूरा करने और समाज निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

# राज्यपाल मानहानि मामले पर ममता बोलीं मेरी टिप्पणी में कुछ भी मानहानिकारक नहीं

कोलकाता, एजेंसी



- कलकत्ता हाईकोर्ट में दाखिल याचिका का ममता ने किया विरोध

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को अपने इस बयान पर दृढ़ता से कायम रहीं कि महिलाओं ने राजभवन में जाने को लेकर भय जताया था। ममता ने मुख्यमंत्री और टीएमसी के अन्य नेताओं के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका का विरोध भी किया।

बोस ने अपने वकील के माध्यम से बनर्जी, दो नवनिर्वाचित विधायकों और टीएमसी की एक अन्य नेता को राजभवन में कथित घटनाओं के संबंध में आगे कोई टिप्पणी करने से रोकने का अनुरोध किया। इस पर बनर्जी के वकील एसएन मुखर्जी ने न्यायमूर्ति कृष्णा राव के समक्ष दलील दी कि उनकी (ममता) टिप्पणी जनहित के मुद्दों पर एक निष्पक्ष टिप्पणी थी और मानहानिकारक नहीं थी। मुख्यमंत्री के अपने बयान पर कायम रहने की बात कहते हुए मुखर्जी ने दलील दी कि उन्होंने केवल राजभवन में कुछ कथित गतिविधियों पर महिलाओं की आशंकाओं को दोहराया था।

पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी टीम, 26 से शुरू होगा पदकों की जीत का सिलसिला, 28 सदस्यीय दल की अगुवाई करेंगे नीरज

# एथलेटिक्स टीम पर खर्च की सबसे अधिक धनराशि

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक 10 दिन शेष

**470** करोड़ रुपये इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर खर्च किए

सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले तोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए। इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पिछले ओलंपिक चक्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि पिछली बार सात पदक को देखते हुए इस बार उम्मीदें अधिक है। देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है। भारत ने पेरिस खेलों के लिए बैडमिंटन में पांच कोटा हासिल किए हैं। पीवी सिंधू (महिला एकल), एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) और अश्विनी तथा तनीषा (महिला युगल) शामिल हैं। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम को पिछले तीन साल में 41.29 करोड़ रुपये की राशि मिली जबकि तीरंदाजी पर सरकार ने 39.18 करोड़ रुपये खर्च किए। पहलवानों को कोष से 37.80 करोड़ मिले जबकि भारोत्तोलन के खाते में 26.98 करोड़ आए। घुड़सवारी को 95 लाख रुपये के साथ सबसे कम वित्तीय सहायता मिली। टेनिस को एक करोड़ 67 लाख रुपये जबकि गोल्फ को एक करोड़ 74 लाख रुपये की मदद मिली। नौकायन (3.89 करोड़), तैराकी (3.9 करोड़), पाल नौकायन (3.78 करोड़) और जूडो (6.3 करोड़) पर भी 10 करोड़ रुपये से कम खर्च हुए।

स्टार खिलाड़ी अचंता शरत कमल की अगुआई वाली टेबल टेनिस टीम को सरकार ने 12 करोड़ 92 लाख की वित्तीय सहायता दी। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में सिंधू के साथ शरत कमल भारत के ध्वजवाहक होंगे। निशानेबाजों को 45 विदेशी दौरे मिले जबकि इसके बाद टेनिस (40), एथलेटिक्स (31), टेबल टेनिस (28), कुश्ती (27), तीरंदाजी (24), मुक्केबाजी (23), नौकायन (22), हॉकी (18), जूडो (15), गोल्फ (12) और तैराकी (11) का नंबर आता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान निशानेबाजी में 41 राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए गए जो सभी 16 खेलों में सबसे अधिक है। तीरंदाजी 41 शिविर के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद एथलेटिक्स (36), हॉकी (33), मुक्केबाजी (17), नौकायन (16), कुश्ती (15) और बैडमिंटन (13) का नंबर आता है।

## कोहली ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है। कोहली ने कहा भारत के खेलप्रेमियों से 118 सदस्यीय भारतीय ओलंपिक दल का समर्थन करने के लिए कहा। कोहली ने कहा जब वे ट्रैक और फील्ड, कोर्ट या रिंग में उतरेंगे। हर चौराहे, नुक्कड़ पर इंडिया... इंडिया... का शोर गूंजगा। भारतीय दल को शुभकामनाएं।

## टेबल टेनिस दल में खिलाड़ियों से ज्यादा सहयोगी स्टाफ

नई दिल्ली। जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं। इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिये और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरूष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी।

## खेल डायरी



भारत की टी-20 विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सोमवार को अपने गृह नगर वडोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। हार्दिक के प्रशंसकों ने उनके स्वागत के लिए यहां जमकर तैयारी की थी जिससे मुंबई के मरीन ड्राइव से प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम तक परेड की याद ताजा हो गई।

### इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के दौरे पर नहीं जाएंगे कमिंस

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे जबकि मिचेल स्टार्क टी-20 शृंखला नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी-20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे मैच खेलने हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि यह पहले से तय था कि अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के मद्देनजर कार्यभार प्रबंधन के तहत कमिंस नहीं खेलेंगे। मिचेल मार्श टीम के कप्तान होंगे। युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया 50 ओवरों के प्रारूप में विश्व कप चैंपियन है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताsब भी जीता है लेकिन टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा।

यूरो कप-2024

### यमल को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

**बर्लिन।** यूरो कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पेन के लामाइन यमल को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया है। फुटबाल की नयी सनसनी ने कहा कि इतना बड़ा पुरस्कार मिलना सपना सच होने जैसा है । यमल यूरो कप खेलने वाले व इसमें गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए हैं। बार्सीलोना के लिये खेलने वाले यमल के आदर्श लियोनेल मेस्सी हैं ।

### हैरी केन व दानी समेत छह ने जीता गोल्डन बूट

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरो कप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता। गोल्डन बूट जीतने वालों में स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम भी शामिल हैं। यूरो कप में इन सभी ने तीन-तीन गोल किये। वहीं, स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना गया।

### गुकेश सातवें स्थान पर रहे, कारुआना ने जीता खिताब

**जाग्रेब (क्रोएशिया)।** भारत के डी गुकेश सुपरयुनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर रहे, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। गुकेश ने प्रतियोगिता में 14 अंक बनाए जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती 11 अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। कारुआना ने यहां सुपरबेट क्लासिक में जीत दर्ज करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 27 अंक बनाकर नॉर्वे के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के रिकॉर्ड की बराबरी की। कारुआना को खिताब जीतने पर 40,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

# अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार जीती ट्रॉफी

## कोपा अमेरिका के फाइनल में लौटारो मार्टिनेज के दम पर कोलंबिया को 1-0 से हराया, मेस्सी चोटिल

गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी




कोपा अमेरिका का खिताब जीतने के बाद जश्न मनाती अर्जेंटीना की टीम। ● एजेंसी

अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में लियोनेल मेस्सी के पैर में लगी चोट से उबरते हुए कोलंबिया को 112वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज के गोल के दम पर 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका फुटबॉल खिताब जीत लिया। इसी के साथ अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका का खिताब जीता। वहीं, मेस्सी को दौड़ते हुए गिरने से चोट लगी।

गोल करने के बाद मार्टिनेज ने बेंच पर जाकर अपने कप्तान को गले लगाया। हार्ड रॉक स्टेडियम पर दर्शकों के उपद्रव के कारण मैच 1 घंटा 20 मिनट विलंब से शुरू हुआ। अर्जेंटीना ने 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद तीसरा बड़ा खिताब जीतकर स्पेन की बराबरी कर ली जिसने 2008 और 2012 यूरो चैंपियनशिप के अलावा 2010 विश्व कप जीता था। अर्जेंटीना ने इसके साथ ही कोलंबिया का फरवरी 2022 से चला आ रहा 28 मैचों का अपराजेय अभियान भी रोक दिया। मार्तिनेज 97वें मिनट में मैदान पर उतरे और जियोवानी लो सेल्सो के पास को गोल में बदला। यह उनका 29वां अंतर्राष्ट्रीय गोल और इस टूर्नामेंट में पांचवां गोल था। आखिरी सीटी बजने पर लड़खड़ाकर चलते दिखे मेस्सी ने अपने सीनियर साथियों 36 वर्ष के निकोलस ओट्टामेंडी और एंजेल डि मारिया को ट्रॉफी लेने साथ बुलाया। डि मारिया अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने जा रहे हैं। तीनों एक दूसरे के गले मिले।

डि मारिया ने कहा इसे बयां नहीं किया जा सकता। ऐसा होना था। मैने कल रात डिनर पर सभी से कहा कि मैने इसका सपना देखा है और यही वजह है कि यह मेरा आखिरी कोपा अमेरिका टूर्नामेंट है। मैने इसे जीतने का सपना देखा था। संभवतः अपना आखिरी कोपा अमेरिका खेल रहे 37 वर्ष के मेस्सी ने टूर्नामेंट में एक गोल किया। आठ बार के बलोन डि ओर विजेता मेस्सी जैसे ही मैदान पर गिरे, उन्होंने बेंच की तरफ देखा मानो उन्हें लग गया था कि अब टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकेंगे। उन्होंने अपना दाहिना जूता निकाला और उनके टखने में सूजन दिख रही थी।

### प्रशंसकों के हुड़दंग से 1 घंटा 20 मिनट देरी से शुरू हुआ फाइनल मैच

**मियामी।** अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में रविवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में किकऑफ से पहले सैकड़ों प्रशंसकों ने सुरक्षा द्वार तोड़ दिए जिसके कारण खेल शुरु होने से पहले ही आयोजकों को भारी व्यवधान को नियंत्रित करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में प्रशंसकों को मियामी गार्डन में कार्यक्रम स्थल के दक्षिण-पश्चिम प्रवेश द्वार के पास बाधाओं को पार करते और पुलिस और सुरक्षा कर्मचारियों के सामने से भागते हुए दिखाया गया है। चीख-पुकार सुनाई दे रही थी और कुछ लोगों को फ्लोरिडा की भीषण गर्मी में चिकित्सा उपचार प्राप्त करते देखा जा सकता था। स्थानीय समयानुसार, कम से कम 30 मिनट के लिए स्थगित किया। बयान में कहा गया है, हम सभी से धैर्य रखने और हमारे अधिकारियों और हार्ड रॉक स्टेडियम कर्मियों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए कह रहे थे। अनियंत्रित व्यवहार से आपको बाहर निकाल दिया जाएगा या गिरफ्तार करेंगे। 65 हजार से अधिक की भीड़ की उम्मीद थी।



टखने में चोट लगने के बाद निराश बैठे मेस्सी। ● एजेंसी

### आर्थिक संकट से जूझ रहे अर्जेंटीना को मिला जश्न का मौका

**ब्यूनस आयर्स।** आर्थिक संकट से जूझ रहे अर्जेंटीना के फुटबॉलप्रेमी पिछले 24 दिन में अपना हर दुख दर्द भूल गए और लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली टीम को कोपा अमेरिका खिताब जीतते देखकर कुछ पल के लिये ही सही, उन्हें जश्न मनाने का मौका मिला। 18 दिसंबर 2022 को अर्जेंटीना के विश्व कप जीतने के जश्न के साक्षी रहे डिएगो सासेरेस ने कहा शानदार। यह जीत भी खूबसूरत है। लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका जीतने के साथ ही अर्जेंटीना में जीत के जश्न और आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हो गया। अर्जेंटीना यूं तो बरसों से आर्थिक संकट से जूझता आया है लेकिन आज सालाना मुद्रास्फीति की दर 270 प्रतिशत रही और देश की साढे. चार करोड़ आबादी में से 60 प्रतिशत गरीबी में जी रहे हैं।

## टेस्ट-वनडे खेलता रहूंगा : रोहित

**डलास (अमेरिका)।** पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे।



रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे। सैतीस वर्ष के रोहित ने यहां एक समारोह में कहा कम से कम कुछ समय तक तो आप मुझे खेलते देखेंगे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सत्र और चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ही कप्तान होंगे।

### वेविन ने रोहित को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** ऑर्बिया बिजनेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर वेविन ने हाल ही में टी-20 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान रहे रोहित शर्मा को भारत के लिए अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। इस अवसर पर ऑर्बिया इंडिया के अध्यक्ष रणधीर चौहान ने कहा वर्षों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है।

## सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए अनुकूल ड्रॉ मिला

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है। सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।



स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की जोड़ी से भी भिड़ना है।

## बारबोरा की शीर्ष 10 में वापसी अल्काराज तीसरे स्थान पर

लंदन, एजेंसी

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं।

क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### अक्षय की सरफिरा ने वीकेंड के दौरान कमाए 12 करोड़ रुपये

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा ने अपने पहले वीकेंड के दौरान भारतीय बाजार में 12 करोड़ रूपये की कमाई की। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। सरफिरा पहले दिन ने देशभर में 2 .50 करोड़ रूपये का कलेक्शन किया ।रिलीज के दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में उछाल देखने को मिला। दूसरे दिन सरफिरा ने 4 .25 करोड़ रुपये की कमाई की। तीसरे दिन फिल्म सरफिरा ने 5 .25 करोड़ की कामई की। फिल्म सरफिरा ने अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में भारतीय बाजार में 12 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है।

### विक्की-एमी के साथ तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री

**मुंबई।** फिल्म बैड न्यूज के गाने मेरे महबूब मेरे सनम में विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ त्रिप्ती डिमरी की शानदार केमिस्ट्री नजर आ रकी है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। एनिमल के बाद विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज में उन्हें वापस स्क्रीन पर देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं। फिल्म के पिछले दो गानों तौबा तौबा और जानम में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, मेरे मेहबूब मेरे सनम गाने में तृप्ति डिमरी बॉलीवुड हीरोइन की तरह दिख रही हैं। विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी काफी हॉट दिख रही है, वहीं एमी विर्क के साथ उनकी जोड़ी बहुत प्यारी है। विक्की कौशल और त्रिप्ती डिमरी की फिल्म बैड न्यूज का तीसरा गाना, मेरे मेहबूब मेरे सनम, शाहरुख खान, जूही और सोनाली की फिल्म डुप्लिकेट के मशहूर गाने का नया संस्करण है।



चैंपियंस ट्रॉफी पीसीबी ने मांगा जबाव, भारत के मैचों को लेकर आईसीसी से हाइब्रिड मॉडल पर बात करेगा बोर्ड

# सरकार ने अनुमति नहीं दी बीसीसीआई लिखित में दे

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही। मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है।

आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे। उन्होंने कहा हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे।

बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा और 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल नौ मार्च को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों की माने तो टीम पाकिस्तान नहीं जाने वाली और ऐसी दशा में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।

### केंद्रीय अनुबंध के समय में होगी कटौती, वेतन में नहीं

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को अपने केंद्रीय अनुबंध का समय तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया लेकिन खिलाड़ियों के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा लाहौर में बुलाई गई बैठक में यह फैसले किए गए। बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड के अधिकारी ने कहा चयनकर्ताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा। पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी दी गई थी। अधिकारी ने कहा कि पीसीबी ने सभी केंद्रीय और घरेलू अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक तीन महीने में फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# ट्रंप बोले- मेरी मौत नियत कर दी गई थी

मिलवॉकी, एजेंसी

- रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मिलवॉकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट से बात की
- पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाएगा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनकी मौत नियत कर दी गयी थी तथा उन्होंने इस घटना को एक विचित्र अनुभव बताया।

घटना के बाद अपने पहले साक्षात्कार में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने रूढ़िवादी अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्हें लगता है कि वे भाग्य या भगवान की कृपा से बच गये। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार से शुरू हो रहे रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मिलवॉकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट से बात करते हुए कहा, मेरे बारे में यह माना जा रहा था कि मैं यहां नहीं रहूंगा, मेरी मौत नियत कर दी गयी थी। सम्मेलन में उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाएगा। उन्होंने कहा, सबसे अविश्वसनीय बात यह थी कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि सही समय पर और सही मात्रा में घुमाया।



कैलिफ़ोर्निया के हंटिंगटन बीच पर रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में लोगों ने रैली निकाली। • एजेंसी

## सीरिया में संसदीय चुनाव की शुरुआत

**दमिश्क।** सीरिया में चुनाव के लिए सर्वोच्च न्यायिक समिति ने सोमवार को पीपुल्स असेंबली के चौथे विधायी कार्यकाल के लिए मतदान शुरू होने की घोषणा की। सरकार-नियंत्रित क्षेत्रों में कुल 8,151 मतदान केंद्रों में स्थानीय समयानुसार सुबह 7:00 बजे से शाम सात बजे तक मतदान चलेगा। एकदिवसीय चुनाव में पीपुल्स असेंबली की 250 सीटों के लिए 1516 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए उतरे हैं। मतदान में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु का प्रत्येक नागरिक मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। सर्वोच्च न्यायिक समिति के अध्यक्ष न्यायाधीश जिहाद मुराद ने एक बयान में कहा कि मतपेटियों का खुलना एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरुआत है।



## हजारों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा के दौरान खींचे रथ

**पुरी, एजेंसी।** हजारों श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयकारों और झांझ-मंजीरों की ध्वनि के बीच सोमवार को जगत पालक भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा या वापसी यात्रा में उनके रथों को खींचा। तय कार्यक्रम के अनुसार बहुड़ा यात्रा अपराह्न चार बजे शुरू होनी थी लेकिन यह यात्रा कुछ समय पहले ही जय जगन्नाथ के जयकारों और झांझ मंजीरों की आवाज के साथ शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को अपराह्न तीन बजकर 25 मिनट पर खींचना शुरू किया। देवी सुभद्रा का रथ देवदलन अपराह्न चार बजे वापसी यात्रा पर निकला जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ नंदीघोष की बहुड़ा यात्रा अपराह्न चार बजकर 15 मिनट पर शुरू हुई। पुरी के राजा गजपति महाराज दिव्य सिंह देब द्वारा छेरा पहरा अनुष्ठान करने के बाद रथ खींचने की शुरुआत हुई। इस दौरान उन्होंने पवित्र जल छिड़ककर सोने की झाड़ू से तीनों रथों को साफ किया। सात जुलाई को अराध्य देव जगन्नाथ मंदिर से रथ पर सवार होकर तीन किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर गये थे। भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ सात दिनों तक गुंडिचा मंदिर में रहे, जिसे उनका जन्मस्थान माना जाता है। तीन अराध्य सोमवार को जगन्नाथ मंदिर के लिए लौटे जिसे बहुड़ा यात्रा के नाम से जाना जाता है। ओडिशा पुलिस ने बहुड़ा यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा भीड़ के प्रबंधन के लिए 180 पलटन (एक पलटन में 30 जवान होते हैं) और 1,000 अधिकारी तैनात किए हैं।

## एक नजर

### जर्मनी में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मन शहर लॉटलिंगन, बाडेन-वुर्टेमबर्ग में गोलीबारी की एक घटना में संदिग्ध सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। बिल्ड अखबार ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेज दिया गया है। अखबार ने बताया कि संदिग्ध ने अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया। जांचकर्ताओं ने बताया कि गोलीबारी घरेलू विवाद के कारण हुई हो सकती है। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि स्थिति नियंत्रण में है।

### अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से ज्यादा मामले

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 520,037 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले साल की तुलना में डेंगू का प्रकोप 3.17 गुना ज़्यादा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान बुलेटिन के अनुसार इस साल के पहले 27 हफ़्तों में स्वास्थ्य अधिकारियों ने डेंगू के 520,037 मामले दर्ज किए। बुलेटिन के अनुसार सबसे ज़्यादा मामले 60.7 प्रतिशत मध्य क्षेत्र में दर्ज किए गए उसके बाद उत्तर-पश्चिम में 24.1 प्रतिशत और उत्तर-पूर्व में 13.1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण 392 मौतें दर्ज की गई हैं।

### बर्मिंघम में गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** बर्मिंघम के एक क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि इससे पहले शहर के ही एक घर के बाहर इसी तरह की घटना में एक छोटे बच्चे समेत तीन लोग मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बर्मिंघम पुलिस के अधिकारी ट्रूमैन फिट्ज़जेराल्ड ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि शनिवार देर रात 11 बजे के बाद एक नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी की घटना में कई लोगों के मारे जाने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिट्ज़जेराल्ड ने कहा कि बर्मिंघम दमकल एवं बचावकर्मियों ने क्लब के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जबकि क्लब के अंदर दो महिलाओं के शव मिले।

### सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 23 की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी कोर्डोफन राज्य में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 23 नागरिक मारे गए है। एक अनौपचारिक कानूनी निकाय मशाद ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि आरएसएफ मिलिशिया ने उत्तरी कोर्डोफन राज्य के अल-राहद इलाके के कई गांवों में नरसंहार किया जिसमें कम से कम 23 नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। बयान में बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब आरएसएफ बल ने अल-रहाद शहर से आ रहे तथा उम रवाबा शहर के उत्तर में उम सिमाइमा गांव के साप्ताहिक बाजार की ओर जा रहे कई वाहनों को रोका और लोगों पर गोलियां चला दीं।

### चीन में कोयला खदान दुर्घटना में तीन की मौत

**ताइयुआन।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत की राजधानी ताइयुआन में एक कोयला खदान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना गत सात जुलाई की मध्यरात्रि को हुई जब किंगक्सू काउंटी में एक कोयला खदान में पानी भर गया। उस समय तीन खनिकों के वहां फंसे होने की सूचना मिली थी। काउंटी के प्रचार विभाग ने कहा कि रविवार शाम 6:10 बजे तक तीनों खनिकों के अवशेष बरामद किए गए।

# पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा

## इद्दत मामले में पार्टी प्रमुख को राहत मिलने के बाद की गई कार्रवाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले की घोषणा की है। पाकिस्तानी न्यूज़ पोर्टल डॉन की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर संघीय सरकार द्वारा प्रतिबंधों की घोषणा रणनीति के तहत हो सकती है, ताकि इस पार्टी को नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनने से रोका जा सके। यह घोषणा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षित सीटों के मामले में पीटीआई और इद्दत मामले में पार्टी प्रमुख को राहत दिए जाने के बाद की गई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शीर्ष अदालत और सांसदों द्वारा आरक्षित सीटों और पीटीआई से जुड़े सांसदों के निर्णयों पर नियोजित प्रतिबंध अभी निर्धारित नहीं किया गया है। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने इस्लामाबाद में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि अगर देश को आगे बढ़ना है तो वह पीटीआई के रहते ऐसा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि संविधान का अनुच्छेद 17 सरकार को राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है।

### खान की पार्टी ने प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को हताशा में उठाया गया कदम बताया

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उस पर प्रतिबंध लगाये जाने के सरकार के फैसले को लेकर सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पार्टी ने कहा कि यह कदम हताशा में उठाया गया है और संघीय प्रशासन में घबराहट का संकेत देता है। पाकिस्तान सरकार ने ऐलान किया है कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को प्रतिबंधित किया जाएगा और खान (71) एवं उनकी पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाएगा। खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी करार दिया गया है और वह अभी रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सूचना मंत्री द्वारा बताए गये कारणों में गोपनीय दस्तावेज लीक और चुनावी धांधली एवं राजनीति से प्रेरित मामलों पर अमेरिकी संसद का प्रस्ताव शामिल है। लेकिन इन मामलों में कोई दम नहीं है। पीएमएल-एन अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का नेतृत्व चिर प्रतिद्वंद्वी नवाज शरीफ कर रहे हैं और यह उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ नीत सत्तारूढ़ गठबंधन में बड़ा घटक दल है। खान की पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सीनेट सदस्य अली जफर ने जियो न्यूज से कहा कि संघीय सरकार हताशा में आकर पार्टी को प्रतिबंधित करने का प्रयास कर रही है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने आरक्षित सीटों के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिया है।

## पाकिस्तानी सेना की छावनी पर हमला 17 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के छावनी क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए हमले में कम से कम आठ सुरक्षाकर्मी और नौ नागरिक घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना प्रांत के बन्नू जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 4:45 बजे हुई। जहां एक आत्मघाती हमलावर ने छावनी के एक गेट पर सेना के तेल टर्मिनल के वाहन को टक्कर मार दी जबकि उसके तीन से चार साथी हथगोले फेंककर क्षेत्र में घुसने में सफल रहे।

सूत्रों ने बताया कि हमलावरों में से एक को सुरक्षा अधिकारियों ने मार गिराया है जबकि क्षेत्र में तलाशी और निकासी अभियान जारी है। आस-पास के घरों के टूटे शीशे से एक पुलिस अधिकारी समेत नागरिक घायल हो गए और उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया। सूत्रों ने कहा, घायल सैनिकों की सही संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन उनमें से एक अधिकारी समेत आठ को जिले के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में ओली ने ली शपथ

काठमांडू, एजेंसी

- ओली नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे

के.पी. शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और वह नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो हिमालयी देश में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना करेगी। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में पौडेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह आधे घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ। एक समाचार पोर्टल के अनुसार, पार्टी के भीतर विवाद के चलते नेपाली कांग्रेस सरकार में शामिल होने के लिए अपने मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने में विफल रही, जिसके कारण ही शपथ ग्रहण समारोह में देरी हुई। राष्ट्रपति ने दो उप प्रधानमंत्री, प्रकाश मान सिंह और बिष्णु पौडेल को भी शपथ दिलाई। इसके अलावा 19 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली।


काठमांडू में राष्ट्रपति निवास पर पद की शपथ के बाद नवनिर्वाचित केपी ओली (दाएं) को बधाई देते हुए निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल (बाएं)। • एजेंसी

## नेपाल बस हादसे में अभी तक 13 शव बरामद किए गए

**काठमांडू।** नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 13 शव बरामद किए हैं, जिनमें तीन भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बरामद किए गए 13 शवों में से तीन शव भारतीय नागरिकों के हैं तथा पांच की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

नेपाल के नवनियुक्त गृह मंत्री रमेश लेखक ने सोमवार को इस भयावह दुर्घटना पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक कार्य बल का गठन किया। अधिकारियों के अनुसार संयुक्त सचिव छवि रिजाल के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कार्य बल को दस दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।

बीरगंज से काठमांडू जा रही एक बस और काठमांडू से गौर जा रही एक अन्य बस के भारी भूस्खलन के कारण सिमलताल क्षेत्र में त्रिशूली नदी में गिर जाने से यह हादसा हुआ था। बसों में कुल 54 लोग सवार थे, जिनमें सात भारतीय नागरिक थे। हादसे के बाद 51 लोग लापता थे, जिनमें से अब तक 13 के शव बरामद किए जा चुके हैं।

## बाल मजदूरों को मुक्त कराने की याचिका पर जारी किया नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया, जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है, जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार सरंक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी।

# अस्पताल की लिफ्ट में दो दिन तक फंसा रहा शख्स

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दो लिफ्ट ऑपरेटर तथा एक ड्यूटी सर्जेंट को निलंबित कर दिया

केरल में तिरुवनंतपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 59 वर्षीय व्यक्ति दो दिन तक लिफ्ट के भीतर फंसा रहा लेकिन लिफ्ट के संचालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जब लिफ्ट को सोमवार सुबह नियमित कामकाज के लिए चालू किया गया, तब उसमें व्यक्ति के फंसे होने की जानकारी मिली। प्रशासन ने जिम्मेदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि उलूर निवासी रवींद्रन नायर शनिवार से यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज के ओपी ब्लॉक की लिफ्ट में फंसे हुए थे और जब लिफ्ट ऑपरेटर नियमित कामकाज के लिए लिफ्ट चालू करने आया तो उसने नायर को बाहर निकाला। नायर एक चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उन्हें विस्तृत चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया, वह पहली मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में चढ़े थे लेकिन उन्होंने दावा किया कि लिफ्ट नीचे आ गयी और खुली नहीं। वह मदद के लिए चिल्लाए लेकिन कोई नहीं आया। उनका फोन भी बंद था। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए हैं और इस संबंध में एक रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना के संबंध में तीन स्टाफ सदस्यों - दो लिफ्ट ऑपरेटर तथा एक ड्यूटी सर्जेंट को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह सामने आयी जब लिफ्ट ऑपरेटर ने नियमित कामकाज के लिए लिफ्ट चालू की।

## चीन और रूस का संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू

**बीजिंग।** चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का निर्णायक समर्थक बताया था।

चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया। यह अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है।

# भारत ने फिलिस्तीनियों के लिए 25 लाख डॉलर की पहली किस्त जारी की

रामल्ला, एजेंसी

भारत सरकार ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को वर्ष 2024-25 के लिए 50 लाख अमरीकी डॉलर के अपने वार्षिक योगदान के हिस्से के रूप में 25 लाख अमरीकी डॉलर की पहली किस्त जारी की है। यहां भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। पंजीकृत फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए 1950 से प्रत्यक्ष राहत और कार्य कार्यक्रम चला रहे यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में इजराइल-हमास युद्ध के बीच में भी अपने कामकाज को जारी रखने का प्रयास कर रहा है।

रामल्ला में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने एक्स पर अपने बयान में कहाः भारत सरकार ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को वर्ष 2024-25 के लिए 50 लाख अमरीकी डॉलर के अपने वार्षिक योगदान के हिस्से के रूप में 25 लाख अमरीकी डॉलर की पहली किस्त जारी की है। पिछले कुछ वर्षों में, फलस्तीनी शरणार्थियों और उनके कल्याण के समर्थन के अपने प्रयास में, भारत ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, राहत और सामाजिक सेवाओं सहित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए 2023-24 तक 3.5 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

### आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से लड़ना एससीओ की प्राथमिकता : जयशंकर

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए कहा है कि क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए आतंकी हमलों को अंजाम व बढ़ावा देने और इसका वित्तपोषण करने वालों की पहचान और दंडित करने की जरूरत है। हाल में अस्ताना की काजिनफॉर्म समाचार एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि तीन बुराइयों - आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद - के खिलाफ लड़ाई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में प्राथमिकता है। एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 24वीं बैठक 4 जुलाई को कजाक राजधानी अस्ताना में कजाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जयशंकर ने किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी सम्मेलन में शामिल हुए।

**खगोल विज्ञान** हमारे सौर मंडल का सर्वाधिक चर्चित पिंड है प्लूटो, 2006 में अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक में बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया था

# नई परिभाषा की संस्तुति के बाद हमारे सौर परिवार का नौवां ग्रह बनेगा प्लूटो

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** ग्रह की श्रेणी से बाहर किए जाने के बाद विवादों में रहा बौना ग्रह प्लूटो एक बार फिर चर्चाओं में है। ग्रहों को लेकर पुनः एक बार फिर नई परिभाषा गढ़ी गई है। जिसे अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की अगस्त में प्रस्तावित बैठक में रखा जाएगा। यदि नई परिभाषा को संस्तुति मिल जाएगी तो एक बार फिर हमारे सौर परिवार में ग्रहों की संख्या नौ हो जाएगी।

प्लूटो हमारे सौर मंडल का अभिन्न सदस्य है। खोज के बाद इसे सौर मंडल के नौवें ग्रह के रूप में पहचान मिली थी और ग्रह की श्रेणी में था। मगर 2006 में हुई अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक प्लूटो के लिए बुरी खबर लेकर आई और उसे ग्रह की जगह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। इस बैठक में ग्रह की परिभाषा बदल दी गई थी। जिस कारण प्लूटो के ग्रह की सदस्यता भंग कर दी गई। इस बैठक ने वैज्ञानिकों को दो वर्गों में विभाजित कर दिया और हमारे ग्रह नक्षत्रों की दुनिया में सर्वाधिक चर्चा का केंद्र बन गया। प्लूटो की खोज 18 फरवरी 1930 में हुई। अन्य ग्रहों की तरह प्लूटो भी सूर्य की परिक्रमा करता है। पृथ्वी के 247.68 वर्ष के बराबर इसका एक वर्ष होता है। यानी सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में बेहद लंबा समय तय करना पड़ता है। इसकी वजह सूर्य से बहुत अधिक दूरी है। जब यह सूर्य के करीब होता है तो दूरी 4.4 अरब किमी रह जाती है और जब दूर पहुचता है तो 7.4 अरब किमी होती है। जिस कारण इसे सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में लंबी यात्रा करनी पड़ती है। आकार में भी यह बहुत छोटा है, जो हमारे चंद्रमा का एक तिहाई है। कभी-कभी यह नेप्च्यून की कक्षा के भीतर पहुंच जाता है। इसके ग्रह की श्रेणी से बाहर करने की एक बड़ी वजह नेप्च्यून की कक्षा में प्रवेश करना रहा है। यह कुईपर बेल्ट में घिरे रहने वाले पिंडों के समान नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता है। माना जाता है कि प्लूटो सौर मंडल के अवशेष मलवे से बने चट्टान का पिंड है। प्लूटो को नग्न आंखों से नही देखा जा सकता है। सूर्य की रोशनी को प्लूटो तक पहुंचने में पांच घंटे से भी अधिक समय लग जाता है। बहरहाल अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक में प्लूटो को ग्रह की श्रेणी के पक्षधर वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लूटो को अवश्य ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया जाएगा।


सौर मंडल की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### जीवन की कोई संभावना नहीं

प्लूटो पर जीवन की कोई संभावना नजर नहीं आती है। क्रूइशांक विश्वविद्यालय सेंट्रल फ्लोरिडा के वैज्ञानिकों ने प्लूटो पर शोध करके यह जानकारी दी है। प्लूटो की धुरी 120 डिग्री पर झुकी हुई है। जिस कारण सूर्य की परिक्रमा करते समय इसकी जलवायु में परिवर्तन देखने को मिलता है। जिसमें मिथेन की बर्फ इसके वायुमंडल में हाइड्रोकार्बन की धुंध में बदल जाती है और बर्फ के रूप में बरसकर इसकी सतह को ढक देता है। प्लूटो में अभी कई रहस्य छिपे हुए हैं। जिनका भविष्य में खुलासा होना बाकी है।

### अशुभ माना इसलिए नाम प्लूटो

यूनानी रोमन आख्यानों के अनुसार प्लूटो को मृत्युलोक का देवता माना जाता है। जहां हमेशा घना अंधेरा रहता है। वहीं हमारी पौराणिक कथाओं में प्लूटो को यमराज माना जाता है। इसलिए इस प्लूटो को भारतीयों ने यम कहना शुरू कर दिया। खगोलविदों अनुसार यहां सूर्य की किरणें नहीं पहुँचती थीं, जिस कारण यहां अंधेरा रहता था इसलिए उन्होंने भी इसका नाम प्लूटो पसन्द किया। वहीं खगोलविद परसिवल लावेल के नाम के अक्षर पी व एल को आधार मानकर भी इसे प्लूटो की संज्ञा दी गई।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आश्रय दे सकने वाली गुफा की पुष्टि की

**केप कैनावेरल (अमेरिका)।** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक गुफा होने की पुष्टि की है, जो उस स्थान से ज्यादा दूर नहीं है जहां 55 वर्ष पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, वहां सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं जिनमें भविष्य में अंतरिक्ष यात्री आश्रय ले सकते हैं। इतालवी वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक टीम ने सोमवार को बताया कि चंद्रमा पर एक बड़ी गुफा होने के सबूत मिले हैं। यह अपोलो 11 के लैंडिंग स्थल से महज 250 मील (400 किलोमीटर) दूर सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी में स्थित है। यह गड्ढा, वहां खोजे गए 200 से अधिक अन्य गड्ढों की तरह, एक लावा ट्यूब के ढहने से बना था।